Follow us on: @TheDailyPioneer facebook.com/dailypioneer instagram.com/dailypioneer/

# पायनियर

Established 1865

रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

www.dailypioneer.com

RNI NO. CHHHIN/2016/70655
वर्ष-09, अंक-201
रायपुर, गुरुवार 13 मार्च 2025
पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 3.00

## क्विक न्यूज

### शारीरिक चुनौतियों के बावजूद दृढ निश्चय और इच्छाशक्ति के प्रतीक हैं कमांडर रंजन

**नयी दिल्ली।** नौसेना के कमांडर आयुष रंजन वास्तव में एक सच्चे नौसैनिक योद्धा हैं जिन्होंने कैंसर के कारण एक पैर गंवाने के बावजूद




अपने दृढ निश्चय और इच्छाशक्ति से बीमारी को हावी नहीं होने दिया तथा अपने लक्ष्यों पर ध्यान केन्द्रीत रखा। नौसेना के प्रवक्ता ने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर कमांडर रंजन की कहानी साझा करते हुए लिखा है कि शारीरिक चुनौतियों का सामना करने के बावजूद, उनका दृढ़ संकल्प अटल रहा। उन्होंने कैंसर से बेजोड़ साहस के साथ लड़ते हुए कभी अपनी बीमारी को खुद पर हावी नहीं होने दिया।

### 'आप' ने प्रदर्शन कर होली पर मुफ्त सिलेंडर देने के वादे को पूरा करने की माँग की



**नयी दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने राष्ट्रीय राजधानी के कई जगहों पर प्रदर्शन कर भारतीय जनता पार्टी से होली पर मुफ्त सिलेंडर देने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वादे को पूरा करने की मांग की। 'आप' के वरिष्ठ नेता एवं नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने कहा कि भाजपा और प्रधानमंत्री मोदी ने चुनाव से पहले दिल्ली की महिलाओं से कई वादे किए थे। भाजपा का महिलाओं को 08 मार्च तक 2500 रुपए देने का वादा तो जुमला और धोखा साबित हो गया। प्रधानमंत्री ने होली-दिवाली पर हर महिला को एक मुफ्त सिलेंडर देने का दूसरा वादा किया था।

### औद्योगिक उत्पादन वृद्धि जनवरी में रही पांच प्रतिशत, विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर 5.5 प्रतिशत

**नयी दिल्ली।** औद्योगिक उत्पादन सूचकांक के आधार पर जनवरी, 2025 में देश का औद्योगिक उत्पादन एक साल पहले इसी माह की तुलना में पांच प्रतिशत बढ़ा। पिछले वर्ष जनवरी में औद्योगिक उत्पादन वृद्धि 4.2 प्रतिशत थी और दिसंबर 2024 में वृद्धि सालाना आधार पर 3.5 प्रतिशत थी। सरकार द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार चालू वित्त वर्ष 2024-25 की अप्रैल-जनवरी के दस माह की अवधि के संचयी औद्योगिक उत्पादन में वृद्धि पिछले वित्त वर्ष 2023-24 की इसी अवधि के छह प्रतिशत की तुलना में 4.2 प्रतिशत रही। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने एक विज्ञप्ति में कहा कि विनिर्माण क्षेत्र का उत्पादन जनवरी में 5.5 प्रतिशत की दर से बढ़ा जबकि पिछले वर्ष जनवरी में इस क्षेत्र में वृद्धि दर 3.6 प्रतिशत थी।

# मॉरीशस ने राष्ट्रीय दिवस समारोह में पीएम मोदी को दिया सर्वोच्च नागरिक सम्मान

एजेंसी < पोर्ट लुई
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मॉरीशस गणराज्य के 57 वें राष्ट्रीय दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए जहां उन्हें देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से अलंकृत किया गया। समारोह के दौरान, मॉरीशस गणराज्य के राष्ट्रपति धर्मबीर गोकुल ने प्रधानमंत्री पीएम मोदी को मॉरीशस के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ग्रैंड कमांडर ऑफद ऑर्डर ऑफद स्टार एंड की ऑफ द इंडियन ओशन (जी.सी.एस.के) अवार्ड से सम्मानित किया। यह पहली बार किसी भारतीय नेता को मॉरीशस ने यह सम्मान प्रदान किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने इस पुरस्कार को भारत और मॉरीशस के बीच विशेष मित्रता और भारत के 1.4 अरब लोगों और मॉरीशस में उनके 13



लाख भाइयों और बहनों को समर्पित किया। उन्होंने कहा, मॉरीशस के सर्वोच्च राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त करने पर मैं बहुत सम्मानित महसूस कर रहा हूं और मैं आभारी हूँ। यह सिर्फ़ मेरा सम्मान नहीं है, यह भारत के 1.4 अरब लोगों का सम्मान है। यह भारत और मॉरीशस के बीच सदियों पुराने सांस्कृतिक और ऐतिहासिक संबंधों के प्रति श्रद्धांजलि है। राष्ट्रीय दिवस समारोह के दौरान, भारतीय नौसेना की एक मार्चिंग टुकड़ी ने परेड में भाग लिया। राष्ट्रीय दिवस समारोह के साथ मेल खाने के लिए एक भारतीय नौसेना के जहाज भी सद्भावना यात्रा पर पोर्ट लुई पहुंचा था।

### मॉरीशस की संसद का नया भवन बनाने की पेशकश की मोदी ने

भारत एवं मॉरीशस ने अपने द्विपक्षीय संबंधों को 'विस्तारित रणनीतिक साझीदारी' का दर्जा देने के साथ स्थानीय मुद्राओं में कारोबार करने एवं आर्थिक अपराधियों को पकड़ने सहित आठ क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के करारों पर हस्ताक्षर किये और भारत ने उपहार के रूप में मॉरीशस की संसद के नये भवन का निर्माण कराने की घोषणा की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम के बीच प्रतिनिधिमंडल स्तर की द्विपक्षीय बैठक के बाद दोनों प्रधानमंत्रियों की उपस्थिति में दोनों देशों के बीच इन समझौतों पर हस्ताक्षर के बाद आदान-प्रदान किया गया। दोनों नेताओं ने अटल बिहारी वाजपेयी लोकसेवा एवं नवान्वेषण संस्थान, केप मल्हेरो में मॉरीशस क्षेत्रीय स्वास्थ्य केन्द्र तथा 20 अन्य सामुदायिक परियोजनाओं का संयुक्त रूप से उद्घाटन किया जिन पर कुल 35.2 करोड़ मौरिशियन रुपए (6.63 करोड़ भारतीय रुपए) की लागत आयी है। इसके अलावा भारत ने मॉरीशस को सैंट ब्रेंडन द्वीप के नौवहन चार्ट को सौंपा जिसे भारतीय नौसैनिक पोत ने हाइड्रोग्राफी सर्वेक्षण के बाद तैयार किया है। भारत और मॉरीशस ने जिन आठ सहमति पत्रों पर हस्ताक्षर किए हैं, उनमें स्थानीय मुद्रा निपटान प्रणाली पर मॉरीशस के केंद्रीय बैंक और भारतीय रिजर्व बैंक के बीच सहमति पत्र, पाइप प्रतिस्थापन कार्यक्रम के तहत केंद्रीय जल प्राधिकरण द्वारा कार्यान्वित की जा रही परियोजनाओं को वित्तपोषित करने के लिए मॉरीशस सरकार और भारतीय स्टेट बैंक के बीच ऋण सुविधा समझौते पर सहमति पत्र, राजनयिकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम पर भारतीय विदेश सेवा संस्थान और मॉरीशस के विदेश मामलों, क्षेत्रीय एकीकरण और अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मंत्रालय के बीच सहमति पत्र, भारतीय नौसेना और मॉरीशस पुलिस बल के बीच व्हाइट शिपिंग सूचना के आदान-प्रदान पर तकनीकी समझौता, मॉरीशस के वित्तीय अपराध आयोग और भारत के प्रवर्तन निदेशालय के बीच समझौता ज्ञापन, मॉरीशस के उद्योग एसएमई और सहकारिता मंत्रालय और भारत के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय के बीच सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम के क्षेत्र में सहयोग पर समझौता ज्ञापन।

## दक्षिण पूर्व एशिया के साइबर अपराध केंद्रों से बचाए गए 266 भारतीय हुए वापस



पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

म्यांमार के साइबर अपराध केंद्रों से बचाए गए 283 भारतीयों को वापस भेजने के बाद भारत सरकार ने 266 और भारतीय नागरिकों को भारत भेज दिया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि म्यांमार और थाईलैंड स्थित भारतीय दूतावासों ने साइबर अपराध केंद्रों में फंसे भारतीयों की रिहाई सुनिश्चित करने के लिए संबंधित सरकारों के साथ मिलकर काम किया और उनके प्रत्यावर्तन की सुविधा प्रदान की। यान में कहा गया कि भारत सरकार ने कल भारतीय वायुसेना के विमान द्वारा 266 भारतीयों की सुरक्षित वापसी की व्यवस्था की, जिन्हें दक्षिण पूर्व एशिया के साइबर अपराध केंद्रों से रिहा कराया गया था। इसने कहा कि सोमवार को इसी तरह 283 भारतीयों को वापस भेजा गया। भारतीय दूतावासों ने उनकी रिहाई सुनिश्चित करने और उनके प्रत्यावर्तन को सुविधाजनक बनाने के लिए म्यांमार और थाईलैंड सरकारों के साथ मिलकर काम किया।

## हाइजैक जाफर एक्सप्रेस से 155 यात्री बचाए गए, 27 आतंकवादी मारे गए

एजेंसी < इस्लामाबाद
www.dailypioneer.com



पाकिस्तान में बलूचिस्तान के बोलन जिले में आतंकवादियों द्वारा जाफर एक्सप्रेस यात्रियों को हाइजैक करने के बाद सुरक्षा बलों ने बड़े पैमाने पर अभियान चलाया, जिसमें कम से कम 27 आतंकवादी मारे गए और 155 यात्रियों को बचा लिया गया। यह जानकारी मीडिया रिपोर्टों में बुधवार को प्राप्त हुई जियो न्यूज ने सुरक्षा सूत्रों के हवाले से अपनी रिपोर्ट में कहा कि नौ बोगियों में 400 से अधिक यात्रियों को लेकर यह ट्रेन क्वेटा से खैबर पख्तूनख्वा के पेशावर जा रही थी, तभी उस पर हमला हुआ। सुरक्षा सूत्रों ने कहा कि शेष बंधकों को बचाने के लिए सुरक्षा बल अभियान चला हैं। उन्होंने कहा कि आतंकवादी, जिनमें से कुछ आत्मघाती जैकेट पहने हुए हैं, यात्रियों को मानव ढाल के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं। सूत्रों ने कहा बंधकों के होने के कारण, सुरक्षा बल अत्यधिक सतर्कता के साथ आगे बढ़ रहे हैं।

## तेलक्षेत्र संशोधन विधेयक को संसद ने किया मंजूर

**नयी दिल्ली।** संसद ने पेट्रोलियम संचालन को मजबूत करने और समग्र ऊर्जा परियोजनाओं के विकास के लक्ष्य वाले तेलक्षेत्र (विनियमन तथा



विकास) संशोधन विधेयक, 2024 को मंजूरी प्रदान की। लोकसभा में दो घंटे तक चर्चा और केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी के जवाब के बाद सदन ने तेलक्षेत्र (विनियमन तथा विकास) संशोधन विधेयक, 2024 को ध्वनिमत से पारित कर दिया। राज्यसभा में इस विधेयक को पहले ही पारित किया जा चुका है।

## कश्मीरी प्रतिनिधिमंडल ने की रेखा गुप्ता से मुलाकात

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



कश्मीरी समिति दिल्ली के अध्यक्ष सुमीर चुंगू के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से मुलाकात करके तहबजारी दुकानों और अन्य मुद्दों पर चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से तहबजारी दुकानों के बंदोबस्त और अप्रैल 2024 से रोकी गई आर्थिक सहायता (राहत) जारी करने जैसे प्रमुख मुद्दों पर उनसे चर्चा की। उन्हें तहबाजारी दुकान मालिकों के सामने आने वाली चुनौतियों से अवगत कराया और आर्थिक सहायता (राहत) को समय पर जारी करने की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया। गुप्ता ने प्रतिनिधिमंडल द्वारा उठाई गई चिंताओं को ध्यान से सुना और यहां सचिवालय में जल्द ही एक बैठक बुलाकर त्वरित समाधान करने के लिए प्रतिबद्धता व्यक्त की।

# भारतमाला प्रोजेक्ट पर सदन में हंगामा महंत ने की सीबीआई जांच की मांग

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने भारतमाला प्रोजेक्ट में अनियमितताओं को लेकर सवाल उठाया, जिस पर राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने गड़बड़ी स्वीकार की। महंत ने इस मामले की जांच सीबीआई से कराने की मांग की, जिसे लेकर सदन में तीखी बहस हुई। डॉ. महंत ने सदन में 32 प्लॉटों को 247 टुकड़ों में बांटे जाने पर प्रश्न उठाया। मंत्री टंकराम वर्मा ने बताया कि रायपुर कलेक्टर के जांच प्रतिवेदन में अनियमितताएं सामने आई हैं। नायकबांधा क्षेत्र में 13 खसरों को 53 प्लॉटों में विभाजित कर फर्जी नामांतरण से शासन को नुकसान पहुंचाया गया। इस मामले में नायब तहसीलदार और तीन पटवारियों को निलंबित कर दिया गया है, जबकि तत्कालीन तहसीलदार अभनपुर पर भी कार्रवाई की जा रही है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि जांच में किसी भी प्रकार की ढील नहीं बरती जाएगी। उन्होंने कांग्रेस




### जो भी दोषी पाए जाएंगे उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी : मुख्यमंत्री

मामले पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय बड़ा बयान देते हुए कहा- जांच में कहीं



हीलाहवाला नहीं किया जाएगा। कांग्रेस सरकार ने तो छत्तीसगढ़ में सीबीआई को बैन किया था। नेता प्रतिपक्ष ने विधायकों की समिति बनाकर जांच की मांग की। मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा- कमिश्नर से मामले की जांच कराई जाएगी। कमिश्नर की जांच से असंतुष्ट विपक्ष ने सीबीआई जांच की मांग को लेकर तीखी बहस की। मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा- अफसर निलंबित हुए हैं। जो भी दोषी पाए जाएंगे उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।

सरकार पर सीबीआई को प्रतिबंधित करने का आरोप लगाया। नेता प्रतिपक्ष ने जांच के लिए विधायकों की समिति बनाने की मांग की, लेकिन मंत्री टंकराम वर्मा ने कमिश्नर जांच का आश्वासन दिया। इससे असंतुष्ट विपक्ष ने सीबीआई जांच की मांग को लेकर बहस की। मंत्री वर्मा ने सदन में स्वीकार किया कि भारतमाला परियोजना में गड़बड़ी हुई है। अधिसूचना के बाद रकबे को टुकड़ों में बांटा गया और ट्रस्ट की भूमि का दोबारा अधिग्रहण कर ट्रस्ट के ही व्यक्ति को मुआवजा दिया गया।

## होली से पहले योगी ने 1.86 करोड़ परिवारों को दिया तोहफा

पायनियर संवाददाता < लखनऊ
www.dailypioneer.com



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने होली से ठीक पहले प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत राज्य के 1.86 करोड़ पात्र परिवारों को गैस सिलेंडर रिफिल के लिए 1890 करोड़ रुपये की सब्सिडी वितरित की। मुख्यमंत्री ने योजना का शुभारंभ लोकभवन सभागार में बटन दबाकर किया। इस दौरान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए प्रदेश के सभी जिलों के प्रभारी मंत्रियों ने भी कार्यक्रम में हिस्सा लिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले जहां गैस कनेक्शन के लिए घूस देना पड़ता था, वहीं अब देश में 10 करोड़ परिवारों को ये सुविधा फ्री में उपलब्ध कराई गई है। इसके साथ ही होली दीपावली पर गैस सिलेंडर भी मुफ्त दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस बार होली और रमजान एक साथ है, तो सभी लोगों को इस योजना का फायदा मिलेगा। योगी आदित्यनाथ ने अपने संबोधन में कहा कि उज्ज्वला योजना को 2016 में शुरू किया गया था, जिसके तहत देशभर में 10 करोड़ परिवारों को मुफ्त रसोई गैस कनेक्शन मिले। उत्तर प्रदेश में करीब 2 करोड़ लोग इस योजना से लाभान्वित हुए हैं। उन्होंने कहा कि 2021 के चुनाव में हमने वादा किया था कि 2022 में सरकार बनने पर होली और दीपावाली पर मुफ्त गैस सिलेंडर दिया जाएगा। तब से हर साल यह योजना चल रही है ताकि लोग पर्व और त्योहार अच्छे से मना सकें। इस बार होली और रमजान दोनों साथ हैं, इसलिए सभी को इसका लाभ मिलेगा, उन्होने कहा कि 2017 से पहले एक गैस कनेक्शन के लिए 25-30 हजार रुपये की घूस देनी पड़ती थी।

## सुरक्षा चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए तेजी से क्षमता बढ़ाने की जरूरत : वायु सेना प्रमुख

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल ए पी सिंह ने बदलते भू-रणनीतिक परिदृश्य में उभरती सुरक्षा चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए तेजी से क्षमता बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया है। वायु सेना ने एक बयान में कहा कि एयर चीफ मार्शल रक्षा सेवा स्टाफ कॉलेज वेलिंगटन में स्थायी संकाय के साथ 80वें स्टाफ कोर्स में भाग ले रहे भारतीय सशस्त्र बलों के छात्र अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। एयर चीफ मार्शल एपी सिंह कोर्स अधिकारियों से बदलाव को अपनाने, उभरते खतरों का गंभीरता से आकलन करने और भविष्य के संघर्षों के लिए अनुकूल रणनीति तैयार करने का आग्रह किया। संयुक्त कौशल के महत्व पर बल देते हुए उन्होंने युद्ध प्रभावशीलता को बढ़ाने के लिए तीनो सेनाओं के बीच एकीकृत प्रशिक्षण और परिचालन तालमेल की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने ने भारतीय वायु सेना की क्षमता विकास पहलों और आधुनिक युद्ध में एकीकृत संचालन के महत्व पर एक रणनीतिक दृष्टिकोण प्रदान किया। उन्होंने भारत के राष्ट्रीय हितों की रक्षा में वायुसेना कर्मियों की उपलब्धियों, लचीलेपन और अटूट प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। अपनी यात्रा के दौरान वायु सेना प्रमुख को प्रशिक्षण गतिविधियों और सशस्त्र बलों के बीच संयुक्त कौशल को बढ़ावा देने पर इसके महत्व के बारे में भी जानकारी दी गई, जो आधुनिक सैन्य तैयारियों का एक प्रमुख पहलू है। उन्होंने कठोर शैक्षणिक और पेशेवर प्रशिक्षण के माध्यम से भविष्य के सैन्य नेतृत्व को आकार देने में संस्थान की भूमिका की सराहना की। वायु सेना प्रमुख की इस यात्रा ने संयुक्त परिचालन क्षमताओं को बढ़ाने और अंतर-सेवा सहयोग को मजबूत करने के लिए वायुसेना की प्रतिबद्धता की पुष्टि की, जिससे भविष्य की चुनौतियों के लिए एक अच्छी तरह से तैयार नेतृत्व सुनिश्चित हो सके।

### विधानसभा अध्यक्ष, मुख्यमंत्री, नेता प्रतिपक्ष सहित सभी विधायकों ने खेली होली

# विधानसभा परिसर में होली मिलन समारोह उल्लास एवं उमंग के साथ मनाया गया



पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ विधानसभा परिसर में विधायक क्लब एवं संस्कृति विभाग, छत्तीसगढ़ शासन के तत्वाधान में ''होली मिलन समारोह'' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, मंत्रीगण, विधायकगण, विधानसभा के सचिव दिनेश शर्मा, मीडिया के प्रतिनिधि एवं विधानसभा सचिवालय के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित थे। होली मिलन समारोह के अवसर पर कार्यक्रम स्थल में फाग गायन एवं हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस फाग गीत दल में राकेश तिवारी एवं साथियों द्वारा फाग गीत एवं पद्मश्री डॉ. सुरेन्द्र दुबे द्वारा हास्य कविता प्रस्तुति की गयी तथा उपस्थित जनों का भरपूर मनोरंजन किया। होली मिलन समारोह में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रदेश वासियों को होली की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मंत्री टंक राम वर्मा, सदस्य अनुज शर्मा, कुँवर निषाद, दिलीप लहरिया सदस्य चातुरी नंद ने होली के उमंग एवं उल्लास में अपने नृत्य एवं गायन के माध्यम से अपनी विभिन्न प्रस्तुतियां दी। मंत्रियों, विधायकों एवं उपस्थित जनों ने एक दूसरे को रंग एवं गुलाल लगाकर होली की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। अंत में संसदीय कार्य मंत्री केदार कश्यप ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

## मेडागास्कर के संसदीय शिष्टमंडल ने संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही देखी

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



मेडागास्कर की नेशनल असेंबली के अध्यक्ष जस्टिन टोकेली के नेतृत्व में भारत यात्रा पर आये वहां के एक संसदीय शिष्टमंडल ने भारत की संसद कार्यप्रणाली के काम-काज के तरीकों की जानकारी ली तथा लोकसभा और राज्यसभा दोनों सदनों में चल रही बजट सत्र की कार्यवाही देखी। लोक सभा में सदन की कार्यवाही शुरू होने पर अध्यक्ष ओम बिरला ने सदस्यों को जानकारी दी कि मेडागास्कर का संसदीय शिष्टमंडल सदन की कार्यवाही देखने के लिए विशिष्ट दीर्घा से उपस्थित है। उन्होंने कहा, 'हमारे सदन की विशिष्ट दीर्घा में मेडागास्कर की नेशनल असेंबली के अध्यक्ष जस्टिन टोकेली के नेतृत्व में मेडागास्कर का संसदीय शिष्टमंडल उपस्थित है।'' मेडागास्कर के संसदीय शिष्टमंडल के सदस्य बिरला के साथ अलग से एक बैठक में भी शामिल हुए और उनके साथ भारत की संसदीय प्रणाली के बारे में चर्चा की। राज्यसभा में उपसभापति हरिवंश ने मेडागास्कर से आये अतिथि सांसदों के कार्यवाही देखने के लिए विशिष्ट दीर्घा में उपस्थित के बारे में सदन को जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि भारत और मेडागास्कर के बीच ऐतिहासिक रूप से मजबूत संबंध हैं।

## वित्त वर्ष 2025-26 के लिए वार्षिक बजट पेश, 4. 21 लाख करोड़ रुपए का प्रावधान

पायनियर संवाददाता < भोपाल
www.dailypioneer.com



मध्यप्रदेश के उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने विधानसभा में वित्त वर्ष 2025 26 के लिए वार्षिक बजट पेश किया, जिसमें चार लाख 21 हजार करोड़ रुपयों से अधिक का प्रावधान है। यह राशि पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 15 प्रतिशत अधिक है और किसी नए कर का प्रावधान नहीं किया गया है। वित्त मंत्री देवड़ा ने लगभग डेढ़ घंटे के बजट भाषण में कहा कि विकसित मध्यप्रदेश के लक्ष्य के साथ इस बजट को तैयार किया गया है और इस बार बजट में प्रावधानित राशि पहली बार चार लाख करोड़ रुपयों को पार कर गयी है। वित्त वर्ष 2024 25 में लगभग साढ़े तीन लाख करोड़ रुपए के बजट का प्रावधान था। देवड़ा ने कहा कि बजट में नए कर का प्रावधान नहीं किया गया है। तीन लाख रोजगार के अवसर मुहैया कराने के प्रयास भी इस बजट में किए गए हैं। उन्होंने कहा कि बजट गरीब, युवा, किसान और महिलाओं (ज्ञान) के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखकर बनाया गया है। इन्हीं को केंद्र में रखकर विभिन्न योजनाओं में बजट प्रावधान किए गए हैं। सरकार ने पूर्व से संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं को जारी रखते हुए उनकी बजट राशि बढ़ाने का प्रावधान किया है। शिक्षा, स्वास्थ्य, शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए विभिन्न योजनाओं, खेल और सामाजिक विकास से जुड़ी योजनाओं के लिए भी अनेक बजट प्रावधान किए गए हैं।

# भारत में रबी 2024-25 के लिए 115.2 लाख टन रेपसीड-सरसों उत्पादन का अनुमान

एजेंसी < जयपुर
www.dailypioneer.com



भारत में रबी 2024-25 के लिए 115.2 लाख टन रेपसीड-सरसों उत्पादन का अनुमान हैं जो पिछले साल से 2.5 प्रतिशत की गिरावट के संकेत है। सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इण्डिया (एसईए) के रबी 2024-25 सीजन के लिए रेपसीड-सरसों के रकबे और उत्पादन अनुमानों पर पेश किए गए सर्वेक्षण में जानकारी दी गई। मीडिया को यहां यह दी गई जानकारी में एसईए के क्षेत्र सर्वेक्षण और सैटश्योर के उपग्रह-संचालित पूर्वानुमान विश्लेषण के आधार पर इस सीजन में सरसों का कुल रकबा 92.15 लाख हेक्टेयर होने का अनुमान है, जिसमें 115.2 लाख टन उत्पादन होने का अनुमान है। इन निष्कर्षों से पता चलता है कि सरकार के 89.30 लाख हेक्टेयर के अनुमान की तुलना में रकबे में मामूली वृद्धि हुई है लेकिन पिछले साल के 100.5 लाख हेक्टेयर से 11.1 प्रतिशत की गिरावट का संकेत मिलता है। एसईए के अध्यक्ष संजीव अस्थाना ने बताया कि पिछले कुछ वर्षों में भारत दुनिया का सबसे बड़ा ईडेबल ऑयल इम्पोर्टर बनकर उभरा है, जिससे इसके खजाने के साथ ही किसानों की आय पर भी गंभीर दबाव पड़ा है। एक जिम्मेदार और शीर्ष उद्योग निकाय के रूप में, एसईए ने तिलहन की घरेलू उपलब्धता बढ़ाने के लिए कई इनिशिटिव किए हैं। इनमें से एक 'मॉडल मस्टर्ड फार्म प्रोजेक्ट' है जो कि वर्ष 2020-21 से लागू की जा रही है, जिसका मकसद वर्ष 2029-30 तक भारत के रेपसीड सरसों के उत्पादन को 200 लाख टन तक बढ़ाना है। इस मौके पर एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर डा बी वी मेहता ने बताया कि सरसों के लिए मौजूदा एमएसपी 5950 रुपये प्रति क्विंटल है। सरसों की कीमत पहले ही एमएसपी को छू चुकी है और आवक के दबाव के साथ इसके नीचे जाने की संभावना है। सरकार को किसानों की सुरक्षा के लिए एमएसपी पर खरीद के लिए नैफेड और अन्य एजेंसियों को तैयार करना चाहिए। एसईए रेप मस्टर्ड प्रमोशन काउंसिल के अध्यक्ष विजय डाटा ने कहा कि इन ठोस प्रयासों के परिणामस्वरूप अनुकूल मौसम और सरसों के बीज की कीमत के साथ, भारत ने सरसों के उत्पादन में साल दर साल उल्लेखनीय वृद्धि देखी है जो वर्ष 2020-21 में लगभग 86 लाख टन थी और वर्ष 2023-24 में सरसों का उत्पादन अब तक का सबसे अधिक 115.8 लाख टन दर्ज किया गया। 2024-25 के लिए रेपसीड/सरसों का रकबा लगभग 92.15 लाख हेक्टेयर है और अनुमानित उत्पादन लगभग 115.2 लाख टन होने का अनुमान है। सैटस्योर के कुमारजीत मौमदार ने बताया कि एसईए ने फसल क्षेत्र के आकलन में उच्चतम स्तर की सटीकता के लिए दो दौर के व्यापक फसल सर्वेक्षण, रिमोट सेंसिंग विश्लेषण के माध्यम से सर्वेक्षण के लिए सैटस्योर एनाल्यूटिक्स इण्डिया प्राइवेट लिमिटेड को शामिल किया है। परियोजना के परिणाम के बारे में बताते हुए ने उन्होंने बताया कि सर्वेक्षण में बुवाई से लेकर कटाई तक किसानों के साथ लगातार बातचीत भी शामिल थी ताकि सभी कृषि पद्धतियों के प्रभाव को सुनिश्चित किया जा सके, इनपुट का चयन किया जा सके और अंतिम अनुमान पर पहुंचने के लिए मौसम पर विचार किया जा सके। कुल आठ राज्यों जैसे असम, गुजरात, हरियाणा, झारखण्ड, मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल का सर्वेक्षण किया गया। आठ प्रमुख राज्यों के प्राथमिक सर्वेक्षण और शेष राज्यों के द्वितीयक सर्वेक्षण के आधार पर वर्ष 2024-25 के लिए भारत का रेपसीड-सरसों का रकबा 92.15 लाख हेक्टेयर होने का अनुमान है जबकि सरकार का अनुमान 89.30 लाख हेक्टेयर है। मौमदार ने बताया कि सबसे बड़े सरसों उत्पादक राज्य राजस्थान में 34.74 लाख हेक्टेयर में सरसों की खेती होने का अनुमान है, जिसमें 52.45 लाख टन उत्पादन होने का अनुमान है। मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश में क्रमशः 14.86 लाख हेक्टेयर और 14.23 लाख हेक्टेयर में खेती होने की उम्मीद है जो राष्ट्रीय उत्पादन में महत्वपूर्ण योगदान देगा। हरियाणा में 7.14 लाख हेक्टेयर में सरसों की खेती होने का अनुमान है, जिसमें 12.58 लाख टन उत्पादन होने का अनुमान है। पश्चिम बंगाल, झारखंड, असम और गुजरात सहित अन्य प्रमुख सरसों उत्पादक राज्यों में मामूली वृद्धि के साथ स्थिर क्षेत्रफल दिखा है। डा मेहता ने स्पष्ट किया कि एसईए इस बात पर जोर देता है कि यह अनुमान और अवलोकन विकसित कृषि संबंधी स्थितियों, वास्तविक समय के रिमोट सेंसिंग आकलन और आगे की एनेलेस्टिक इनसाइट के आधार पर संशोधन के अधीन हैं। मौसम के बढ़ने के साथ अपडेट एकड़ और फसल रिपोर्ट प्रदान की जाएगी।

# गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी के सर्वांगीण विकास का बजट : शुक्ला

एजेंसी < भोपाल
www.dailypioneer.com



मध्यप्रदेश के नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला ने कहा है कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश की विधानसभा में प्रस्तुत किया गया बजट प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के गरीब युवा, अन्नदाता और नारी (जीवायएएन) पर ध्यान के मंत्र पर फोकस के साथ ही धर्म और अध्यात्म की धरोहर को संरक्षित करने वाला है। शुक्ला ने बजट में नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए अटल गृह ज्योति योजना के अंतर्गत 7132 करोड़ रुपए एवं कृषक मित्र सूर्य योजना के अंतर्गत 447 करोड़ रुपए का प्रवाधान किये जाने पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि इन प्रावधानों से किसान और आम नागरिक अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए आत्मनिर्भर बनेंगे। परिणामस्वरूप वर्ष 2047 तक जीरो कार्बन उत्सर्जन और ग्रीन ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में भारत को विश्व का अग्रणी राष्ट्र बनाने के प्रधानमंत्री मोदी के लक्ष्य की प्राप्ति में मध्यप्रदेश महत्वपूर्ण योगदान कर सकेगा। उन्होंने कहा कि बजट में श्रीकृष्ण पाथेय योजना के साथ श्री राम पथ गमन योजना के लिए भी समुचित राशि का प्रावधान किया गया है। उन्होंने प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में सर्व-सुविधायुक्त वैचारिक अध्ययन केंद्र के रूप में गीता भवन बनाए जाने के मुख्यमंत्री डॉ. यादव के निर्णय का भी स्वागत किया है। शुक्ला ने कहा कि इस बजट में फिर एक बार सरकार ने जनता पर बिना कोई कर लगाए बजट राशि को बढ़ाया है। उन्होंने आशा व्यक्त की है कि यह बजट आने वाले वर्षों में समृद्ध मध्यप्रदेश के साथ विकसित भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगा।

# नगर निगम ग्रेटर जयपुर में 15 मार्च से आयोजित करेगा शक्ति वंदन महोत्सव

एजेंसी < जयपुर
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत एवं विकसित भारत के सपने को साकार करने तथा प्रतिभाओं को अवसर देने के उद्देश्य से जयपुर नगर निगम ग्रेटर राजधानी जयपुर में 15 मार्च से महिलाओं द्वारा महिलाओं के लिये महिलाओं को समर्पित तीन दिवसीय शक्ति वंदन महोत्सव आयोजित करेगा। नगर निगम ग्रेटर की महापौर सौम्या गुर्जर ने मीडिया को यह जानकारी दी। गुर्जर ने बताया कि 15 से 17 मार्च तक यह कार्यक्रम जवाहर कला केन्द्र में आयोजित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि नगर निगम ग्रेटर द्वारा गत वर्ष भी दो से चार मार्च को शक्ति वंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया था। जिसमें भी कई कीर्तिमान बनाये गये थे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में 'कैंसर हारेगा भारत जीतेगा'' की तर्ज पर स्वच्छता योद्धाओं की बालिकाओं को निःशुल्क सर्वाइकल कैंसर टीकाकरण भी किया जाएगा। महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर भी लगाए जाएंगे। लखपति दीदी योजना के तहत चैक भी वितरित किये जायेगे। कला, संस्कृति, शिक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली महिलाओं को अहिल्याबाई होल्कर अवार्ड से नवाजा जाएगा। उन्होंने बताया कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने तथा स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'वोकल फॉर लोकल' के तहत 300 स्टॉल लगायी जायेगी। हर स्टॉल की प्रतिनिधि महिला ही होगी। साथ ही विलुप्त होती कलाओं को भी स्थान दिया जाएगा जिससे उन कलाओं एवं स्थानीय उत्पादों को वैश्विक स्तर पर पहचान मिल सके। इस प्रदर्शनी की सबसे खास बात यह रहेगी कि यह यह आयोजन जीरो वेस्ट होगा। परिसर को रिसाईकल प्रोडक्ट से सजाया जाएगा। इसके साथ ही लाइव डेमोन्स्ट्रेशन के माध्यम से स्थानीय उत्पादों को बनाने के तरीके भी समझाये जायेंगे। उन्होंने बताया कि महिलाओं से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विषय विशेषज्ञों द्वारा विभिन्न सत्रों के माध्यम से चर्चा की जाएगी।

# प्रदेश के विकास में मील का पत्थर साबित होने वाला बजट : कुशवाह

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के उद्यानिकी एवं खाद्य प्र-संस्करण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार का 2025-26 का बजट विकसित मध्यप्रदेश के लक्ष्य को प्राप्त करने में मील का पत्थर साबित होने वाला बजट है। बजट में 15 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी इस बात को परिलक्षित करती है। कुशवाह ने कहा कि मध्यप्रदेश कृषि प्रधान प्रदेश है, किसान की आय को दोगुना करने के लिए आवश्यक है कि कृषि के साथ उद्यानिकी और फिर खाद्य प्र-संस्करण को सशक्त बनाया जाये। मध्यप्रदेश सरकार द्वारा इस वर्ष के बजट में उद्यानिकी एवं खाद्य प्र-संस्करण के लिए 547 करोड़ का प्रावधान किया गया जो, गतवर्ष से 23 करोड़ रूपये अधिक है। प्रदेश में फल, फूल एवं सब्जी के उत्पादन के लिए नवीनतम प्रणालियाँ तथा इन उत्पादों के बेहतर विपणन व मूल्य के लिए खाद्य प्र-संस्करण को प्रोत्साहित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना के अंतर्गत 4 हजार 416 इकाईयां स्थापित की गई है। राष्ट्रीय उद्यानिकी मिशन में 100 करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया है। इसी प्रकार सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण की भावना के तहत भी राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2025-26 के बजट के लिये 4654 करोड़ का प्रावधान किया गया जो गत वर्ष से 50 करोड़ रूपये अधिक है। उन्होंने कहा राज्य शासन की मंशा समाज के प्रत्येक वर्ग को विकास की मुख्य धारा से जोड़ना है। सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना तथा राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के माध्यम से 55 लाख 60 से अधिक हितग्राहियों को सहायता प्रदान की जा रही है।

# जीवन गुणवत्ता में सुधार और स्थिरता को बढ़ावा देने वाला बजट : फिक्की

एजेंसी < भोपाल
www.dailypioneer.com

मध्यप्रदेश विधानसभा में वित्त वर्ष 2025-26 के लिए पेश किए गए वार्षिक बजट को फिक्की के सदस्यों ने जीवन गुणवत्ता में सुधार और स्थिरता को बढ़ावा देने वाला बताया है। फिक्की के मध्यप्रदेश स्टेट कांउसिल के अध्यक्ष दिनेश पाटीदार ने वार्षिक बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि राज्य का बजट वृद्धि और नवाचार का प्रतीक है, जिसमें नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र, आधारभूत संरचना के आधुनिकीकरण और औद्योगिक विस्तार पर विशेष ध्यान है। जीवन गुणवत्ता में सुधार और स्थिरता को बढ़ावा देने पर केंद्रित यह बजट दूरदर्शी सोच को दर्शाता है। मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश विकसित भारत की ओर बढ़ रहा है। फिक्की इस हरित यात्रा में सहयोग देने के लिए उत्साहित और प्रतिबद्ध है। यह बजट समृद्ध भविष्य का खाका है।

# सपा विधायक अबू आजमी को अग्रिम जमानत मंजूर



**मुंबई।** मुंबई की एक अदालत ने समाजवादी पार्टी के विधायक अबू आसिम आजमी को मुगल बादशाह औरंगजेब की प्रशंसा करने संबंधी विवादास्पद टिप्पणी करने संबंधी मामले में अग्रिम जमानत दे दी है। एक वकील ने यह जानकारी दी। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश वीजी रघुवंशी ने सपा विधायक को गिरफ्तारी के परिप्रेक्ष्य में 20,000 रुपये की जमानत राशि जमा करने के भी निर्देश दिये। अदालत ने आजमी को 13 और 15 मार्च को पूर्वाह्न 11.00 से अपराह्न 13.00 बजे के बीच जांच अधिकारी के समक्ष पेश होने तथा मामले से संबंधित किसी भी सबूत को बाधित करने या उससे छेड़छाड़ करने का कोई प्रयास नहीं करने के लिए कहा गया है।

## संभल में होली पर तिरपाल से ढकी जाएंगी मस्जिदें



**संभल।** उत्तर प्रदेश के संभल में होली के मौके पर 10 मस्जिदों को तिरपाल से ढका जाएगा। दरअसल, होली के जुलूस मार्ग में पड़ने वाली सभी मस्जिदों को तिरपाल से ढका जाएगा। इन मस्जिदों में शाही जामा मस्जिद भी शामिल है। बता दें कि इलाहाबाद हाई कोर्ट ने आज ही भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण यानी कि एएसआई को संभल स्थित जामा मस्जिद की पुताई का काम एक सप्ताह में पूरा करने का निर्देश भी दिया है। संबद्ध पक्षों को सुनने के बाद जस्टिस रोहित रंजन अग्रवाल ने एएसआई को मस्जिद की बाहरी दीवारों की पुताई और वहां लाइट लगाने का निर्देश दिया।

## अवामी एक्शन कमेटी, जम्मू-कश्मीर इत्तिहादुल मुस्लिमीन पर पांच साल के लिए प्रतिबंध



**नयी दिल्ली।** गृह मंत्रालय ने जम्मू कश्मीर के दो समूहों मीरवाइज के नेतृत्व वाली अवामी एक्शन कमेटी (एएसी) और मसरूर अब्बास अंसारी की अध्यक्षता वाली जम्मू-कश्मीर इत्तिहादुल मुस्लिमीन को गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, 1967 के तहत पांच साल के लिए प्रतिबंधित संगठन घोषित किया। मंत्रालय ने यह निर्णय जम्मू-कश्मीर में राष्ट्र विरोधी गतिविधियों, अलगाववादी प्रचार और आतंकवाद को समर्थन देने में संगठन की कथित संलिप्तता का हवाला देते हुए लिया गया।

## एयरटेल के बाद अब जियो का स्पेसएक्स के साथ करार

**मुंबई।** जियो प्लेटफॉर्म्स लिमिटेड ने भारत में अपने ग्राहकों को स्टारलिंक की ब्रॉडबैंड इंटरनेट सेवाएं प्रदान करने के लिए एलेन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स के साथ समझौता किया है। भारती एयरटेल ने कल स्पेसएक्स के साथ साझेदारी की थी। अब जियो ने जारी बयान में कहा कि यह समझौता, जो स्पेसएक्स को भारत में स्टारलिंक बेचने के लिए अपने स्वयं के प्राधिकरण प्राप्त करने के अधीन है, जियो और स्पेसएक्स को यह पता लगाने में सक्षम बनाता है कि स्टारलिंक जियो की पेशकशों का विस्तार कैसे कर सकता है और जियो उपभोक्ताओं और व्यवसायों के लिए स्पेसएक्स की प्रत्यक्ष पेशकशों को कैसे पूरक बना सकता है। जियो अपने खुदरा दुकानों के साथ-साथ अपने ऑनलाइन स्टोरफ्रंट के माध्यम से स्टारलिंक समाधान उपलब्ध कराएगा। इस समझौते के माध्यम से, दोनों पक्ष डेटा ट्रैफ़िक के मामले में दुनिया के सबसे बड़े मोबाइल ऑपरेटर के रूप में जियो की स्थिति और भारत के सबसे ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों सहित पूरे देश में विश्वसनीय ब्रॉडबैंड सेवाएँ देने के लिए दुनिया के अग्रणी लो अर्थ ऑर्बिट सैटेलाइट कॉन्स्टेलेशन ऑपरेटर के रूप में स्टारलिंक की स्थिति का लाभ उठाएँगे। जियो न केवल अपने रिटेल आउटलेट में स्टारलिंक उपकरण प्रदान करेगा, बल्कि ग्राहक सेवा स्थापना और सक्रियण का समर्थन करने के लिए एक तंत्र स्थापित करेगा। स्पेसएक्स के साथ समझौता जियो की प्रतिबद्धता का हिस्सा है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि विश्वसनीय इंटरनेट पूरे भारत में सभी उद्यमों, छोटे और मध्यम व्यवसायों और समुदायों के लिए पूरी तरह से सुलभ हो। स्टारलिंक सबसे चुनौतीपूर्ण स्थानों पर तेज़ और किफ़ायती तरीके से हाई स्पीड इंटरनेट का विस्तार करके जियोएयरफाइबर और जियोफाइबर का पूरक है।




# नगरों के सुनियोजित विकास के लिये वचनबद्ध है राज्य सरकार : विजयवर्गीय

एजेंसी < भोपाल
www.dailypioneer.com



मध्यप्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने मध्यप्रदेश विधानसभा में वर्ष 2025-26 के लिये प्रस्तुत किये गये बजट का स्वागत किया है। विजयवर्गीय ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के नगरों के सुनियोजित विकास के लिये वचनबद्ध है। उन्होंने कहा कि सिंहस्थ-2028 को पूरी भव्यता के साथ आयोजित किया जायेगा। विभाग के बजट में सिंहस्थ की तैयारी के लिये 2 हजार करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया है। विभागीय बजट की राशि को बढ़ाते हुए बजट में वर्ष 2025-26 के लिये 18 हजार 715 करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया है। नगरीय क्षेत्र के नागरिकों को बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी हुई सेवाएँ प्राथमिकता एवं गुणवत्ता के साथ उपलब्ध कराई जायेगी।

# पैन इंडिया होली पर 14 मार्च को रिलीज होगी खेसारीलाल यादव की फिल्म रिश्ते

एजेंसी < मुंबई
www.dailypioneer.com

एसआरके म्यूजिक प्रा. लि. के बैनर तले बनी सुपरस्टार खेसारीलाल यादव और टेलीविजन अभिनेत्री रति पांडेय स्टारर बहुप्रतीक्षित फिल्म रिश्ते 14 मार्च को पैन इंडिया रिलीज के लिए तैयार है। फिल्म रिश्ते के निर्माता शर्मिला आर. सिंह और रौशन सिंह ने जानकारी दी कि रिश्ते को बड़े स्तर पर रिलीज किया जाएगा, जिससे भोजपुरी दर्शकों के साथ-साथ हिंदी भाषी दर्शक भी इसका आनंद ले सकें। यह फिल्म सिनेपोलिस जैसे मल्टीप्लेक्स के साथ-साथ सिंगल स्क्रीन सिनेमाघरों में भी प्रदर्शित की जाएगी। रौशन सिंह ने कहा, एसआरके म्यूजिक प्रा. लि. ने हमेशा दर्शकों को बेहतरीन सिनेमा देने का प्रयास किया है। पिछली फिल्मों की तरह इस बार भी हमने क्वालिटी कंटेंट पर जोर दिया है। 'रिश्ते' सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि रिश्तों की गहराई को दर्शाने वाली एक संवेदनशील कहानी है, जो सभी दर्शकों को जोड़ने का काम करेगी। यह फिल्म दर्शकों को एक अलग अंदाज में रिश्तों की महत्ता का अहसास कराएगी। गौरतलब है कि फिल्म रिश्ते में खेसारीलाल यादव और रति पांडेय के अलावा कई दमदार कलाकार मुख्य भूमिकाओं में हैं। इनमें आकांक्षा पुरी, विनोद मिश्रा, समर्थ चतुर्वेदी, सुजान सिंह, संजीव मिश्रा, युगांत पाण्डेय, माया यादव, निशा झा, रंभा सहनी, जया पाण्डेय, प्रियांशु सिंह, विजया लक्ष्मी सिंह, दिलीप यादव और सोनू पाण्डेय शामिल हैं। फिल्म का संगीत भोजपुरी इंडस्ट्री के टॉप संगीतकारों ने तैयार किया है। फिल्म के संगीतकार ओम झा, छोटे बाबा और कृष्णा बेदर्दी हैं। फिल्म के डीओपी (कैमरा डायरेक्टर) बासु हैं।

# भाजपा सबसे बड़ी भूमाफिया : अखिलेश

एजेंसी < लखनऊ
www.dailypioneer.com



समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भूमाफियाओं और अपराधियों को संरक्षण दे रही भारतीय जनता पार्टी सबसे बड़ी भूमाफिया पार्टी है। यादव ने बुधवार को जारी बयान में कहा कि पूरे प्रदेश में भाजपा के संरक्षण में भूमाफियाओं का आतंक है। जब से भाजपा सत्ता में आयी है, भाजपा के लोग गरीबों को प्रताड़ित कर जगह-जगह जमीनों पर जबरन रजिस्ट्री कराकर कब्जे कर रहे हैं। उन्होने कहा कि भाजपा सरकार के दौरान अयोध्या समेत कई जिलों में हुई जमींनों की रजिस्ट्रियां देख ली जाय तो पूरी पोल खुल जायेगी। अब तो हद हो गयी कि सेना के पूर्व अधिकारी की जमीनों पर भी भूमाफिया कब्जा कर रहे हैं। विरोध करने पर मारपीट करते है। धमकी देते हैं। कानून व्यवस्था की इससे खराब तस्वीर और क्या हो सकती है कि भूमाफियाओं ने सेना के रिटायर्ड ब्रिगेडियर की जमीन पर कब्जा कर लिया और विरोध करने पर जानलेवा हमला किया। पीड़ितों को न्याय नहीं मिल रहा है। यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में कानून व्यवस्था ध्वस्त है। हत्या, लूट, बलात्कार, जमीनों पर कब्जे की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही है। विवाद में प्रदेश में हर दिन हत्याएं हो रही है। हालात बद-से-बदतर होती जा रही है। स्थितियां अब और बदहाल होती जा रही है। भाजपा सरकार में हर जिले में तेजी से भूमाफियां पनप रहे हैं। उन्होने कहा कि प्रदेश के जिलों-जिलों में दबंगों द्वारा ऐसी तमाम घटनाएं हो रही है। सरकार के संरक्षण में जमीनों में बड़े पैमाने पर हेराफेरी हो रही है। जमीनों पर अवैध कब्जे हो रहे हैं। अयोध्या समेत कई स्थानों पर सरकार खुद जमीनों को गरीबों, किसानों से कौड़ियों के भाव छीन कर अपने चहेतों को दे रही है। भाजपा सरकार की जमीनों को कब्जाने की नीति से गरीब और किसान परेशान है। यादव ने कहा कि पूरे प्रदेश में भाजपा सरकार के संरक्षण में अराजकता हावी है। सत्ता के दबाव में पुलिस प्रशासन गरीबों, असहायों की सुनवाई नहीं कर रहा है। जनता में भाजपा की कार्यप्रणाली और नीतियों के खिलाफ आक्रोश बढ़ रहा है। गरीबों, पीड़ितों की आह 2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा के सत्ता के अहंकार को पूरी तरह से नेस्तनाबूद कर देगी।

# रेलवे चलाएगा रीवा-सीएसएमटी-रीवा साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन

पायनियर संवाददाता < भोपाल
www.dailypioneer.com



आगामी त्योहारों पर यात्रियों की सुविधा और यात्री दबाव को कम करने के लिए रेलवे ने रीवा-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस-रीवा के बीच साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन 02-02 फेरे चलाने का निर्णय लिया है। भोपाल रेल मंडल के प्रवक्ता ने आज बताया कि रेल प्रशासन द्वारा रीवा-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस-रीवा के बीच साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन 02-02 फेरे चलाने का निर्णय लिया गया है। यह स्पेशल ट्रेन सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, गाडरवारा, पिपरिया, इटारसी और हरदा स्टेशनों से होते हुए अपने गंतव्य को जायेगी। उन्होंने बताया कि गाड़ी संख्या 02187 रीवा से छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन प्रत्येक गुरुवार 20 एवं 27 मार्च को रीवा स्टेशन से दोपहर 15:50 बजे प्रारम्भ होकर सतना 16:55 बजे, मैहर 17:25 बजे, कटनी 18:05 बजे, जबलपुर 19:40 बजे, नरसिंहपुर 20:48 बजे, गाडरवारा 21:18 बजे, पिपरिया 21:53 बजे, इटारसी 23:20 बजे और अगले दिन हरदा मध्य रात्रि 00:22 बजे पहुँचकर, भुसावल सुबह 04:00 बजे होते हुए और शुक्रवार को दोपहर 12:20 बजे छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस पहुँचेगी। इसीतरह गाड़ी संख्या 02188 छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से रीवा स्पेशल ट्रेन प्रत्येक शुक्रवार 21 एवं 28 मार्च 2025 को छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस स्टेशन से दोपहर 13:30 बजे प्रारम्भ होकर भुसावल रात 20:20 बजे पहुँचकर अगले दिन हरदा मध्य रात्रि 00:03 बजे, इटारसी 01:15 बजे, पिपरिया 02:13 बजे, गाडरवारा 02:48 बजे, नरसिंहपुर 03:23 बजे, जबलपुर 04:55 बजे, कटनी 06:10 बजे, मैहर 07:03 बजे, सतना 07:40 बजे और शनिवार को 09:45 बजे रीवा स्टेशन पहुँचेगी। यह गाड़ी रास्ते में दोनों तरफ सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, गाडरवारा, पिपरिया, इटारसी, हरदा, खण्डवा, भुसावल, मनमाड़, नासिक रोड एवं कल्याण स्टेशनों पर रुकेगी।

# कांग्रेस विधायकों और मीडिया ने ओडिशा विस की कार्यवाही का बहिष्कार किया

एजेंसी < भुवनेश्वर
www.dailypioneer.com

विपक्षी कांग्रेस विधायकों ने पार्टी विधायक तारा प्रसाद बहिनीपति को सदन से सात दिनों के लिए निलंबित किए जाने के विरोध में ओडिशा विधानसभा की कार्यवाही का बहिष्कार किया। सरकार के मुख्य सचेतक सरोज प्रधान ने एक प्रस्ताव पेश किया, जिसमें अध्यक्ष से सदन में उनके अनियंत्रित और अभद्र व्यवहार के कारण उन्हें सात दिनों के लिए निलंबित करने का अनुरोध किया गया था। प्रस्ताव को ध्वनिमत से पारित कर दिया गया, जिसके बाद विधानसभा अध्यक्ष सुरमा पाढ़ी ने बहिनीपति को आज से आगामी सात कार्य दिवसों के लिए निलंबित करने की घोषणा की। ओडिशा विधानसभा में उस समय हंगामा हुआ, जब विपक्षी कांग्रेस और बीजद सदस्यों के विरोध प्रदर्शन के दौरान सत्ता पक्ष और विपक्षी सदस्यों के बीच सदन के अंदर हाथापाई हो गई। सदन में अराजकता फैल गई, जिसके कारण स्पीकर को नौ बार कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी और अंत में पूरे दिन के लिए स्थगित कर दिया गया। प्रश्नकाल के दौरान केवल 13 मिनट की बहस हुई। बीजू जनता दल(बीजद) और कांग्रेस दोनों पार्टियों के सदस्यों ने बहिनपति को निलंबित करने के अध्यक्ष के फैसले के विरोध में बहिर्गमन किया। बाद में, कांग्रेस सदस्यों ने विधानसभा परिसर के अंदर गांधी प्रतिमा के पास धरना दिया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष भक्त चरण दास ने आंदोलनकारी विधायकों से मुलाकात की और उनसे धरना खत्म करने का अनुरोध किया।

# बस्तर की बेटी अपूर्वा का सम्मान, 'वुमन एग्री-इनोवेटर ऑफ द ईयर' अवार्ड से बस्तर और छत्तीसगढ़ का गौरव बढ़ाया

पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ की प्रतिष्ठित बौद्धिक संपदा कानून विशेषज्ञ और नवाचार विशेषज्ञ डॉ. अपूर्वा त्रिपाठी को इसी 28 फरवरी को भोपाल के रवींद्र भवन में आयोजित 'फार्म एंड फूड कृषि सम्मान समारोह' में 'वुमन एग्री-इनोवेटर ऑफ द ईयर अवार्ड 2025' से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार उन्हें कृषि क्षेत्र में किए गए उनके महत्वपूर्ण नवाचारों, महिलाओं के सशक्तिकरण तथा आदिवासी समाज के उत्थान में उनकी असाधारण भूमिका के लिए प्रदान किया गया। डॉ. अपूर्वा त्रिपाठी, प्रसिद्ध कृषिविद् और पर्यावरणविद् डॉ. राजाराम त्रिपाठी की सुपुत्री हैं। वह बस्तर के कोंडागांव में स्थित अपने परिवार के लगभग 50 सदस्यों के संयुक्त परिवार में पली-बढ़ी हैं, जिसमें सात भाई-बहनों का विशाल परिवार शामिल है।

**अपूर्वा त्रिपाठी के नवाचार और योगदान** - डॉ. अपूर्वा ने अपने पिता के मार्गदर्शन में कई उल्लेखनीय कृषि नवाचार किए हैं। उनके उल्लेखनीय कार्यों में बस्तर के आदिवासी समाज के साथ मिलकर वन औषधियों पर आधारित कई तरह की हर्बल चाय का निर्माण प्रमुख है, जो परंपरागत आदिवासी चिकित्सा पद्धति पर आधारित हैं। ये हर्बल चाय विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं के समाधान में अत्यंत प्रभावी सिद्ध हुई हैं। इसके अतिरिक्त, डॉ. राजाराम त्रिपाठी द्वारा विकसित की गई अत्यंत उत्पादक 'मां दंतेश्वरी काली मिर्च-16' (एमडीबीपी-16) प्रजाति के विकास में भी अपूर्वा का बड़ा योगदान रहा है। यह विशेष प्रजाति अन्य काली मिर्च की किस्मों की तुलना में चार से पांच गुना अधिक उत्पादन देती है और इसकी गुणवत्ता भी अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप है। इस विशेष प्रजाति को भारत सरकार के 'Indian Plant Variety Protection and Registration Authority' में आधिकारिक रूप से पंजीकृत भी कराया गया है। अपूर्वा त्रिपाठी के प्रयासों के कारण अब तक दक्षिण भारत की फसल मानी जाने वाली काली मिर्च को मध्य भारत के छत्तीसगढ़ में सफलतापूर्वक उगाया जा रहा है, जिससे इस क्षेत्र को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली है।

## महिलाओं के सशक्तिकरण में भूमिका

डॉ. अपूर्वा ने बस्तर क्षेत्र की आदिवासी महिलाओं को जैविक कृषि के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने इन महिलाओं को प्रशिक्षित कर उनके उत्पादों को प्रोसेसिंग, ब्रांडिंग और मार्केटिंग के माध्यम से राष्ट्रीय बाजार में पहचान दिलाई है। इसके चलते आदिवासी परिवारों की आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है।

## 150 से अधिक किसान, कृषि वैज्ञानिक रहे मौजूद

भोपाल में आयोजित इस सम्मान समारोह में मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के 150 से अधिक किसान, कृषि वैज्ञानिक और कृषि विशेषज्ञ उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं मध्य प्रदेश सरकार के सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग ने कहा, भारत के किसानों को नवाचार के माध्यम से सशक्त करना ही हमारी प्राथमिकता है। डॉ. अपूर्वा त्रिपाठी जैसी युवा महिलाएं कृषि क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर रही हैं, जो पूरे देश के लिए गर्व की बात है। विशिष्ट अतिथि एवं मध्य प्रदेश सरकार के कौशल विकास एवं रोजगार मंत्री गौतम टेंटवाल ने अपने उद्बोधन में कहा, कृषि क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ रही है, और डॉ. अपूर्वा त्रिपाठी जैसी नवाचारशील महिलाएं अन्य किसानों के लिए प्रेरणास्रोत हैं। दिल्ली प्रेस के कार्यकारी प्रकाशक अनंत नाथ ने कहा, डॉ. अपूर्वा त्रिपाठी का योगदान न केवल कृषि क्षेत्र में बल्कि समाजिक विकास में भी अत्यंत सराहनीय है। इस समारोह में कुल 17 श्रेणियों में 30 किसानों, कृषि वैज्ञानिकों और कृषि विज्ञान केंद्रों को सम्मानित किया गया।

## अपूर्वा त्रिपाठी का प्रेरणादायक सफर

डॉ. अपूर्वा त्रिपाठी की शिक्षा देश के प्रतिष्ठित संस्थानों में हुई है, जहां उन्होंने कृषि विज्ञान, जैविक खेती और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में विशेष प्रशिक्षण प्राप्त किया है। उनकी उपलब्धियां यह दर्शाती हैं कि समर्पण, परिश्रम और नवाचार के माध्यम से कोई भी युवा कृषि क्षेत्र में सफलता के नए आयाम स्थापित कर सकता है।

# होली त्यौहार शांति एवं सौहाद्रपूर्ण वातावरण में मनाएं : सीपी बघेल

पायनियर संवाददाता ◄ जगदलपुर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर हरिस एस के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर सीपी बघेल ने जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में शांति एवं कानून व्यवस्था समिति की बैठक ली। उन्होंने कहा कि होली त्यौहार रंगों का पर्व के साथ ही प्रेम और भाईचारे का त्यौहार है, जिला में होली त्यौहार शांति एवं सौहाद्रपूर्ण वातावरण में मनाया जाए। होलिका दहन के दौरान डामर सड़क, बिजली के तार और पोल से दूरी बनाकर किया जाए। होली त्यौहार रंगों का पर्व है लेकिन असामाजिक तत्वों द्वारा हुडदंग भी करने की कोशिश होगी इस पर नियंत्रण करवाना समाज प्रमुखों, गणमान्य नागरिकों की ज़िम्मेदारी है। इस पर नियंत्रण हेतु प्रशासन और पुलिस विभाग अपना कर्तव्य तो निभायेंगे ही, लेकिन नागरिकों को भी इस दिशा में सहयोग प्रदान करना आवश्यक है। विभिन्न कक्षाओं का वार्षिक परीक्षा इस समय भी चल रहा है इसलिए ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग से बचना होगा। बैठक में अति. पुलिस अधीक्षक महेश्वर नाग ने कहा कि शहर और ग्रामीण क्षेत्रों पर सुरक्षा हेतु पर्याप्त सुरक्षा बल लगाया जाएगा साथ ही होलिका दहन के दिन शहर में फ्लैग मार्च का आयोजन किया जाएगा।

बैठक में सभी नागरिकों से अपील की गई कि होली खेलते समय ध्यान रखे कि रंग गुलाल बिना सहमति के किसी भी व्यक्ति एवं महिला पर ना डालें। यदि उनके द्वारा रंग गुलाल नहीं खेलने का अनुरोध करते है तो उनकी भावना का सम्मान किया जाए। नशे की हालत में दो पहिया या चार पहिया वाहन ना चलायें। दो पहिया वाहन में दो से अधिक सवारी ना बिठाए और ना ही तेज गति से चलायें। पुलिस द्वारा तीन सवारी गाड़ियों पर कार्यवाही करने की जानकारी दी गई साथ ही शराब सेवन कर गाड़ी चलाने पर जप्ती की कार्यवाही करने की सूचना दी गई। तेज रफ्तार से वाहन न चलाएं और ट्रैफिक नियमों का पालन करें।

बैठक में विभिन्न समाजों के प्रतिनिधियों ने होलिका दहन एवं रंग उत्सव के दिन शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु पर्याप्त पुलिस व्यवस्था, आपात कालीन सेवा हेतु नम्बर जारी करने, अस्पताल में डॉक्टरों की ड्यूटी मय एम्बूलेंस व्यवस्था करने का सुझाव दिया।

**आपातकालीन हेतु दूरभाष नंबर जारी** - आपातकालीन की स्थिति होने पर पुलिस कंट्रोल रूम 07782-222170, 9479194098 और 112 पर संपर्क कर सकते है। बैठक में सीएसपी आकाश श्रीश्रीमाल वर्मा, एसडीएम भरत कौशिक सहित सामाजिक संस्था के पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

# किरन्दुल में एनएमडीसी वर्कर्स फेडरेशन के तत्वाधान में मजदूरों की अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल जारी




पायनियर संवाददाता ◄ किरंदुल
www.dailypioneer.com

पेंडिंग वेज रिवीजन के साथ साथ अन्य तीन सूत्रीय मांगों को लेकर एनएमडीसी किरंदुल परियोजना के कर्मचारी ऑल इंडिया एनएमडीसी वर्कर्स फेडरेशन के तत्वाधान में लगातार 14 वें दिन भी बुधवार दोपहर 01 बजे एनएमडीसी किरंदुल परियोजना के प्रशासनिक भवन के सामने स्थित सीआईएसएफ चेक पोस्ट के सामने अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठे रहें। उल्लेखनीय हैं कि एनएमडीसी कर्मचारियों के लंबित वेतन समझौता, ठेका श्रमिकों के लंबित वेतन समझौते, एनएमडीसी की सभी इकाइयों में मैन पवार की कमी के साथ साथ अन्य कई मुद्दों को लेकर एनएमडीसी किरंदुल परियोजना में संचालित मजदूर संगठन एस के एम एस और मेटल माइन वर्कर्स यूनियन इंटक के संयुक्त तत्वाधान में किरंदुल परियोजना के नियमित और ठेका श्रमिक अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठ हुए हैं। मौके पर एसकेएमएस सचिव राजेश संधू, अध्यक्ष देवरायलु, रोशन मिश्रा, इंटक अध्यक्ष विनोद कश्यप, सचिव ए के सिंह एवं यूनियन के सैकड़ों सदस्य उपस्थित थे।

# जिले के 18 हजार असाक्षरों को साक्षर बनाने महाअभियान 23 मार्च को

**कांकेर।** उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत् जिले में रविवार 23 मार्च को राष्ट्रव्यापी बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान मूल्यांकन परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। इस परीक्षा में 15 वर्ष से अधिक उम्र के शिक्षार्थियों को सम्मिलित कराया जाना है, जो शिक्षा की मुख्यधारा से कटे हुए हैं। कलेक्टर एवं साक्षरता कार्यक्रम के अध्यक्ष निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर द्वारा आज शिक्षा विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर उक्त परीक्षा के सफल आयोजन हेतु आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने तथा सभी असाक्षरों को उक्त अभियान से जोड़कर उन्हें महापरीक्षा अभियान में सम्मिलित करने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी को दिए। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आज दोपहर को आयोजित बैठक में उपस्थित विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों तथा सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारियों (नोडल) एवं खण्ड स्त्रोत समन्वयकों को बताया गया कि जिले में कुल 18 हजार असाक्षरों को साक्षर करने का निर्देश राज्य कार्यालय के द्वारा दिया गया है। इसके लिए जिले में कुल 602 परीक्षा केन्द्र तथा केन्द्राध्यक्ष बनाए गए हैं। कलेक्टर ने सभी विकासखण्ड के शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि कोई भी शिक्षार्थी इस परीक्षा से वंचित न रहे। साथ ही किसी तरह की नकल न हो इस पर विशेष रूप से ध्यान दें। इसके अलावा कक्षा 10वीं एवं 12वीं के छात्र-छात्राएं जिन्होंने स्वयंसेवी शिक्षक रूप में सेवा दी हैं, उनके द्वारा टैग किये गये शिक्षार्थियों को अनिवार्य रूप से इस परीक्षा में सम्मिलित किया जाये, ताकि उस बच्चे को 10 अंक बोनस के रूप में मिल सके।

# प्रतिबंधित माओवादी संगठन की प्रचार-प्रसार सामग्री, बैटरी आदि के साथ 1.00 लाख रुपए के ईनामी डीएकेएमएस अध्यक्ष सहित 5 माओवादी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ बीजापुर
www.dailypioneer.com



जिले में चलाये जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के तहत् दिनांक 10.03.2025 को थाना उसूर, केरिपु 229 वाहिनी, कोबरा 201, 205, एवं 206 की संयुक्त टीम नेलाकांकेर, मारूड़बाका, कमलापुर की ओर अभियान पर निकली थी। अभियान एवं सर्च कार्यवाही के दौरान मारूड़बाका के जंगल से 05 संदिग्धों को प्रतिबंधित माओवादी संगठन की प्रचार प्रसार सामग्री, पाम्पलेट एवं बैटरी के साथ पकड़ा गया। पकड़े गए व्यक्तियों ने पूछताछ पर अपना नाम -

नारायण भण्डारी (मारूड़बाका डीएकेएमएस अध्यक्ष) पिता स्व. लक्ष्मैया उम्र 45 वर्ष जाति मुरिया निवासी मारूड़बाका थाना उसूर, ईनाम 01.00 लाख रूपये, धरमा काका (मारूड़बाका डीएकेएमएस सदस्य) पिता स्व. दारा काका उम्र 21 वर्ष साकिन मारूड़बाका थाना उसूर, नीला काका (मारूड़बाका डीएकेएमएस सदस्य) पिता स्व. पेण्डी काका उम्र 25 वर्ष निवासी मारूड़बाका थाना उसूर, किस्टा ध्रुवा (मारूड़बाका डीएकेएमएस सदस्य) पिता स्व. लक्ष्मैया उम्र 30 वर्ष जाति मुरिया निवासी मारूड़बाका थाना उसूर, रामबाबू पूनेम (मारूड़बाका आरपीसी मिलिशिया सदस्य) पिता भीमा उम्र 26 वर्ष जाति मुरिया निवासी मारूड़बाका थाना उसूर

पकड़े गये माओवादियों के कब्जे से तलाशी के दौरान पास रखे थैला से माओवादी पाम्पलेट, एवररेडी बैटरी छोटा एवं बड़ा बरामद किया गया। पकड़े गये माओवादियों के विरूद्ध थाना उसूर में वैधानिक कार्यवाही करते हुए न्यायिक रिमाण्ड पर माननीय न्यायालय बीजापुर में पेश किया गया है।

## कमिश्नर की अध्यक्षता में हुई मेडिकल कॉलेज के स्वशासी प्रबंधकारिणी समिति की बैठक

**जगदलपुर।** कमिश्नर एवं पदेन अध्यक्ष स्वशासी समिति स्वर्गीय बलीराम कश्यप स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय डिमरापाल डोमन सिंह की अध्यक्षता में मेडिकल कॉलेज के सभाकक्ष में स्वशासी प्रबंधकारिणी समिति की बैठक बुधवार को आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न एजेंडा पर चर्चा किया गया, साथ ही गत स्वशासी प्रबंधकारिणी समिति की बैठक में हुई निर्णयों के क्रियान्वयन पर भी चर्चा किया गया और किलकारी योजनांतर्गत मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में जल्द से जल्द झूला घर प्रारंभ किए जाने के निर्देश दिए गए। साथ ही ब्लड बैंक लायसेंस का नवीनीकरण शीघ्र करवाने का निर्णय लिया गया।

# दयाराम का सपना हुआ साकार, प्रधानमंत्री आवास के तहत मकान बनने से परिवार में आई खुशियां

पायनियर संवाददाता ◄ कांकेर
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) गरीब और बेघर परिवार के लोगों का सपना साकार कर रही है, जो पक्के आवास की सिर्फ कल्पना ही कर सकते थे। जिला मुख्यालय से लगभग 30 किलोमीटर की दूरी पर विकासखण्ड दुर्गूकोंदल के ग्राम पंचायत हाटकोंदल निवासी दयाराम इन्हीं में से एक हैं, जिन्होंने अपनी मेहनत और प्रधानमंत्री आवास योजना की मदद से अपने परिवार के लिए एक नए और पक्के मकान का सपना साकार किया है। हितग्राही दयाराम ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में आवास स्वीकृति मिली। पहले दो कमरे के कच्चे मकान में रहते थे, जहां बरसात के दिनों में जीवन-यापन करने में अनेक प्रकार की कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। उन्होंने बताया कि मिट्टी एवं खपरैल का घर होने के कारण बारिश के दिनों में पानी का टपकना, जमीन में सीलन आने के साथ जहरीले जीव-जंतुओं का खतरा भी बना रहता था। लेकिन प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत राशि मिलने से अपने लिए एक नया पक्का और सुरक्षित मकान बना लिया है। इस नए मकान में उनका परिवार अब खुशी-खुशी जीवन व्यतीत कर रहा है। उन्हांने अपने नए पक्का मकान के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भारत सरकार की महत्वपूर्ण योजना प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) गरीब परिवारों के लिए एक वरदान साबित हो रही है।

# स्वसहायता समूह द्वारा तैयार हर्बल गुलाल को मिला कांकेर के बाजार में स्थान

पायनियर संवाददाता ◄ कांकेर
www.dailypioneer.com





राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन 'बिहान' के तहत गठित महिला स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा तैयार किए गए उत्पाद हर्बल गुलाल उनकी आय का जरिया बन गया है। रंगों के पर्व होली में अब रसायनयुक्त रंग एवं गुलाल की जगह हर्बल रंग-गुलाल स्थान लेने लगा है, जिससे वे न सिर्फ पर्यावरण और स्वास्थ्य की सुरक्षा में भी अपना योगदान दे रही हैं, अपितु उन्हें जीविकोपार्जन का सशक्त माध्यम भी मिल गया है। समूह द्वारा निर्मित हर्बल रंग-गुलाल अब कांकेर के पुराना बस स्टैण्ड के समीप मुख्य मार्ग पर स्थित सी-मार्ट एवं कलेक्टर कार्यालय परिसर में खरीदा जा सकेगा। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरेश मंडावी ने बताया कि कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के मार्गदर्शन में जिले के विकासखण्ड कांकेर, दुर्गूकोंदल, नरहरपुर एवं भानुप्रतापपुर में गठित 06 महिला स्वसहायता समूह की 45 महिला सदस्यों द्वारा प्राकृतिक रंग हर्बल गुलाल बनाया जा रहा है। इस हर्बल गुलाल की विशेषता यह है कि इसके प्राकृतिक पदार्थ जैसे पालक भाजी, धनिया के पत्ते, पलाश के फूल, गैंदे के फूल, हल्दी, मेहंदी की पत्ती, धंवई के फूल, चुकंदर, सिंदूर के बीज एवं अरारोट का आटा का उपयोग गुलाल तैयार करने में किया जाता है। चूंकि समूह द्वारा बनाये गये उत्पाद में शुद्धता शत-प्रतिशत होती है एवं विश्वसनीय होती है।

उन्होंने बताया कि गत वर्षों से जिले में बिहान योजना से जुड़े समूहों द्वारा हर्बल गुलाल बनाया जा रहा है, यह केमिकल फ्री होने के कारण इस गुलाल को काफी पसंद किया जा रहा है। इससे त्वचा में किसी भी प्रकार का साईड इफेक्ट नहीं होता है। विकासखण्ड भानुप्रतापपुर की श्रीमती भारती साहू, धनेश्वरी दुग्गा और विकासखण्ड कांकेर के ग्राम सिंगारभाट की शोभा प्रसाद द्वारा हर साल हर्बल गुलाल बनाया जाता है। समूह सदस्यों द्वारा इस वर्ष कुल 287 किलोग्राम हर्बल गुलाल उत्पादित कर 195 किलोग्राम 200 रूपए प्रतिकिलो की दर से 39 हजार रूपए का विक्रय किया गया है, जिसमें 19 हजार 220 रूपए का शुद्ध लाभ प्राप्त हो चुका है। इसके अलावा समूह द्वारा निर्मित हर्बल गुलाल शासकीय कार्यालयों में स्टॉल लगाकर एवं हाट-बाजार के माध्यम से विक्रय किया जा रहा है।

**पंजीकृत कार्यालयः** 601 और 602, पेनिनसुला बिजनेस पार्क, छठी मंजिल, टावर ए, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल, मुंबई – 400013

DCB BANK

**सार्वजनिक नोटिस**

**आभूषण नीलामी सह आमंत्रण सूचना**

नीचे उल्लिखित उधारकर्ताओं को डीसीबी बैंक लिमिटेड-(डीसीबी बैंक) के पास गिरवी रखे आभूषणों के संदर्भ में डीसीबी बैंक लिमिटेड से प्राप्त सुविधाओं में संपूर्ण बकाया का भुगतान करने के लिए नोटिस जारी किया गया है। हम गिरवी रखे आभूषणों की नीलामी करने के लिए बाध्य हैं क्योंकि वे पूरा बकाया चुकाने में विफल रहे हैं। डीसीबी बैंक लिमिटेड के पास बिना किसी पूर्व सूचना के खाता(खातों) को हटाने/नीलामी तिथि(तिथियों) को बदलने का अधिकार है। नीलामी 21.03.2025 को दोपहर 12:00 बजे से 03:00 बजे तक https://gold.Samil.in के माध्यम से ऑनलाइन आयोजित की जाएगी।

| क्र. सं. | ग्राहक आईडी | ग्राहक का नाम | जगह / स्थान | क्र. सं. | ग्राहक आईडी | ग्राहक का नाम | जगह / स्थान |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 102068080 | राजकमल दुबे | बलौदाबाजार | 43 | 102517720 | मोह. निजाम खान | कवर्धा |
| 2 | 106968718 | गीता घृतलहरे | बलौदाबाजार | 44 | 102792663 | नीतीश चंद्रवंशी | कवर्धा |
| 3 | 101783065 | यशस्वी यादव | बेमेतरा | 45 | 102930089 | कुशान कुमार जयसवाल | कवर्धा |
| 4 | 102169880 | अश्विन चौरे | बेमेतरा | 46 | 103016922 | बिहारी राम साहू | कवर्धा |
| 5 | 102780342 | नितिन कुमार सोनी | बेमेतरा | 47 | 105643454 | सत्येन्द्र कुमार | कवर्धा |
| 6 | 102801324 | हरीश कुमार जायसवाल | बेमेतरा | 48 | 106212012 | तोरण साहू | कवर्धा |
| 7 | 102809249 | शीबा परवीन | बेमेतरा | 49 | 102752057 | दीपक सोनी | खरोरा |
| 8 | 102865295 | रेखराज बंजारे | बेमेतरा | 50 | 102887646 | महेंद्र कुमार साहू | खरोरा |
| 9 | 102871783 | राहुल सोनी | बेमेतरा | 51 | 102896908 | रुशाली लुनिया | खरोरा |
| 10 | 102882898 | आकाश स्वर्णकार | बेमेतरा | 52 | 103464513 | सूरज कुमार साहू | खरोरा |
| 11 | 103349942 | राजेश सोनी | बेमेतरा | 53 | 104262710 | वर्षा मोटघरे | खरोरा |
| 12 | 103444078 | प्रभजोत सिंह | बेमेतरा | 54 | 106253124 | होमेन्द्र कुमार साहू | खरोरा |
| 13 | 106486244 | अश्वनी कुमार साहू | बेमेतरा | 55 | 106301391 | वली मोहम्मद | खरोरा |
| 14 | 107460762 | महेंद्र कुमार यादव | बेमेतरा | 56 | 107289817 | छवि यादव | खरोरा |
| 15 | 102209228 | कृष्ण कुमार वर्मा | बेरला | 57 | 101378021 | लेमन दास जांगड़े | कुर्रा |
| 16 | 102774728 | रिकेश यादव | बेरला | 58 | 101387562 | रियाज खान | कुर्रा |
| 17 | 102799556 | सुनीता यादव | बेरला | 59 | 102797581 | परमप्रीत सिंह धंजल | कुर्रा |
| 18 | 102844096 | जोखन ध्रुव | बेरला | 60 | 104906278 | नोहर यादव | कुर्रा |
| 19 | 103167307 | मनोज कुमार साहू | बेरला | 61 | 105637937 | एकता साहू | कुर्रा |
| 20 | 103311298 | नरेंद्र कुमार वर्मा | बेरला | 62 | 101526778 | प्रतिभा कौशिक | परसदा |
| 21 | 103489751 | प्रकाश | बेरला | 63 | 102779489 | रमेश कुमार सोनवानी | परसदा |
| 22 | 105117606 | गैंद राम पाटिल | बेरला | 64 | 102792758 | सोनम कौशिक | परसदा |
| 23 | 106153311 | खिलावन साहू | बेरला | 65 | 102818346 | सुनीता मोटवानी | परसदा |
| 24 | 101526269 | वीरेंद्र के साहू | धमतरी | 66 | 102818463 | आर्यन दुबे | परसदा |
| 25 | 101027661 | सुनील जायसवाल | दुर्ग | 67 | 103317388 | नंदनी कोरी | परसदा |
| 26 | 101041823 | जनार्दन वर्मा | दुर्ग | 68 | 103870722 | कुलेन दास महंत | परसदा |
| 27 | 101895120 | वी सत्यनारायण राव | दुर्ग | 69 | 104211494 | निखिल देवांगन | परसदा |
| 28 | 102351108 | विष्णु देवांगन | दुर्ग | 70 | 104293364 | नीलू यादव | परसदा |
| 29 | 102785238 | राखी राठोर | दुर्ग | 71 | 105474913 | नगीना | परसदा |
| 30 | 102937062 | जाहिद कुरैशी | दुर्ग | 72 | 105832090 | मनीष तिवारी | परसदा |
| 31 | 103262442 | पी प्रसाद | दुर्ग | 73 | 105845771 | किशन कुमार | परसदा |
| 32 | 105064353 | गैंदलाल साहू | दुर्ग | 74 | 105854114 | वैभव दुबे | परसदा |
| 33 | 105627739 | विमला देशलहरे | दुर्ग | 75 | 106227638 | कामता प्रसाद उपाध्याय | परसदा |
| 34 | 105720583 | लीला साहू | दुर्ग | 76 | 106773391 | मुकेश कुमार निर्मलकर | परसदा |
| 35 | 106108383 | सूरज साह | दुर्ग | 77 | 106783525 | बबीता ठाकुर | परसदा |
| 36 | 106536817 | सूरज चंद्रवंशी | दुर्ग | 78 | 106847996 | आशीर्वाद दुबे | परसदा |
| 37 | 102114996 | दीपक देवांगन | जांजगीर चांपा | 79 | 101435890 | मनोज कुमार तिवारी | रायपुर |
| 38 | 102823859 | सुनीता रामकुमार बरेठ | जांजगीर चांपा | 80 | 102670181 | अनिल कुमार अग्रवाल | रायपुर |
| 39 | 103840415 | लक्षेश्वर प्रसाद साहू | जांजगीर चांपा | 81 | 102915121 | देवा साहू | रायपुर |
| 40 | 104552199 | जीतेन्द्र कुमार दिवाकर | जांजगीर चांपा | 82 | 103480161 | शैलेंद्र | राजनंदगांव |
| 41 | 105889540 | अजित तवर | जांजगीर चांपा | 83 | 103889256 | संदीप टेम्बुरकर | राजनंदगांव |
| 42 | 105964547 | योगेश कुमार सिंह | जांजगीर चांपा | 84 | 104189822 | आरिफ खान | राजनंदगांव |

इस प्रकाशन के माध्यम से, संबंधित उधारकर्ताओं/गिरवीकर्ताओं को अंतिम नोटिस और अंतिम अवसर दिया जाता है कि वे सभी ब्याज और शुल्कों के साथ ली गई सुविधा की पूर्ण राशि का भुगतान निर्धारित नीलामी तिथि से पहले या किसी भी तरह से करें, अन्यथा आभूषणों की नीलामी की जाएगी। आईटम निर्धारित नीलामी की तिथि पर उच्चतम बोली लगाने वाले को नीलाम नहीं किया गया तो बिना किसी अन्य सूचना के किसी अन्य दिन नीलाम किया जाएगा। नीलामी में भागीदारी और बोलियों की स्वीकृति डीसीबी बैंक के विवेक पर निर्भर होगी।

कृपया ध्यान दें कि नीलामी "जैसा है जहां है", "जैसा है जो है" "जो कुछ है" और "बिना किसी सहारे" के आधार पर की जाएगी। और डीसीबी बैंक आभूषण या उसकी नीलामी से संबंधित किसी भी दावे, विवाद, आपत्ति के लिए किसी भी तरह से जिम्मेदार और उत्तरदायी नहीं होगा।

नीलामी में भाग लेने के लिए विस्तृत नियम और शर्तों के लिए बोलीदाता कृपया https://gold.Samil.in पर जा सकते हैं।

दिनांकः 13.03.2025

हस्ता/-
प्राधिकृत अधिकारी
डीसीबी बैंक लिमिटेड

# महिला शिखर सम्मान से सम्मानित हुईं श्रद्धा मनोज दुबे

## शिक्षा और समाज सेवा में विशिष्ट योगदान के लिए वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन एवं सर्व युवा ब्राह्मण परिषद ने नवाजा



पायनियर संवाददाता ᐸ रायपुर
www.dailypioneer.com

वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन एवं सर्व युवा ब्राह्मण परिषद के संयुक्त तत्वाधान में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रविवार को महिला शिखर सम्मान समारोह का आयोजन वृन्दावन हाल, रायपुर में किया गया। जिसमें विभिन्न विधाओं में विशिष्टता प्राप्त 36 विप्र महिलाओं को सम्मानित किया गया। जिसमें शिक्षा और समाज सेवा में विशिष्ट योगदान के लिए श्रद्धा मनोज दुबे को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शॉल, बुके एवं स्मृति चिन्ह (स्व. पार्वती देवी-रविशंकर मिश्रा स्मृति) भेंट कर उन्हें सम्मानित किया गया। समारोह में नृत्य, गीत, संगीत ने समां बांधे रखा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रायपुर की महापौर मीनल चौबे रहीं। वहीं विशेष अतिथि के रूप में पार्षदगण सरिता आकाश दुबे, स्वप्निल मिश्रा, सुमन अशोक पाण्डेय, शताब्दी पाण्डेय एवं अर्पिता पाठक-उप संचालक, नगरीय प्रशासन, रायपुर उपस्थित रही। सभा को संबोधित करते हुए नव निर्वाचित महापौर मीनल चौबे ने कहा कि महिलाओं का सम्मान तो हर दिन किया ही जाता है पर आज का दिन विशेष है। महिलाएं परिवार की जिम्मेदारियों के साथ आफिस, व्यापार, राजनीति सहित कई क्षेत्रों में सफलता पूर्वक कार्य कर रही हैं। वे स्वभाव से मृदुभाषी होती हैं पर परिस्थितियों के अनुसार वे शौर्य में पीछे नहीं हटतीं। उन्होंने निगम चुनाव में अपनी जीत के लिए सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। सरिता दुबे, स्वप्निल मिश्रा, सुमन पाण्डेय, शताब्दी पाण्डेय, अर्पिता पाठक ने संगठन के कार्यों की सराहना करते हुए सम्मानित होने वाली महिलाओं को बधाईयां दीं। प्रदेश अध्यक्ष अरविन्द ओझा ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए संस्था द्वारा वर्ष में किये जाने वाले कार्यक्रमों एवं गतिविधियों की संक्षिप्त जानकारी दी। महिला अध्यक्ष नमिता शर्मा ने सम्मानित महिलाओं के कार्य उपलब्धियों से अवगत कराया।

### ये महिलाएं भी हुईं सम्मानित

डॉक्टर प्रीति उपाध्याय रायपुर दिव्यांग शिक्षा एवं समाज सेवा, डॉक्टर जया बाजपेयी रायपुर चिकित्सा सेवा, वंदना तिवारी राजनांदगांव- शिक्षा व विप्र समाजसेवा, प्रीति मिश्रा रायपुर-साहित्य लेखन, मेघा आपटे रायपुर शिक्षा व साहित्य लेखन, डॉक्टर संयुक्ता तिवारी धमतरी शिक्षा व चिकित्सा सेवा, डॉक्टर कोमल पाठक रायपुर शिक्षा व चिकित्सा सेवा, डॉक्टर मोनिका शर्मा धमतरी-शिक्षा व साहित्य लेखन, उषा मिश्रा भाटापारा-समाज सेवा, मंजु शर्मा बेमेतरा-समाज सेवा, शारदा चौबे रायपुर- पर्यावरण व समाज सेवा, अंजु पाण्डेय अश्रु खरोरा साहित्य लेखन व समाज सेवा, अजिता पाण्डेय बिलासपुर- पशु, पक्षी व सर्प जागरूकता, अर्चना त्रिवेदी बलौदाबाजार- शिक्षा व समाज सेवा, कल्पना शुक्ला रायपुर- शिक्षा व समाज सेवा, डॉक्टर रोली तिवारी रायपुर मनोविज्ञान शिक्षा सेवा, शशि दुबे रायपुर काव्य पाठ व साहित्य लेखन, सीमा पाण्डेय रायपुर काव्य पाठ व साहित्य लेखन, मीनू त्रिवेदी (दिव्यांग) कोरबा विधिक सेवा, अमिता दुबे नगरी साहित्य लेखन, अंकिता शर्मा रायपुर- जनसंचार व समाज सेवा, अर्चना मिश्रा महेन्द्रगढ़- राजनीति व समाज सेवा, सुरभि शर्मा रायपुर शिक्षा व जन संचार सेवा, कल्पना मिश्रा रायपुर समाज सेवा, नीतू पाण्डेय रायपुर महिला व बाल कल्याण सेवा, वीणा ठाकुर रायपुर-शिक्षा व समाज सेवा, डॉ. रागनी पाण्डेय रायपुर शिक्षा सेवा, भूमिका उपाध्याय दुर्ग-हॉकी खेल एवं दीप्ति तिवारी, रायपुर, संगीत व गायन के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हेतु सम्मानित किया गया।

### पदाधिकारियों को वितरित किए गए नियुक्ति पत्र

इसके साथ ही वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन के संगठन को विस्तार करते हुए रायपुर एवं बलौदाबाजार जिले के महिला विंग पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपाध्यक्ष गुणानिधि मिश्रा, राष्ट्रीय महासचिव सुरेश मिश्रा, प्रदेश महासचिव सुनील ओझा, अजय अवस्थी, संभागीय अध्यक्ष नितिन कुमार झा, प्रदेश सलाहकार रज्जन अग्निहोत्री, त्रिभुवन तिवारी, महिला महासचिव सुमन मिश्रा, कार्यक्रम संयोजक प्रीति मिश्रा, बबीता मिश्रा, वीणा मिश्रा, सुलभा पाण्डेय, विद्या भट्ट, वसुधा राकेश तिवारी, राधा तिवारी, सुमन पाण्डेय, निकिता तिवारी, अनिता राव, सुनीता शर्मा, राघवेंद्र पाठक, उमेश शर्मा, रवि शर्मा, गिरजा शंकर दीक्षित, रामवृत तिवारी, बलौदाबाजार से मनीषा शुक्ला, कीर्ति शर्मा, ऋचा द्विवेदी, निशा झा, नवभारत के छत्तीसगढ़ उडीसा प्रमुख उमाशंकर व्यास, बिलासपुर से रेखेन्द्र तिवारी, विमलेश तिवारी, लोरमी से राकेश तिवारी, मनेन्द्रगढ़ से संतोष द्विवेदी, बेमेतरा से कनकलता मिश्रा, कान्यकुब्ज से निशा पाण्डेय, नीता अवस्थी, साधना महिला मंडल से साधना शर्मा, महाराष्ट्र मंडल से विशाषा तोपखानेवाले, अखण्ड ब्राह्मण से योगेश तिवारी, पंजाबी ब्राहमण से अजीत वीर शर्मा, नारायणी संस्थान से मृणालिका राजेन्द्र ओझा आदि काफी संख्या में विप्रजन उपस्थित थे। कार्यक्रम का मंच संचालन नमिता शर्मा एवं अरविन्द ओझा एवं आभार प्रदर्शन सुमन मिश्रा ने किया।

# अंतरराष्ट्रीय भरथरी गायिका सूरुज खांडे स्मृति समारोह

## संस्कार-संघर्षपूर्ण जीवन जीता है लोक कलाकार : विजय मिश्रा



पायनियर संवाददाता ᐸ रायपुर
www.dailypioneer.com



सूरज ट्रस्ट के बैनर तले अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त भरथरी गायिका सूरज बाई खांडे स्मृति समारोह का आयोजन किया गया। मोती बाग प्रेस क्लब के सभागार में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक क्रांति लाने वाली संस्था चंदैनी गोंदा के प्रथम उद्घोषक डॉ सुरेश देशमुख थे। उन्होंने छत्तीसगढ़ी लोक कलाओं में आ रही विकृति के प्रति चिंता व्यक्त की तथा नई पीढ़ी को सचेत किया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ लोक हिंदी रंगकर्मी विजय मिश्रा 'अमित' ने भरथरी गायिका सूरुज खांडे के जीवन में आए उतार-चढ़ाव की अभिव्यक्ति दी। उन्होंने कहा लोक कलाकार का जीवन संस्कृति- संस्कारों के लिए समर्पित होता है, किन्तु सदैव संघर्षपूर्ण रहता है। संघर्षो से जूझकर ही सफलता और प्रसिद्धि अर्जित की जा सकती है। इसी क्रम में लोक गायिका कविता वासनिक और भरथरी गायिका रेखा जल क्षत्रीय ने भजन,भरथरी गायन करके श्रद्धा सुमन अर्पित किया। सूरज ट्रस्ट की अध्यक्षा दीप्ति ओगरे ने संस्था के उद्देश्य, भरथरी के प्रचार प्रसार हेतु किए जा रहे कार्यों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर सुप्रसिद्ध कवि मीर अली मीर, अशोक तिवारी, उदयभान चौहान, आर के सोनी, मनोज पाठक सहित बड़ी संख्या में भरथरी प्रेमियों की उपस्थिति रही। सूरूज ट्रस्ट की ओर से लोककला के उत्थान हेतु सुरेश देशमुख, विजय मिश्रा 'अमित', कविता वासनिक, रेखा जलक्षत्रीय को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के उभरते ग्यारह भरथरी कलाकार किरण शर्मा, प्रांजल राजपूत, हिमानी वासनिक, मंजू- गुंजन- दुर्गा साहू, योगेश यादव, खिलेश्वरी यादव, हेमलता पटेल, सावित्री कहार को प्रशस्ति पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम के संचालक आसकरण जोगी ने बताया कि आगामी 12 जून 2025 को सूरज बाई खांडे जयंती समारोह का आयोजन बस्तर में किया जाएगा।

# होली त्योहार को लेकर पुलिस चौकी भंवरपुर में शांति समिति की बैठक आयोजित



पायनियर संवाददाता ᐸ भंवरपुर
www.dailypioneer.com

होली त्योहार को लेकर स्थानीय पुलिस चौकी भंवरपुर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसडीओपी ललिता मेहर ने की, जिसमें स्थानीय प्रशासन, समाजसेवी, और विभिन्न धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस बैठक में पुलिस प्रशासन ने त्योहार के दौरान शांति बनाए रखने और किसी भी प्रकार की अराजकता से बचने के लिए कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। चौकी प्रभारी ने कहा, होली एक रंगों का त्योहार है, इसे खुशी और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाना चाहिए। हम सभी को एक-दूसरे के सम्मान के साथ इस पर्व को मनाना चाहिए ताकि किसी प्रकार का विवाद न हो। समिति के सदस्यों ने भी अपने विचार साझा किए और कहा कि इस बार विशेष ध्यान रखा जाएगा कि सार्वजनिक स्थानों पर कोई अप्रिय घटना न घटे। इसके अलावा, महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए भी विशेष कदम उठाने की बात की गई। पुलिस प्रशासन ने यह भी सुनिश्चित किया कि शहर के प्रमुख स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा और सार्वजनिक स्थलों पर किसी भी प्रकार की असमाजिक गतिविधियों पर निगरानी रखी जाएगी। समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया कि स्थानीय निवासियों को त्योहार के दौरान रंगों के प्रयोग में सावधानी बरतने के लिए प्रेरित किया जाएगा, ताकि पर्यावरण और स्वास्थ्य पर कोई प्रतिकूल असर न पड़े। इस बैठक के माध्यम से पुलिस प्रशासन और स्थानीय समाज के बीच बेहतर तालमेल का संदेश दिया गया और उम्मीद जताई गई कि इस बार होली त्योहार शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाया जाएगा। इस दौरान चौकी प्रभारी राजीव नाहर सहित नवनिर्वाचित पंच, सरपंच, जनपद सदस्य, जिला पंचायत सदस्य, पत्रकार एवं व्यापारी सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# धमतरी की बेटी तृप्ति लुनिया का सम्मान

पायनियर संवाददाता ᐸ धमतरी
www.dailypioneer.com



हरिहर धाम, सोनपुर, पटना में आयोजित एक समारोह में शांति किराया भंडार के संचालक रानू लाल लुनिया की बेटी तृप्ति लुनिया को थावे विद्यापीठ, गोपालगंज, बिहार द्वारा सम्मानित किया गया है। तृप्ति लुनिया एक युवा समाजसेवी हैं जो पिछले 10 वर्षों से शहर में समाज सेवा के क्षेत्र में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। तृप्ति लुनिया की सामाजिक सेवाओं में गौ सेवा, बुजुर्गों की सेवा, मूक-बधिर बच्चों को पढ़ाना, पेंटिंग और अन्य कौशलों का निःशुल्क प्रशिक्षण देना, कुत्तों और अन्य पशुओं की देखभाल करना और विशेष रूप से विकलांग और निराश्रित जानवरों की सेवा करना शामिल है। वह स्वयं इन कार्यों को करती हैं और अपने आसपास के युवाओं को भी प्रेरित करती हैं। तृप्ति लुनिया ने 10 वर्ष पूर्व आर्टिस्टिक वाइब्स संस्था की स्थापना की थी जिसमें 120 युवा साथी हैं जो निस्वार्थ भाव से सामाजिक सेवा में लगे हुए हैं। तृप्ति लुनिया एक मनोचिकित्सक और काउंसलर हैं और एक वृद्ध निवास की संचालिका भी हैं। वह लियो क्लब रायपुर सेंट्रल की पूर्व अध्यक्ष भी रह चुकी हैं। तृप्ति लुनिया को उनकी सामाजिक सेवाओं के लिए थावे विद्यापीठ, गोपालगंज, बिहार द्वारा डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उनकी निस्वार्थ सेवा भावना को सलाम करता है और उनके कार्यों को और अधिक प्रेरणा प्रदान करता है।

# महिला स्वयं सहायता समूहों के लिए सहकार भारती छत्तीसगढ़ द्वारा सहकारी समितियों पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित





पायनियर संवाददाता ᐸ रायपुर
www.dailypioneer.com

सहकार भारती छत्तीसगढ़ के बैनर तले महिला स्वयं सहायता समूहों के लिए सहकारी समितियों के गठन पर एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत करीब 50 महिला सदस्यों ने रायपुर का दौरा भी किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सहकार भारती छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष डॉ. लक्ष्मीकांत द्विवेदी थे। अग्रांशु द्विवेदी, सीईओ एवं सहकार भारती के युवा एवं तकनीकी प्रदेश प्रमुख ने महिलाओं को संबोधित किया और अमूल, कॉफी हाउस जैसी सफल सहकारी समितियों के उदाहरण देकर उन्हें सहकारिता के माध्यम से व्यवसाय शुरू करने के विभिन्न पहलुओं को समझाया। ओझा द्वारा विभिन्न उदहारण देकर महिलाओं को सशक्तिकरण की राह पर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी गई। यह कार्यक्रम विश्व महिला दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया था। कार्यक्रम की रचना सहकार भारती की महिला प्रकोष्ठ की सह प्रमुख प्रिया सिंह द्वारा की गई थी। प्रिया सिंह एवं रुपाली मेश्राम द्वारा एसएचजी की महिलाओं को संगठित करने उनका मार्गदर्शन एवं सहयोग करने जैसे उत्कृष्ट कार्य को लगातार किया जा रहा है, जिसके लिए उन्हें डॉ. लक्ष्मीकांत द्विवेदी द्वारा सम्मानित किया गया। डॉ. द्विवेदी ने अपने संबोधन में महिलाओं को सहकारी समितियों के गठन के महत्व पर बल दिया और कहा कि यह समय की आवश्यकता है। इस कार्यक्रम में करुणानिधि यादव (प्रदेश महामंत्री, सहकार भारती छत्तीसगढ़) राजेश द्विवेदी (प्रदेश मंत्री, सहकार भारती छत्तीसगढ़) विजय ठाकुर, ओझा, चंद्रमणि साहू एवं प्रिया सिंह सहित अन्य महत्वपूर्ण व्यक्तियों ने भी अपने विचार साझा किए। यह कार्यक्रम सहकार भारती के अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के आयोजन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा था। यह महिलाओं को सहकारी समितियों की अवधारणा को समझने और उसे अपनाने में बेहद सफल रहा।

# पं लखनलाल मिश्र की पुण्यस्मृति मे 16 मार्च को 25वां निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

पायनियर संवाददाता ᐸ खरोरा
www.dailypioneer.com

अंचल के प्रसिद्ध स्वंत्रता संग्राम सेनानी पं. लखनलाल मिश्र जी के 40वीं पुण्यतिथि के अवसर पर उनके सुपुत्र सेवानिवृत आई.ए.एस अधिकारी गणेश शंकर मिश्रा द्वारा विगत 25 वर्ष से प्रत्येक वर्ष 16 मार्च को निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन पं मिश्र के कर्म भूमि ग्राम मुरा मे किया जा रहा है। इसी कड़ी मे इस वर्ष भी 16 मार्च 2025 रविवार को पं मिश्र के पुण्य स्मृति मे 25वां निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर ग्राम मुरा मे सुबह 10 बजे से सायं 04 बजे तक आयोजित है। जिसमे प्रमुख रूप से रक्तचाप, मधुमेह, सर्जरी, शल्यक्रिया, स्त्रीरोग / बाँझपन, हड्डी रोग, शिशु संबंधित रोग, नेत्र रोग मोतियाबिंद, दाँत रोग, पेट रोग, किडनी एवं मूत्र रोग, कैसर इत्यादि समस्त प्रकार के रोगों का निःशुल्क जाँच कर दवाई वितरण किया जायेगा तथा ऐसे रोगी जिन्हे उच्च उपचार हेतु हॉस्पिटल मे भर्ती करके आपरेशन की जरूरत होंगी ऐसे रोगी एवं उनके एक सहायक को प्रसिद्ध मल्टी स्पेशलेटी हॉस्पिटल में निःशुल्क इलाज एवं रुकने खाने की सुविधा के साथ ग्राम मुरा से हॉस्पिटल लाने और छोड़ने की यवस्था भी की जाएगी। पं मिश्र के सुपुत्र जीएस मिश्रा ने अपील की है की खरोरा अंचल के जितने भी जरूरतद लोगो को जिन्हे अच्छे उपचार की आवश्यकता है वो इस शिविर का लाभ लेवे तथा अधिक से अधिक लोगो को इस सुविधा का लाभ लेने हेतु प्रेरित करे।

# राजपूत क्षत्रिय समाज का होली मिलन समारोह 23 को


**धमतरी।** राजपूत क्षत्रिय समाज धमतरी की बैठक 9 मार्च को रिसाइ पारा स्थित गायत्री मंदिर परिसर अनुष्ठान भवन में रखी गई थी जिसमे समाज के महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई और आगामी 23 मार्च 2025 को समाज द्वारा होली मिलन समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। राजपूत समाज की बैठक में मुख्य रूप से समाज के अध्यक्ष यदुनंदन सिंह, हनुमान सिंह, योगेश्वर सिंह, अवधेश सिंह ठाकुर, रामभुवन सिंह समेत समाज के वरिष्ठ जन उपस्थित थे। समाज की बैठक में युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष योगेश ठाकुर, क्षितिज ठाकुर समेत अन्य समाज के युवाओं ने भी भागीदारी दी।

# समाज से ऊपर उठकर राष्ट्रहित में कार्य करें तो हमारी ख्याति और बढ़ेगी : अंकिता यदु

## प्रांतीय पदाधिकारियों ने मंचीय भाषण नहीं दिया, राज अध्यक्ष महिला एवं युवा प्रकोष्ठ को भरपूर समय मिला

पायनियर संवाददाता ᐸ कुरूद
www.dailypioneer.com

प्रतिवर्षानुसार यादव ठेठवार समाज महासभा छत्तीसगढ़ का वार्षिक महाधिवेशन सत्र 2025 प्रयागराज त्रिवेणी संगम तीर्थ नगरी राजिम यदुवंशी ठेठवार मुख्यालय कार्यालय परिसर में सम्पन्न हुआ। प्रथम सत्र का शुभारंभ कृष्ण ध्वजारोहण श्री राधाकृष्ण मंदिर में प्रांताध्यक्ष गुलेन्द्र यादव, संरक्षक कृपाराम यादव एवं समाज प्रमुखों द्वारा ईष्टदेव की पूजा अर्चना आरती जय यादव-जय माधव का नारा उद्घोष शंखनाद के साथ हुआ। प्रथम सत्र महाधिवेशन सभास्थल प्रांगण में गुलेन्द्र प्रांताध्यक्ष की अध्यक्षता एवं डॉ. सुरेन्द्र यदु सभापति संरक्षक कृपाराम यादव, मोहन यादव, गोकुल यादव के अतिथि में आमंत्रित 43 राज 22 पार के अध्यक्षों में अधिकांश राज अध्यक्षों ने अपनी समस्या विचार और सुझाव दिये इन सभी का श्रीफल, शाल और प्रतीक चिन्ह से मंच पर ही सम्मानित किया गया। राज्य अध्यक्षों के विचार और सुझाव का सार अंश महिलाओं की राजनिति में सक्रियता बढ़ाने और शिक्षा को प्रोत्साहित करने जिला मुख्यालय में और अधिक यादव छात्रावास का निर्माण करने, नशामुक्त समाज बनाने, सामाजिक कुरीतियों को दूर करने रीति रिवाज संगठन में एकरूपता एवं यादव संविधान में सुधार। यादव जनसंख्या के आधार पर सत्ता में भागीदारी के लिए समाज प्रमुखों द्वारा राजनीतिक पार्टियों पर दबाव बनाने और सामाजिक, नागरिक महिला, पुरूष को राजनीति में भाग लेने परिवार के कम से कम सदस्य को प्रेरित करने की जरूरत को आवाज उठाया गया। बालोद राज के संरक्षक छग्गन लाल यादव ने प्रत्येक राज पार में पुनः जनगणना, यादव संविधान सुधार कराने पर जोर देते हुए कहा गांव मुहल्ला, प्रत्येक घर, परिवारों को ईकाई मानकर पुनः निर्धारित कालम फार्म भर कर जनगणना कराना इसीलिए आवश्यक हो गया क्योंकि आगामी बारह साल में हमारी जनसंख्या में अधिक वृद्धि हुई है। निश्चित जनसंख्या के आधार पर पुनः क्षेत्र क्रमांक पार की संख्या बढ़ानी होगी। छोटे राज्य या राज्य सभा के मुख्यालय से दूर रहने वाले पास आते है उसे समायोजित करने का



अवसर मिलेगा। प्रत्येक राज्य में हर परिवार के प्रत्येक वयस्क सदस्य को चुनाव के वोटर लिस्ट के प्रकाशन के बाद ही राज्य सभा पदाधिकारियों का चुनाव होना चाहिए और निर्वाचित राज के पदाधिकारियों को छत्तीसगढ़ यादव महासभा में मतदान का अधिकार होना न्यायसंगत होगा। हमारा यादव संविधान नियमावली तो है, समय परिस्थिति के अनुसार इसमें सुधार की आवश्यकता है इसके लिए बुद्धिजीवी, कानून के जानकार एवं वरिष्ठ नवयुवक, सामाजिक कार्यकर्ता की कमेटी में रखना उचित होगा। नरेन्द्र यादव अध्यक्ष बालोद ने बताया गांव का झगड़ा गांव पार में ही नहीं सुलझा तो राजसभा में आता है और राज में भी नहीं सुलझता तो प्रांतीय मुख्यालय राजिम जाता है परन्तु वहां भी कई साल लग जाते है, प्रकरण नासूर हो जाता है। कई राज्यों से अर्न्तजातिय विवाह के आवेदन आये, प्रस्ताव भी लाया गया परन्तु एक मत नहीं होने के कारण मामला आज भी लटका हुआ है। लूनचंद यादव खल्लारी राज समाज के अलग-थलग छुटे हुए लोगों को महासभा में मिलना चाहिए। सोमप्रकाश यदु अध्यक्ष चौकी राजनांदगांव ने सुझाव दिया। महासभा राजिम के अधीन 43 राज है कई राज मुख्यालय से बहुत दूर है इसलिए कम से कम तीन-चार संभाग का गठन किया जाये। जहां से राज्यों के सामाजिक गतिविधियां एवं सामाजिक प्रकरणों का समय पर निपटारा हो सके। शंकर लाल यादव छूरा राज राजसभा के प्रकरण का निपटारा महासभा में जल्द होना चाहिए अन्यथा प्रकरण नासूर बन जाता है। संतोष यादव अध्यक्ष रायपुर राज ने सुझाव दिया कि नारी सम्मान और शक्तिकरण के लिए प्रत्येक राज पार की बैठकों में महिलाओं की और अधिक भागीदारी सुनिश्चित किया जाये। छग्गन लाल यदु कांकेर राज रीति रिवाज नीति पूरे छत्तीसगढ़ में एक समान को कई राज्य प्रांतीय मुख्यालय संविधान नियम का पालन नहीं कर रहे हैं जिसके कारण असमंजस की स्थिति उत्पन्न होती है। आमंत्रित 43 राज्यों के आधे से अधिक राज अध्यक्षों और उनके प्रतिनिधियों ने यादव समाज संगठन को और मजबूत करने, सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक गतिविधियों को गति प्रदान करने के सुझाव दिये और पच्चास से अधिक सामाजिक निपटारा के लिए प्रांतीय महासभा को आवेदन प्राप्त हुआ। एक माह के अंदर कार्यकारिणी की बैठक में निर्णय लिया जायेगा का आश्वासन महासचिव समलिया यादव द्वारा अवगत कराया गया।

### द्वितीय सत्र-महिला प्रकोष्ठ सम्मेलन

यादव समाज महासभा छत्तीसगढ़ के प्रांतीय महिला प्रकोष्ठ के अध्यक्ष ललिता यदु की अध्यक्षता, सलाहकार रामकली सभापति अधिवक्ता दुर्ग एवं अंकिता यदु सिविल जज जगदलपुर के मुख्य अतिथि में सम्पन्न हुआ। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि महोदया ने सामाजिक संगठन को आगे बढ़ाने वाले वरिष्ठजनों, युवा वर्ग का आभार मानते हुए कहा आप सभी वरिष्ठजनों के प्रेरणा और सहयोग से महिला समाज जरूर आगे बढ़ेगा। बच्चों को शिक्षा स्कूल से और संस्कार तो केवल घर की मातृशक्ति से मिलता है तो इस कार्य में पुरूष वर्ग का भी भरपूर सहयोग मिलना चाहिए। महिला, पुरूष यादव ठेठवार नागरिक समाज से ऊपर उठकर राष्ट्र हित में काम करें तो हमारी यदुवंशी समाज की ख्याति और बढ़ेगी। सभापति रामकली यादव ने सुझाव दिया कि आज भी बेटियों को घर के बाहर निकलने के लिए रोकते है। इसी तरह बेटों को भी रात्रि में बाहर निकलने से रोकने चाहिए। बेटे भी संस्कारवान बने। महिला प्रांताध्यक्ष ललिता यदु, कुन्ती महासचिव केसरी, बबीता यदु उपाध्यक्ष, सुनीता यदु संरक्षक ने अपने विचार रखे। महिला सम्मेलन में 42 राज्य के अधिकांश महिला पदाधिकारियों में गंगोत्री यदु, कांति यादव संध्या प्रमिला, गायत्री, पुष्पा, उमा, त्रिवेणी, पुष्पा, संतोषी, विमला, दुर्गेशनंदिनी, चुमेश्वरी, रामेश्वरी ओमेश्वरी, विमला कंचन यदु, केकती यदु, जुली यदु, गोदावरी यदु, देवजानी यदु रायपुर नगर के अंजनी यदु आदि ने अपने विचार यादव समाज के सामने रखें। अधिवेशन में महिला पदाधिकारियों का सम्मान किया गया।

### तृतीय सत्र- सम्मान एवं समापन समारोह

तृतीय सत्र सम्मान समारोह में उपस्थित समाज सेवक प्रमुख, राज्य, पार अध्यक्ष, राजनैतिक प्रतिनिधि रमेश यदु प्रदेश अध्यक्ष सर्व यादव समाज, रमेश यदु पूर्व मंडी अध्यक्ष भाटापारा, पुहुप यादव संरक्षक भाटापारा, छग्गन लाल यादव संरक्षक भाटापारा, छग्गन लाल यादव संरक्षक खमजू बालोद राज, राज यदु छावनी, नरेंद्र यदु, रामाधार यादव भिलाई आदि को श्रीफल, शॉल एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। नव निर्वाचित राजनीतिक प्रतिनिधि महेश यादव नगर पालिका अध्यक्ष राजिम, डॉ. उत्तम यादव डौंडीलोहारा, गोविन्द यादव जिला पंचायत सदस्य बरतोरी, मंजू रमेश यदु जनपद पंचायत भाटापारा, आदि उपस्थित जिला सदस्य जनपद सदस्य सरपंच का श्रीफल, प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया।

भोजन व्यवस्था एवं कार्यक्रम को सफल बनाने जमीन से जुड़े ठाकुर राम यादव, दशरथ यादव, रामा यादव, अशोक यादव, जयचंद यादव, संजय यादव, नरेन्द्र यदु, उमाशंकर यादव, बलदेव यादव, चन्द्रभूषण यादव एवं प्रचार प्रभारी टिल्लु राम यादव नयापारा राजिम के कार्यकर्ताओं का सहयोग सराहनीय रहा जिनका सम्मान श्रीफल प्रतीक चिन्ह भेंटकर किया गया। सम्पूर्ण कार्यक्रम तक शीतल कोल्डड्रिंग की व्यवस्था करूणाशंकर यादव जगदलपुर वाले के द्वारा किया गया। वार्षिक अधिवेशन समापन अवसर पर प्रांताध्यक्ष गुलेन्द्र यादव ने वार्षिक प्रतिवेदन भाषण में सामाजिक कार्य गतिविधियों, रचनात्मक कार्य, बाऊण्ड्रीवाल मरम्मत एवं सामाजिक अतिरिक्त भवन, सेट निर्माण बनकर तैयार है। शासकीय हेण्ड वोव्हर होने के बाद शीघ्र लोकार्पण कार्यक्रम की जानकारी देते हुए आशवस्त किया कि विभिन्न राज पार के सुझाव लिपिबद्ध किये गये है। आवेदन भी प्राप्त हुए है जिस पर आगामी कार्यकारिणी की बैठक में संबंधित पक्षों को आमंत्रित कर सर्वसम्मति से निर्णय लिया जायेगा।

# चांपा में सटटा कार्रवाई में 4.30 लाख की वसूली का आरोप पीड़ित का एसडीओपी ने लिया बयान, जांच हुई शुरू

पायनियर संवाददाता < जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com



सट्टा कार्रवाई के दौरान 4 लाख 30 हजार रुपये की अवैध वसूली का मामला सामने आया है। पीड़ित रेणु कसेर ने इस संबंध में एसपी से शिकायत की थी, जिसके बाद आज चांपा एसडीओपी ने उन्हें बयान दर्ज कराने के लिए ऑफिस बुलाया। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि सट्टा की कार्रवाई के दौरान साइबर टीम ने उनके घर से 4.30 लाख रुपये ले लिए और किसी अन्य व्यक्ति का नाम लेने के लिए दबाव बनाया। मीडिया में खबरें प्रकाशित होने के बाद एसडीओपी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए लगभग ढाई घंटे तक पीड़ित से पूछताछ की और उनका बयान दर्ज किया। पीड़ित ने साइबर टीम पर अवैध वसूली के गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़ित ने कहा कि साइबर टीम सिर्फ जुआ-सट्टा के मामलों में कार्रवाई करती है और इनमें अक्सर पैसों की वसूली के आरोप लगते रहते हैं। जिले में साइबर टीम की कार्यप्रणाली को लेकर पहले भी सवाल उठते रहे हैं। टीम के कुछ कर्मचारी लंबे समय से इस काम में जुड़े हैं और अवैध वसूली का आरोप उन पर पहले भी लग चुका है। साइबर टीम पर गुम मोबाइल लौटाने के नाम पर भी वसूली करने के आरोप लगे हैं। पीड़ित का कहना है कि साइबर टीम के रवैये से जिले की पूरी पुलिस बदनाम हो रही है और इस पर सख्त अंकुश लगाना जरूरी है। सूत्रों के अनुसार, मीडिया में इस मामले की खबरें सामने आने के बाद पुलिस ने इस पर संज्ञान लिया और पीड़ित का बयान दर्ज किया। पीड़ित ने मांग की है कि इस मामले की निष्पक्ष जांच हो और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। इस मामले के बाद जिले की साइबर टीम की भूमिका को लेकर पुलिस विभाग की कार्यशैली पर सवाल उठने लगे हैं। लोगों का कहना है कि यदि साइबर टीम की कार्यप्रणाली पर अंकुश नहीं लगाया गया, तो यह कानून-व्यवस्था के लिए गंभीर चुनौती बन सकती है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।



## छोटी-मोटी कार्रवाइयों से वाहवाही लूट रही साइबर टीम, बड़ी लूट के अपराधी अब भी फरार

पायनियर संवाददाता < जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com

जिले की साइबर टीम इन दिनों छोटी-मोटी अपराधों पर कार्रवाई कर वाहवाही लूटने में व्यस्त नजर आ रही है, जबकि जिले में हुई 78 लाख की लूट का मामला अब भी ठंडे बस्ते में पड़ा है। खोखरा स्थित शराब दुकान के पास दो बदमाशों ने सिक्योरिटी गार्ड को गोली मारकर यह लूट की वारदात अंजाम दी थी, लेकिन पुलिस अब तक आरोपियों तक नहीं पहुंच सकी है।

**छोटी मछलियों पर शिकंजा, मगर बड़ी लूट पर चुप्पी**-पिछले कुछ दिनों में साइबर टीम ने सट्टा और छोटी चोरी के मामलों में कई गिरफ्तारियां की हैं, लेकिन जनता का कहना है कि ये कार्रवाई केवल दिखावे के लिए की जा रही है। लोग आरोप लगा रहे हैं कि पुलिस उन्हीं मामलों में रुचि लेती है, जहां से कुछ 'फायदा' मिलता है, जबकि संगीन अपराधों को नजरअंदाज किया जा रहा है।

**बड़े अपराधों पर कार्रवाई क्यों नहीं?**-लोगों का कहना है कि जब आम आरोपी किसी बड़े नाम का खुलासा करता है, तो पुलिस तुरंत कार्रवाई करती है, लेकिन जब खुद उनके विभाग पर सवाल उठते हैं, तो जांच को ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है। चांपा सट्टा मामले में सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस को मिल चुके हैं, फिर भी अब तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है।

**आईपीएल सीजन में फिर होगी 'हरकतें'**-अब कुछ ही दिनों में आईपीएल शुरू होने वाला है, और लोगों का कहना है कि सट्टा बाजार में फिर से साइबर टीम के कुछ संदिग्ध कर्मचारी सक्रिय होंगे। जनता को अब लगभग यह साफ हो गया है कि पुलिस किस दिशा में काम कर रही है और किस तरह से अपराधों पर पर्दा डालने की कोशिश हो रही है।

# स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 को लेकर नगर निगम का अमला ने कसा कमर

पायनियर संवाददाता < भिलाई
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में स्वच्छता सर्वेक्षण की टीम 2024 आने वाली है। नगर निगम भिलाई आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय स्वयं प्रत्येक दिन निरीक्षण कर रहे है। साथ में जोन आयुक्त, स्वास्थ्य अधिकारी, अभियंतागण, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी, सहायक राजस्व अधिकारी, वार्ड के सुपरवाईजर आदि सब अपने-अपने कार्यो के प्रति मुस्दैत होकर कार्य कर रहे है। शुरू में आयुक्त स्वयं किसी भी जोन में बताकर जाते थे, अब आकस्मिक निरीक्षण करने किसी भी जोन के किसी भी वार्ड में पहुचं जाते है। वहां पर स्वयं निरीक्षण करते है संबंधित को बुलाकर जवाबदेही तय करते है। किसी प्रकार की लापरवाही पर संबंधित को नोटिस भी दिया जा रहा है। स्वच्छ सर्वेक्षण के दौरान प्रमुख रूप से नागरिको का फीड बैक बहुत महत्वपूर्ण है। ऑनलाईन लिंक सिस्टम के माध्यम से करना है। घर-घर कचरा संग्रहण, कबाड़ से जुगाड़, सीएनडी वेस्ट का उपयोग, मार्केट एवं चौंक चौराहो की सफाई, कचरो से पुनः उपयोग, कचरा में कमी लाना, पुराने कचरो को सही ढंग से सेग्रिगेट करना, कचरो से खाद बनाना, गीला एवं सूखा कचरा अलग-अलग देना, प्रमुख बाजारों में टाइम कचरा लेना, सुलभ शौचालय, उद्यान, तालाब, सड़क आदि की व्यवस्थित साफ-सफाई रखना, यह सब शामिल है। नगर निगम का पुरा प्रयास है कि पुराने रैकिंग में सुधार लाते हुए अच्छा कार्य किया जाये। वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन, महापौर नीरज पाल ने सभी नागरिको से अपील की है कि अपने क्षेत्र की स्वच्छता गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए अपना भरपूर सहयोग करें। आज इंदौर शहर स्वच्छता में नम्बर 1 पर है, क्योकिं वहा का प्रत्येक नागरिक सफाई में अपना योगदान देते है। कचरा इधर-उधर नहीं फेकते है, गीला एवं सूखा कचरा अलग-अलग कर देते है। इसी प्रकार हम सब भी भिलाई शहर को नम्बर 1 बनाने के लिए अपना योगदान दें। जिससे शहर को स्वच्छ एवं साथ-सुथरा बना सकें। अपना शहर भी अन्य शहरो की तरह साफ सुन्दर एवं स्वच्छता में अग्रणी रहे। जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत, येशा लहरे, सतीश यादव, अमरनाथ दुबे, कुलदीप गुप्ता, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक व्ही के सेमुवल, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना, अनिल मिश्रा, बीरेन्द्र बंजारे, हेमंत मांझी, सागर दुबे एवं जोन स्वच्छता निरीक्षकों को जिम्मेदारी दी गई है कि सभी लोग अपने अपने क्षेत्र में पूर्ण रूप से मुस्तैद रहे निगम के जो भी संसाधन है, उसका उपयोग करते हुए कार्य को अच्छे से करना है।

# बच्चों को सुपोषित बनाने जीई फाउंडेशन ने आंगनबाड़ी में बांटे पोषण आहार

- हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं की जानकारी भी दी, बच्चों को कुपोषण से बचाने आगे आने का आह्वान

पायनियर संवाददाता < भिलाई
www.dailypioneer.com



सामाजिक सेवा संस्थान गोल्डन एम्पथी (जीई) फाउंडेशन ने सुपोषण अभियान के अंतर्गत शास्त्री चौक, शास्त्री नगर-1, तीन दर्शन मंदिर स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में पोषण आहार का वितरण किया। इस दौरान हितग्राहियों को विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी दी गई और बच्चों को कुपोषण से बचाने आगे आने का आह्वान किया गया। सुपोषण अभियान के अंतर्गत जीई फाउंडेशन के सदस्य शास्त्री नगर आंगनबाड़ी पहुंचे। यहां बच्चों को प्रोटीन पाउडर, सोया बड़ी और बिस्किट सहित पोषण आहार प्रदान किया गया। माताओं को बच्चों में कुपोषण दूर करने के उपायों की जानकारी दी गई। इस दौरान माताओं ने अपने बच्चों को सुपोषित बनाने शपथ ली। परिक्षेत्र की सुपरवाइजर अंजू यादव ने नोनी योजना के समस्त पात्र हितग्राहियों को आंगनबाड़ी केंद्र स्तर पर पंजीयन कराने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने महतारी वंदन योजना के अंतर्गत पात्र रहे हितग्राहियों की मृत्यु उपरांत अंतरित राशि राज्य शासन को वापस करने के संबंध में प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी दी। जीई फाउंडेशन की ओर से संयोजक प्रदीप पिल्लई ने 0-5 वर्ष के बच्चों का आधार कार्ड बनाने हेतु प्रेरित किया। इस संबंध में उन्होंने समस्त औपचारिकताओं की जानकारी हितग्राही माताओं को दी। कार्यक्रम में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सविता डाकोरे, तबस्सुम, रुक्मिणी चंद्राकर, रंजना बागड़े और रक्मिणी कश्यप तथा जीई फाउंडेशन की ओर से प्रकाश देशमुख, सोनम सागर और विशाखा मंगुड़े सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# सौन्दर्यीकरण के नाम पर पेड़ न हटाए : आयुक्त

## हाट में गंदगी देख नोटिस देने निर्देश

पायनियर संवाददाता < रिसाली
www.dailypioneer.com



सौन्दर्यीकरण के नाम पर रोपे गए पौध को नष्ट न करे। उक्त निर्देश आयुक्त मोनिका वर्मा ने दिए है। उन्होंने अभियंता से कहा कि पौध या पेड़ को सहजते हुए ऐसे ड्राइंग बनाए जिसमें हरियाली भी दिखे। रिसाली निगम आयुक्त डुण्डेरा में स्वच्छता सर्वेक्षण के तहत चल रहे कार्यो की समीक्षा करने पहुंची थी। दरअसल डुण्डेरा चैक के निकट नागरिकों द्वारा कचरा फेका जा रहा है। डोर टू डोर कचरा कलेक्शन होने के बाद गंदगी फैलाने पर आयुक्त ने नाराजगी जाहिर करते उस स्थान का सौन्दर्यीकरण करने निर्देश दिए। नागरिकों का कहना था कि कुछ दिन पहले उस स्थान पर पौध रोपा गया है। आयुक्त ने पौध या वृक्ष को बिना नुकसान पहुंचाए सौन्दर्यीकरण करने कहा है। निरीक्षण के दौरान अभियंता, स्वास्थ्य विभाग प्रभारी, पार्षद खिलेन्द्र चंद्राकर, रोहित धनकर आदि उपस्थित थे।

**हाट में गंदगी देख भड़की आयुक्त**-निगम आयुक्त निरीक्षण के दौरान डुण्डेरा में लगने वाले साप्ताहिक बाजार स्थल पहुंची। इस स्थान पर पौनी पसारी योजना के तहत चबुतरा बना है। चबुतरे के नीचे चिकन व्यापारी द्वारा गंदगी फैलाए जाने पर नोटिस देने निर्देश देते सुधार नहीं होने पर दुकान हटाने की कार्यवाही करने स्वास्थ्य विभाग प्रभारी को जिम्मेदारी दी।

**मंगल भवन के बगल में बनेगा शेड**-निगम ने डुण्डेरा में बने मंगल भवन के संचालन के लिए एजेंसी नियुक्त किया है। भवन के बगल में अस्थाई बांस बल्ली से किचन बनाया गया है। आयुक्त ने स्थिति को देखने के बाद किचन कम स्टोर रूम के लिए शेड तैयार करने प्रस्ताव शासन को भेजने निर्देश दी है।

# नगर निगम के बजट पर चर्चा के लिए अधिकारियों के साथ बैठक

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com



नगर निगम का बजट वर्ष 2025-26 पर चर्चा के लिए नगर निगम मुख्यालय महापौर अलका बाघमार द्वारा आयुक्त सुमित अग्रवाल, सभापति श्याम शर्मा के मौजूदगी में जनप्रतिनिधयों सहित संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक ली गई।इसमें नगर की सफाई और विकास कार्य सहित अन्य मुद्दों पर पार्षदो ने विचार व्यक्त किये। महापौर अलका बाघमार की अध्यक्षता में नगर निगम मुख्यालय महापौर कक्ष में शाम को बैठक आहुति गई। इस बार के बजट में नगर की सफाई व्यवस्था और सड़क निर्माण, सहित शहर नागरिको के लिए अच्छा सा कोई सौगात हेतु कार्य, सड़क मरम्मत आदि पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। बैठक में पार्षद मनीष साहू,गोविंद्र देवांगन, निलेश अग्रवाल, शिवनायक सहित कार्यपालन अभियंता आरके जैन, भवन अधिकारी गिरीश दीवान, सहायक अभियंता व बाजार अधिकारी संजय ठाकुर, राजेन्द्र ढाबाले, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, सुरेश केवलानी, विनोद मांझी, करण यादव, पंकज साहू, प्रेरणा दुबे, सहायक राजस्व अधिकारी शुभम गोइर अन्य अधिकारी मौजूद रहेंगे। बैठक में महापौर अलका बाघमार कहा गर्मी का मौसम आ गया है वार्ड क्षेत्र के अंतर्गत शहर वासियों को पानी की समस्या से न सामना न करना पड़े बचे हुए जगहों पर पाइप लाइन का विस्तार जल्द करवाये।

# ज्ञान ज्योति माता सावित्रीबाई के कार्यों को किया याद, बुद्ध भूमि कोसा नगर में मनाई पुण्यतिथि





पायनियर संवाददाता < भिलाई
www.dailypioneer.com

प्रथम शिक्षिका क्रांति ज्योति सावित्रीबाई फुले माता के परिनिर्वाण दिवस पर बुद्ध भूमि कोसा नगर प्रतिमा स्थल के पास श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनके अतुलनीय योगदान को याद किया गया। सर्वप्रथम मोमबत्ती और अगरबत्ती प्रज्वलित कर माता सावित्रीबाई फुले की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात त्रिशरण और पंचशील का पाठ किया गया। बौद्ध कल्याण समिति के अध्यक्ष नरेंद्र शेन्डे ने माता सावित्रीबाई फुले के शिक्षा के क्षेत्र में किए गए कार्यों को याद किया। भिमाई महिला मंडल की अध्यक्षा दानशीला रामटेके ने माता सावित्रीबाई फुले के समाज सेवा के कार्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महिलाओं की शिक्षा समानता और बहुजनों के हक और अधिकारों के लिए उनका संघर्ष और योगदान हमारे लिए सदैव प्रेरणादायी रहेगा। इस अवसर पर गीतेश्वरी रामटेके, मीनाक्षी मून, कोमल चंद्रिकापुरे, नीतू मेश्राम, माया सुखदेव, अल्का शेन्डे, श्रावस्ती रामटेके, प्रिया मेश्राम, वीरेंद्र मेश्राम, गौतम डोंगरे प्रेरणा धाबर्डे और डॉक्टर उदय धाबर्डे तथा अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। आभार प्रदर्शन बौद्ध कल्याण समिति के उपाध्यक्ष रंजू खोबरागड़े ने किया तथा भविष्य में भी बुद्ध भूमि में रचनात्मक कार्यों को करने पर जोर दिया।

# कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी आमजनों की विभिन्न समस्यायें, कुल 18 आवेदन प्राप्त हुए

पायनियर संवाददाता < सक ती
www.dailypioneer.com



जिला कार्यालय में आयोजित हुए कलेक्टर जनदर्शन में कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अमृत विकास तोपनो द्वारा जिले के दूर दराज के इलाकों से आए विभिन्न लोगों की समस्याएं सुनी गई। जनदर्शन में अलग-अलग समस्याओं के निराकरण हेतु कुल 18 आवेदन प्राप्त हुए। जिस पर कलेक्टर ने प्राप्त आवेदनों को कलेक्ट्रेट परिसर सभाकक्ष में उपस्थित संबंधित अधिकारियों को तत्काल देकर यथाशीघ्र नियमानुसार त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए है। इस दौरान जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकरी वासु जैन, अपर कलेक्टर बीरेंद्र लकड़ा और सभी संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे,जनदर्शन में तहसील सक्ती अंतर्गत ग्राम रग़ज़ा निवासी कन्हैया उरांव द्वारा बंटवारे के संबंध में, परसदा निवासी पंचराम अजय ने नहर निर्माण में भूमि के मुआवजा के संबंध में, तहसील मालखरौदा अंतर्गत ग्राम छोटे रबेली निवासी बाल जोगेश्वर ने एम.बी.बी.एस. की पढ़ाई में आर्थिक सहायता के संबंध में, तहसील जैजैपुर अंतर्गत ग्राम जूनवानी निवासी संतोष कुमार ने जैजैपुर तहसील कार्यालय में लोक सेवा केंद्र संचालन हेतु अनुमति प्रदाय करने के संबंध में, तहसील मालखरौदा अंतर्गत ग्राम छोटे सीपत निवासी भुवनेश्वर लाल कुर्रे ने ईट भटटा की सब्सिडी प्रदान करने के संबंध में, तहसील मालखरौदा निवासी नवीन कुमार यादव ने अनुकंपा नियुक्ति के संबंध मे सहित अन्य विभिन्न आवेदको द्वारा साप्ताहिक जनदर्शन में आवेदन दिया गया। उल्लेखनीय है कि आमजनों की समस्याओं का प्राथमिकता के साथ तथा शीघ्र निराकरण करने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट कार्यालय में प्रत्येक सप्ताह के मंगलवार को जिला स्तरीय जनदर्शन का आयोजन किया जा रहा है।

# करदाता मार्च के बाद संपत्तिकर जमा किया तो देना पड़ेगा 15 प्रतिशत ब्याज, एक हजार फाइन

## संपत्ति कर जमा करने के निगम राजस्व टैक्स काउंटर में लोगों की भीड़





पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com

वित्तीय वर्ष 2024-25 के कर लक्ष्य को पूरा करने निगम ने पूरी ताकत झोंक रखी है। आयुक्त सुमित अग्रवाल ने टैक्स वसूलने वाली राजस्व विभाग टीम को हर हाल में लक्ष्य के करीब पहुंचने के लिए कहा गया है।इधर निगम प्रशासन ने नागरिको से अपील कर दी है कि 31 मार्च के बाद टैक्स जमा करने वालों को 15 प्रतिशत ब्याज व एक हजार रुपये अधिभार देना होगा।हालांकि इस बार संपत्ति कर जमा करने के लिए राजस्व टैक्स काउंटर में लोगों की भीड़ देखने को मिल रही है।निगम प्रशासन द्वारा संपत्ति कर जमा करने के लिए विशेष व्यवस्था की है। छुट्टी के दिन भी लोग संपत्ति कर जमा कर सकते हैं। मात्र होली के दिन अवकाश रहेगा। नगर पालिक निगम द्वारा 31 मार्च के पहले संपत्तिकर जमा करने पर मिल रही है छूट टैक्स वसूलने के लक्ष्य को पूरा करने में निगम राजस्व अधिकारी आरके बोरकर, सहायक राजस्व अधिकारी शुभम गोइर सहित राजस्व अमला ने पूरी ताकत झोंक दी है।नगर निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल ने इसके लिए विशेष व्यवस्था करवाई है। कोई भी व्यक्ति बिना किसी परेशानी के संपत्ति कर जमा कर सकते है। आयुक्त ने कहा है कि जलकर, संपत्ति कर, भूभटक सही समय पर जमा करने पर अधिभार नहीं लगेगा। 31 मार्च के बाद देना पड़ेगा 15 फीसदी तक अधिभार वित्तीय वर्ष 2024-25 का टैक्स जमा करने के लिए केवल 20 दिन ही शेष रह गए हैं। 31 मार्च की अंतिम तिथि तक टैक्स जमा करने में अधिभार नहीं लगेगा। इसके बाद से 15 प्रतिशत व एक हजार रुपये अतिरिक्त अधिकार लगेगा।

## जकात लेने वालों को देने वालों में बदलना, मकसद, संवरेगा जरूरतमंद बच्चों का भविष्य

# माहे रमजान में 'तालीम के लिए जकात' की मुहिम शुरू की 'इकरा' ने

पायनियर संवाददाता < भिलाई
www.dailypioneer.com




ट्विन सिटी दुर्ग-भिलाई में सक्रिय संगठन इकरा टीचर्स एसोसिएशन ने रमजान के महीने में जकात का हिस्सा तालीम के लिए लेने मुहिम शुरू की है। एसोसिएशन की ओर से इस रमजान माह में तालीम के लिए जकात देने लोगों को प्रेरित किया जा रहा है। एसोसिएशन की सरपरस्त समीना फारुकी, सदर यास्मीन नाज और सचिव एयू खान का मानना है कि इसके जरिए जरूरतमंद बच्चों का भविष्य संवारने की कोशिशों को मजबूती मिलेगी। गौरतलब है कि 2006 में ट्विन सिटी के कुछ जागरुक लोगों द्वारा शुरू की गई इकरा टीचर्स एसोसिएशन के जरिए शिक्षा के क्षेत्र में बड़े पैमाने पर कार्य किया जा रहा है। पदाधिकारियों ने बताया कि उनका संगठन एक वक्फ जकात फाउंडेशन है, जो जरूरतमंद और गरीबों को प्राथमिक तकनीकी (आईटीआई) से लेकर उच्च स्तर तक की तकनीकी शिक्षा के लिए सहयोग करता है। इसके लिए जकात सबसे बड़ा जरिया है। पदाधिकारियों के मुताबिक उनके संगठन का मकसद जकात लेने वालों को जकात देने वालों में बदलना है और इस मकसद में काफी हद तक कामयाबी भी मिल रही है। जिसमें एसोसिएशन के माध्यम से अब तक कई सौ जरूरतमंद बच्चों की पूरी फीस के भुगतान के साथ मदद की गई। इसके साथ ही हर वर्ष विभिन्न कक्षाओं के प्रावीण्यता प्राप्त होनहार बच्चों का सम्मान किया जाता है। हाल ही में एसोसिएशन के सालाना आयोजन में अंचल के ऐसे 25 नौजवानों को खास तौर पर बुलाकर सम्मानित किया गया था, जिन्होंने इकरा टीचर्स एसोसिएशन की मदद से अपनी तालीम पूरी की और आज देश-विदेश में जॉब कर रहे हैं। ये सभी अब नई पीढ़ी के बच्चों का भविष्य संवारने अपना योगदान दे रहे हैं। पदाधिकारियों ने बताया कि रमजान के महीने में मुस्लिम समुदाय अपनी आय का एक निश्चित हिस्सा जकात (दान) के लिए निकालता है। ऐसे में इकरा टीचर्स एसोसिएशन ऐसे सभी लोगों से तालीम के लिए जकात देने अपील कर रहा है। पदाधिकारियों का कहना है कि तालीम के लिए दी गई जकात से किसी जरूरतमंद बच्चे का भविष्य संवर सकता है, ऐसे में इसकी अहमियत को देखते हुए लोगों से संपर्क किया जा रहा है। इकरा टीचर्स एसोसिएशन से शकील अहमद खान, गौसुल वरा खान, अजमेरी खान, शेख जाफर, शहनाज, सैयद जाफर, शायना परवीन, नसरीन नाज और कुमारी शहनाज सहित तमाम लोगों ने माहे रमजान में जकात का एक हिस्सा तालीम के लिए निकालने की अपील की है। मदरसा ताज उल उलूम, रुआबांधा के प्रिंसिपल मुफ्ती मुहम्मद शाहिद अली मिस्बाही ने बताया कि जकात और फितरा इस्लामिक दान हैं। ज़कात इस्लाम में फर्ज (अनिवार्य) है, जिसमें हैसियत मंद को अपनी संपत्ति का एक निश्चित हिस्सा (2.5 फीसदी) साल में एक बार जरूरतमंदों को देना अनिवार्य है। इसी तरह फितरा भी एक विशेष प्रकार का दान है जो रमजान महीने के अंत में ईद-उल-फितर की नमाज़ से पहले अदा किया जाना वाजिब है। जिसमें गेंहू, जौ, खजूर और किशमिश के मौजूदा बाजार मूल्य के हिसाब से 2 किलो 47 ग्राम की रकम परिवार के हर सदस्य की तरफ से दी जाती है। ज़कात-फितरा का मकसद गरीबों, यतीमों, विधवाओं, और अन्य जरूरतमंदों की मदद करना है। ज़कात देने से समाज में समृद्धि और आर्थिक समानता आती है। इसका उद्देश्य गरीबों और जरूरतमंदों को ईद के मौके पर खुशियां मनाने के लिए मदद प्रदान करना है।

## मुक्तिधान नवनिर्माण मार्ग के अधूरा कार्य को पूर्ण करवाने एवं

# पुलगांव नाला ब्रिज की मरम्मत कर हेतु सभापति सहित पार्षदो ने सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत गंजपारा से शिवनाथ नदी मुक्तिधाम मार्ग पिछले पाँच वर्षो से लगभग 500 मीटर रोड निर्माणधीन हैं। सड़क का निर्माण अधुरा है आस-पास के 5-6 वार्ड के रहवासीयों को धुल एवं प्रदुषण के कारण जीना हराम हो गया है एवं सड़क जर्जर होने के कारण कई दुर्घटना घट चुकी हैं।

इनके साथ ही पुलगॉव नाला ब्रिज का सड़क काफी जर्जर हैं उक्त ब्रिज पर भी कई घटना हो चुकी। उसके बाद भी सड़क का मरम्मत नही किया गया हैं। सभापति श्याम शर्मा,पार्षद लीलाधर पाल, कुलेश्वर साहू, खालिद रिजवी शेरु काशीराम कोसरे, साजन जोसफ, गुलशन साहू, कमल देवांगन, प्रकाश गीते, ललित ढीमर, प्रतिभा गुप्ता, बबीता यादव, जिंतेंद्र ताम्रकर पार्षदो ने आज जनदर्शन में जिला कलेक्टर अभिजीत सिंह से मुलाकात कर शिवनाथ नदी मुक्तिधान नवनिर्माण मार्ग के अधुरा कार्य को पूर्ण करवाने एवं पुलगाँव नाला ब्रिज की मरम्मत कर हेतु सौंपा ज्ञापन है। सभापति श्याम शर्मा व पार्षदो ने कलेक्टर से कहा दोनो कार्य अपने संज्ञान में लेते हुये जल्द से जल्द सड़क निर्माण करवाने एवं पुलगाँव नाला का मरम्मत हेतु ज्ञापन दिया है।

## संपादकीय

### चैंपियन्स ट्राफी भारत की विजय

**न्यूजीलैंड** को हरा कर टीम इंडिया ने चैंपियन्स ट्राफी पर कब्जा कर लिया है। क्रिकेट के इतिहास में गौरवपूर्ण क्षण में टीम इंडिया ने दुबई में सम्मानित आईसीसी चैंपियन्स ट्राफी में न्यूजीलैंड को चार विकेट से पराजित कर विजय प्राप्त की। यह कठोर प्रतिबद्धता, असाधारण कौशल तथा दबाव के बावजूद अडिग टीम की विजय है। इस विजय से न केवल 'व्हाइट बाल गेम' में भारत का प्रभुत्व स्थापित होता है, बल्कि इससे देश में क्रिकेट की एकजुट करने वाली शक्ति भी उजागर होती है। टूर्नामेंट के पहले मैच से भारत ने अजेय होने की छवि बना ली थी और न्यूजीलैंड के खिलाफ फाइनल इसका कोई अपवाद नहीं था।

कीवियों को 251–7 पर समेटने के बाद कुलदीप यादव, वरुण चक्रवर्ती, अक्षर पटेल व रवीन्द्र जड़ेजा की स्पिन चौकड़ी ने विपक्ष पर सटीक हमला किया। उनके 38 ओवर नियंत्रण रनों के प्रवाह तथा न्यूजीलैंड बल्लेबाजों की गलतियों का लाभ उठाने का नमूना थे। विराट कोहली के बाहर जाने के शुरुआती झटके के बाद रोहित शर्मा ने जिम्मेदारी संभाली और शानदार 76 रन बनाए। उनकी आक्रामकता से भारत की रन रेट कभी गिरी नहीं। केएल राहुल ने मजबूती प्रदर्शित करते हुए सटीक रूप से इसे आगे बढ़ाया। इससे भारत की उच्च–दबाव वाली स्थितियों में काम करने की क्षमता स्पष्ट होती है।

भारत में क्रिकेट एक खेल से आगे बढ़ कर सांस्कृतिक अवधारणा है जो विविध पृष्ठभूमि के लोगों को जोड़ती है। मुंबई की भीड़भाड़ वाली गलियों से लेकर झारखंड के सुदूर गांवों तक यह खेल लोगों में भावनात्मक रूप से साझा राष्ट्रीय पहचान पैदा करता है जो वर्ग, धर्म और भाषा की सभी दीवालें तोड़ती है। चैंपियन्स ट्राफी की इस विजय ने क्रिकेट की एकीकरण शक्ति पुन: प्रकट की है। पूरे देश ने विजय का उत्सव मनाया तथा लाखों लोग एकसाथ टीम की सफलता का आनन्द उठाने सड़कों पर उतरे। यह विजय केवल ट्राफी नहीं, बल्कि पूरी पीढ़ी को प्रेरणा देने वाली, लोगों को एकसाथ सामूहिक आनन्द में जोड़ने वाली तथा भारतीय पृष्ठभूमि में खेलों का असाधारण महत्व प्रकट करने वाली है।

आईसीसी में विजय ज्यादा सफलता के लिए प्रेरणा देगी। यह भावी वैश्विक टूर्नामेंटों में टीम इंडिया में अपने प्रति विश्वास और गतिशीलता पैदा करेगी। रोहित शर्मा का नेतृत्व, स्पिनरों का पुन: प्रभुत्व तथा शानदार बल्लेबाजी और गेंदबाजी ने विश्व क्रिकेट में भारत की अजेय शक्ति सिद्ध की है। यह विजय ब्लू जर्सी पहनने का सपना संजोए असंख्य युवा क्रिकेटरों को प्रेरित करेगी। अपने नायकों को ट्राफी उठाते देख कर देश भर के लोगों में उम्मीदें पैदा हुई हैं। इससे भावी क्रिकेटरों को कठोर परिश्रम करने तथा सबसे ऊंची उड़ान भरने की प्रेरणा मिली है। भारतीय टीम को चारों ओर से प्रशंसा मिल रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय क्रिकेट टीम की प्रशंसा करते हुए कहा है कि उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में शानदार खेल दिखाया। भारत की राष्ट्रपति सुश्री द्रोपदी मुर्मू ने भी भारतीय क्रिकेट टीम को इस शानदार विजय के लिए बधाई दी है। इसके साथ ही अनेक प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों तथा राजनीतिक दलों के प्रमुखों ने भी भारतीय क्रिकेट टीम को बधाई दी है। लोकसभा में विपक्ष तथा कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि चैंपियन्स ट्राफी में भारत की विजय शानदार व्यक्तिगत प्रदर्शनों का नतीजा है। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री तथा आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने भी भारतीय टीम को बधाई दी है। चैंपियन्स ट्राफी में विजय भारत की क्रिकेट श्रेष्ठता का प्रमाण तथा आने वाली सफलताओं की भूमिका है।

अनुभवी खिलाड़ियों तथा युवा नायकों के बीच समन्वय टीम का लगातार प्रभुत्व सुनिश्चित करता है। एक और आईसीसी ट्राफी प्राप्त करने से गौरवान्वित भारत के सामने स्पष्ट है कि यह केवल क्रिकेट की विजय न होकर एक देश की विजय है जो खेल के प्रेम से एकजुट है, विश्व मंच पर मजबूती से खड़ा है तथा और अधिक उज्जवल भविष्य की ओर बढ़ रहा है। भारतीय क्रिकेट टीम की विजय से उत्साहित जनता देश के अनेक शहरों में बड़ी संख्या में सड़कों पर उतरी और उसने आगामी होली के साथ दीपावली भी शान से मनाई।

# ट्रंप के टैरिफ युद्ध का प्रभाव

भारत को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा छेड़े गए समान टैरिफ युद्ध का सामना करना होगा। पूर्ण व्यापार युद्ध में बदलने से पहले इसके राजनयिक समाधान की जरूरत है।



कल्याणी शंकर
(लेखिका, वरिष्ठ पत्रकार हैं)



भारत को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा छेड़े गए समान टैरिफ युद्ध का सामना करना होगा। इससे फार्मास्यूटिकल्स तथा आटोमोबाइल जैसे प्रमुख क्षेत्रों पर संकट मंडरा रहा है। यदि ट्रंप द्वारा लागू टैरिफ युद्ध इसी प्रकार चलता रहा तो भारत को हर साल व्यापार में 7 बिलियन डालर तक का नुकसान हो सकता है। ट्रंप द्वारा छेड़े गए टैरिफ युद्ध के भारत और अमेरिका के बीच पूर्ण व्यापार युद्ध में बदलने से पहले इस समस्या के राजनयिक समाधान की जरूरत है। अमेरिका के नव-निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर 'समान टैरिफ' लागू करने की घोषणा की है जो 2 अप्रैल से लागू होगा।

इससे नई दिल्ली में स्वाभाविक रूप से गंभीर चिन्ता व्याप्त हो गई है। भारत द्वारा आयातित अमेरिकी वस्तुओं पर भारी टैरिफ लगाना लंबे समय से विवाद का विषय रहा है। भारत और अमेरिका बड़े व्यापार साझीदार हैं। यह भी उल्लेखनीय है कि अमेरिका से भारत को आयातों की तुलना में भारत का अमेरिका को निर्यात काफी अधिक है। इस प्रकार भारत-अमेरिका व्यापार में पलड़ा भारत के पक्ष में झुका हुआ है। लेकिन अब राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा दोनों देशों के बीच 'समान टैरिफ' की घोषणा से भारत की यह लाभ की स्थिति प्रभावित हो सकती है। अब इसके कारण भारत और अमेरिका के बीच व्यापार संबंधों पर और दबाव पड़ सकता है। अमेरिका द्वारा उठाए गए इस कदम के भारत के व्यापार पर व्यापक प्रभाव पड़ेंगे। इसे भारत के प्रमुख निर्यातों, जैसे जेवरों व फार्मास्यूटिकल्स पर खतरा मंडराने लगेगा। इसके कारण भारत को संभवत: हर साल 7 बिलियन डालर तक का नुकसान हो सकता है। ट्रंप के टैरिफ युद्ध शुरू करने और उसके व्यापार युद्ध में बदलने के खतरे के बाद यह सवाल उठ रहा है कि इससे भारत को कितना नुकसान होगा? सवाल यह भी है कि क्या नई दिल्ली अमेरिका से बातचीत कर वास्तविक नुकसान होने से पहले कोई रास्ता निकालने में सफल होगी? नीति-निर्माताओं के लिए यह करोड़ों रुपये का सवाल है, जबकि व्यापार विशेषज्ञ स्थिति की गंभीरता को रेखांकित कर रहे हैं। वर्तमान समय में भारत अमेरिका से आयातित अनेक उत्पादों पर उच्च आयात कर लगाता है, जबकि अमेरिका द्वारा भारतीय वस्तुओं पर लगाया गया टैक्स इसकी तुलना में कम है। मोटेतौर से देखें तो यह अंतर 10 प्रतिशत से अधिक है। यदि अमेरिका डोनाल्ड ट्रंप द्वारा की गई घोषणा के आधार पर टैरिफ बढ़ाता है तो अमेरिका को भारत के निर्यात महंगे हो सकते हैं।

'इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च' का अनुमान है कि इससे वित्त वर्ष 2025-26 में अमेरिका को भारतीय निर्यात में 2 से 7 बिलियन डालर की कमी आ सकती है। भारत का अमेरिका के साथ व्यापार मुनाफा 36 बिलियन डालर से अधिक है। अमेरिका को भारतीय निर्यातों का हिस्सा 2019-20 में 16.9 प्रतिशत था जो 2023-24 में बढ़ कर 17.7 प्रतिशत हो गया। हो सकता है कि भारत के इस व्यापार मुनाफे को देखते हुए ही ट्रंप प्रशासन ने टैरिफ बढ़ाने का निर्णय किया हो।

राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव प्रचार करते हुए डोनाल्ड ट्रंप ने अनेक अमेरिकन निर्यातों पर भारत द्वारा अधिक टैरिफ लगाने की आलोचना की थी। चुनाव प्रचार के दौरान ही उन्होंने भारतीय वस्तुओं पर समान अनुपात में टैक्स लगाने का संकेत किया था। उनका विश्वास है कि अब अमेरिका द्वारा उचित टैरिफ लगा कर दूसरे देशों से व्यापार संतुलन सुधारने का समय आ गया है। अमेरिका ने भारत के अलावा कई अन्य देशों से आयातित वस्तुओं पर भी टैरिफ बढ़ाने की घोषणा की है। ट्रंप ने दूसरे देशों से कहा था, 'ट्रंप के प्रशान में आपको टैरिफ देना होगा और कुछ मामलों में इसका खर्च उपभोक्ताओं को भी उठाना पड़ेगा।'

उन्होंने यह कहते हुए जोर दिया था कि अब अमेरिका किसी भी देश द्वारा किए जा रहे अनुचित व्यापार व्यवहारों को बर्दाश्त नहीं करेगा। इस तथ्य को अनदेखा नहीं किया जा सकता है कि भारत कुछ अमेरिकी वस्तुओं पर 100 प्रतिशत जितना अधिक टैरिफ लगाता है। ऐसे ही उदाहरणों से ट्रंप प्रशासन ने अनुचित व्यापार व्यवस्था की अवधारणा विकसित की है। ट्रंप द्वारा की गई घोषणा के अनुसार 2 अप्रैल को 'समान टैरिफ' नीति लागू हो जाएगी। इसका अर्थ है कि भारत द्वारा लगाए गए टैरिफ की तरह ही अमेरिका भी भारतीय वस्तुओं पर टैरिफ लगाएगा।

इसके साथ ही यदि भारत अमेरिका की बाजार पहुंच सीमित करने के लिए गैर-मौद्रिक बाधायें खड़ी करेगा तो अमेरिका भी भारतीय वस्तुओं पर ऐसे ही नियंत्रण लगाएगा। 'क्रिसिल इंटेलीजेंस' की एक रिपोर्ट में चेतावनी दी गई है कि इन समान टैरिफों से भारत के निर्यातों को काफी नुकसान हो सकता है जो देश की जीडीपी में लगभग 22 प्रतिशत का योगदान करते हैं। वैश्विक व्यापार वृद्धि धीमी पड़ने तथा आर्थिक अनिश्चिततायें बढ़ने जैसी चुनौतियों के साथ ही इस स्थिति से भारत की अर्थव्यवस्था और सिकुड़ सकती है। इसकी प्रतिक्रिया में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने अमेरिकी टैरिफ में वृद्धि के संभावित प्रभावों का आंकलन करने के लिए विभिन्न पक्षों से बातचीत शुरू की है।

क्रिसिल इंटेलीजेंस की हालिया रिपोर्ट के अनुसार, यदि अमेरिका टैरिफ समान करने की ओर बढ़ता है तो भारत और अमेरिका के बीच टैरिफ में भारी अंतर के व्यापक नतीजे हो सकते हैं। ब्लूमबर्ग के अर्थशास्त्री भी ऐसी ही चिन्ता प्रकट करते हुए कहते हैं कि इससे भारत की अर्थव्यवसा को काफी झटका लग सकता है। भारत में उद्योग और व्यापार विशेषज्ञ तर्क देते हैं कि आटोमोबाइल पार्टस, एलेक्ट्रानिक, टेक्सटाइल, हीरे, जेवर, रसायन तथा फार्मास्यूटिकल्स पर अमेरिका द्वारा नियंत्रण लगाने से काफी प्रभाव पड़ेगा। सर्वाधिक जोखिम वाले क्षेत्रों में रसायन, धातु उत्पाद और जेवरों के साथ आटोमोबाइल, फार्मास्यूटिकल्स तथ खाद्य उत्पाद शामिल हैं। इसके साथ ही यदि अमेरिकन राष्ट्रपति आयातित प्रतिभा को नौकरी देने वाली अमेरिकन कंपनियों को दंड देते हैं तो भारत की आउटसोर्सिंग तथा आईटी सेवा उद्योगों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ेगा।

भारत के वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को अमेरिका यात्रा शुरू की जिसका उद्देश्य भारत-अमेरिका के बीच टैरिफ युद्ध से पैदा समस्या का समाधान करना है। वे नए अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जैमिसन ग्रीयर से मिलेंगे जो ट्रंप की टैरिफ योजना का क्रियान्वयन कर रहे हैं। ग्रीयर ट्रंप के पहले प्रशासन में भी शामिल थे जिसने चीन पर निशाना लगाया था और इसके लिए खासकर एलेक्ट्रानिक क्षेत्र में भारत के निर्यात अवसर खोले थे।

इन टैरिफ विवादों के बावजूद अमेरिका भारत का सबसे बड़ा व्यापार साझीदार है तथा द्विपक्षीय व्यापार 2024 वित्त वर्ष में 118.2 बिलियन डालर पहुंच गया था। इस कालखंड में भारत का व्यापार मुनाफा 36.8 बिलियन डालर था। ट्रंप ने आटोमोबाइल पर भारत द्वारा 100 प्रतिशत टैरिफ लगाने की आलोचना करते हुए दावा किया कि व्यापार असंतुलनों ने दशकों तक दूसरे देशों को अमेरिका का लाभ उठाने का मौका दिया। अन्य व्यापार साझीदारों की तरह ट्रंप प्रशासन का इरादा टैरिफ का प्रयोग कर भारत में अमेरिकन वस्तुओं की बाजार पहुंच बढ़ाना है।

नई दिल्ली को तेजी से इस चुनौती का सामना करने की कार्रवाई करनी चाहिए। इसका एक विकल्प टैरिफ घटाने के लिए वार्ता करना है। दोनों पक्षों का उद्देश्य बाजार पहुंच बढ़ाना, टैरिफ तथा गैर-टैरिफ बाधायें घटाना तथा सप्लाई श्रृंखला में समन्वय और गहरा करना है। भारत को टैरिफ घटाने तथा निर्यात बाजारों में विविधता के लिए द्विपक्षीय वार्ता करनी चाहिए। इस रणनीति से भारत को व्यापार चुनौतियों का ज्यादा प्रभावी ढंग से सामना करने में सहायता मिलेगी। एक संतुलित व लेन-देन पर आधारित दृष्टिकोण इस समस्या से निपटने की कुंजी है।

# महिलाओं के बेजोड़ बहुआयामी कौशल

"महिलाएं अक्सर उच्च-दांव वाली परियोजनाओं का नेतृत्व करती हैं, साथियों को प्रशिक्षित करती हैं और व्यक्तिगत दायित्वों को पूरा करते हुए टीम संबंधों का प्रबंधन करती हैं।"

बीजू धर्मपालन
(लेखक, स्तम्भकार हैं)



इस वर्ष के अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की थीम, एक्सेलरेट एक्शन, समयानुकूल और महत्वपूर्ण दोनों है। महिलाओं के पास जो अद्वितीय कौशल हैं, उन पर विचार करने के लिए एक पल निकालना अत्यंत महत्वपूर्ण है, जिसे सबसे उन्नत एआई संचालित रोबोट भी दोहरा नहीं सकते। भले ही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) ने नौकरियों को सरल बनाकर और उत्पादकता बढ़ाकर क्षेत्रों में क्रांति ला दी है, लेकिन यह अभी भी उन सूक्ष्म और गहन मानवीय मल्टीटास्किंग प्रतिभाओं से मेल खाने में असमर्थ है, जिन्हें महिलाएं आसानी से प्रतिदिन प्रदर्शित करती हैं।

महिलाएं सहानुभूति, भावनात्मक बुद्धिमत्ता और अनुकूलनशीलता के साथ कई कार्य कर सकती हैं, जो ऐसे गुण हैं जिन्हें कोई भी एल्गोरिदम पूरी तरह से दोहरा नहीं सकता है। महिलाएं एक साथ कई कार्य कर सकती हैं। मल्टीटास्किंग में न केवल कई कार्यों को एक साथ निष्पादित करना शामिल है, बल्कि विभिन्न कार्यों को सहज दक्षता के साथ प्रबंधित करने की क्षमता भी शामिल है। पेशेवर और घरेलू दोनों ही स्थितियों में, महिलाएँ कई कार्यों को संभालती हैं, जिसमें त्वरित निर्णय लेना, भावनात्मक तीक्ष्णता और अभिनव समस्या-समाधान शामिल हैं।

पेशेवर वातावरण में, महिलाएं अक्सर उच्च-दांव वाली परियोजनाओं का नेतृत्व करती हैं, साथियों को प्रशिक्षित करती हैं और व्यक्तिगत दायित्वों को पूरा करते हुए टीम संबंधों का प्रबंधन करती हैं। घर के अंदर, वे आसानी से देखभाल करने वाले, वित्तीय रणनीतिकार, शिक्षक और भावनात्मक समर्थन प्रदाता के रूप में भूमिकाओं के बीच बदलाव करते हैं। इन परस्पर जुड़े क्षेत्रों में संतुलन बनाए रखने की उनकी क्षमता एक चुनौती है जिसे एआई को समझना मुश्किल लगता है, लागू करना तो और भी मुश्किल है। महिलाओं की मल्टीटास्किंग क्षमताओं की



परिभाषित शक्तियों में से एक निर्णय लेने में उनकी चपलता है, यहां तक कि सबसे अप्रत्याशित स्थितियों में भी। एआई पूर्वनिर्धारित मापदंडों और एल्गोरिदम के भीतर काम करता है, संरचित वातावरण में उत्कृष्टता प्राप्त करता है जहां डेटा प्रचुर मात्रा में है। हालांकि, वास्तविक जीवन अक्सर अव्यवस्थित होता है, जिसमें अधूरी जानकारी, अंतर्ज्ञान और अनुकूलनशीलता के साथ निर्णय लेने की आवश्यकता होती है – ऐसे गुण जो महिलाएं रोजाना प्रदर्शित करती हैं। अस्पताल के आपातकालीन कक्ष में एक नर्स पर विचार करें जो एक साथ कई रोगियों की निगरानी कर रही है, पल भर में निर्णय ले रही है और परेशान परिवारों को सांत्वना दे रही है। एक मरीज की स्थिति का आकलन करने, डॉक्टरों के साथ संपर्क करने और एक साथ भावनात्मक समर्थन देने की उसकी क्षमता महज कार्य निष्पादन से कहीं आगे जाती है – यह मानवीय प्रवृत्ति, प्राथमिकता और देखभाल का प्रतीक है। कोई भीएआई संचालित रोबोट सहानुभूति के साथ जटिल निर्णय लेने की ऐसी प्रक्रिया को सही मायने में प्रतिस्थापित नहीं कर सकता है। जबकि,द्ध दक्षता को बढ़ा सकता है, नियमित कार्यों को स्वचालित कर सकता है, और डेटा-संचालित अंतर्दृष्टि प्रदान कर सकता है, इसमें मानवीय स्पर्श की कमी है जो मल्टीटास्किंग के लिए केंद्रीय है।

एआई संचालित रोबोट नियंत्रित वातावरण में निर्दिष्ट कार्य करने में सक्षम हो सकते हैं, लेकिन उनके पास जटिल, वास्तविक दुनिया की स्थितियों में आवश्यक मानवीय संपर्क, करुणा या अंतर्ज्ञान की गहराई नहीं होती है। महिलाओं का मल्टीटास्किंग केवल दक्षता के बारे में नहीं है, बल्कि कनेक्ट करने, सहानुभूति रखने और प्रेरित करने की क्षमता के बारे में भी है – ऐसे गुण जिन्हें कोई भी एआई दोहरा नहीं सकता है। जबकि हम कृत्रिम बुद्धिमत्ता द्वारा संचालित युग में आगे बढ़ रहे हैं, उद्देश्य महिलाओं की मल्टीटास्किंग क्षमताओं को प्रतिस्थापित करना नहीं होना चाहिए; बल्कि, यह सुनिश्चित करते हुए कि उनकी मानवीय शक्तियों को प्राथमिकता दी जाती रहे, प्रौद्योगिकी के साथ ऐसी क्षमताओं में सुधार करना चाहिए।

भारत में महिलाओं के अनगिनत उदाहरण हैं जो विभिन्न क्षेत्रों में अद्वितीय मल्टीटास्किंग क्षमताओं का उदाहरण प्रस्तुत करती हैं। कुछ उदाहरण दें तो, बायोकॉन की संस्थापक किरण मजूमदार-शॉ, आईसीआईसीआई बैंक की पूर्व सीईओ चंदा कोचर, डीएसआईआर के सचिव और सीएसआईआर के महानिदेशक डॉ एन कलैसेलवी, भारतीय मिसाइल परियोजना का नेतृत्व करने वाली पहली महिला डॉ टेसी थॉमस और सैकड़ों अन्य। जैसा कि हम अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2025 मना रहे हैं, यह पहचानना आवश्यक है कि एआई विशिष्ट कार्यों को बढ़ा सकता है, लेकिन यह महिलाओं की जटिल मल्टीटास्किंग क्षमताओं की नकल कभी नहीं कर सकता है।

अंतर्ज्ञान, बुद्धिमत्ता और सहानुभूति के एक अद्वितीय मिश्रण के साथ एक साथ सोचने, महसूस करने और कार्य करने की महिलाओं की क्षमता उनकी महाशक्ति बनी हुई है – एक ऐसी शक्ति जिसकी बराबरी सबसे उन्नत रोबोट भी नहीं कर सकते। त्वरित कार्रवाई का मतलब मानवीय क्षमताओं को एआई से बदलना नहीं होना चाहिए, बल्कि समाज में महिलाओं के अपरिहार्य योगदान को बढ़ाने और समर्थन करने के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाना होना चाहिए।

## आप की बात

### गर्मी का प्रकोप

**भारत** समेत एशिया के कई देशों में समय से पहले ही गर्मी पड़नी शुरू हो गई है जिससे लोग परेशान हो रहे हैं। यह समस्या जलवायु परिवर्तन के कारण हो रही है जिसके प्रभाव वैश्विक स्तर पर देखे जा रहे हैं। इसके कारण कई हैं, जिनमें से कुछ प्राकृतिक हैं और कुछ मानवजनित। मानवजनित कारणों में ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन, भूमि उपयोग पैटर्न में परिवर्तन और बेलगाम ढंग से बढ़ती औद्योगिक गतिविधियाँ शामिल हैं। इनके परिणामस्वरूप वैश्विक तापमान में वृद्धि हो रही हैए जिससे जलवायु परिवर्तन के प्रभाव दिखाई दे रहे हैं। इन परिवर्तनों के प्रभाव विविध और बेहद हानिकारक हैं। समुद्री गर्म लहरों के कारण समुद्री जीवों की बड़े पैमाने पर मृत्यु हो सकती है, समुद्र का अम्लीकरण बढ़ सकता है और हमारे मौसम का पैटर्न बदल सकता है। समस्या के समाधान हेतु हमें अपनी दैनिक गतिविधियों में भी परिवर्तन लाना होगा। इनमें ऊर्जा की बचत, वृक्षारोपण और ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन को घटाना शामिल है। जलवायु परिवर्तन के हानिकारक प्रभावों से निपटने के लिए दुनिया भर के राजनेताओं और जनता को एकजुट होकर काम करना चाहिए, लेकिन अमेरिका में ट्रंप इस जिम्मेदारी से पीछे हट रहे हैं। इससे प्रदूषण बढ़ाने वालों का हौसला बढ़ सकता है।

– **सुभाष बुडावन वाला**, रतलाम

### मार्क कार्नी बने प्रधानमंत्री

**मार्क कार्नी** को कनाडा का प्रधानमंत्री बनाया गया है। उन्होंने कभी चुनाव नहीं लड़ा, कभी कनाडा के सदन में नहीं रहे। उन 59 वर्षीय मार्क कार्नी को कनाडा के सत्तारूढ़ दल लिबरल पार्टी ने जस्टिन ट्रूडो के स्थान पर प्रधान मंत्री मनोनीत किया है। कनाडा में अक्टूबर 2025 में चुनाव होने हैं। तब तक मार्क कार्नी साहब वहां के शीर्ष पद पर आसीन रहेंगे। लेकिन उन्होंने पद को औपचारिक रूप से प्राप्त करने से पूर्व ही जिस तरह से अमेरिका के राष्ट्रपति पर जुबानी हमला बोल दिया है। इससे स्पष्ट है कि वे अमेरिका से व्यापार युद्ध के मामले पर कनाडा का आक्रामक दृष्टिकोण बनाए रखेंगे। ट्रंप कई बार कनाडा को अमेरिका का 51वां राज्य बनाने की बात करने के साथ ही ट्रूडो को मजाक में गर्वनर कह चुके हैं। कार्नी ने कहा है कि कनाडा कभी भी, किसी भी तरह, आकार या रूप में अमेरिका का हिस्सा नहीं होगा। उन्होंने कहा कि लोग राष्ट्रपति ट्रंप की धमकियों तथा अधिक विभाजित और खतरनाक दुनिया में कनाडा के भविष्य को लेकर चिंतित हैं। लेकिन कार्नी ने ट्रम्प की धमकियों से डरने व पीछे हटने से इनकार कर दिया है। ऐसे में देखना होगा कि उनके नेतृत्व में लिबरल पार्टी अगले चुनाव में कैसा प्रदर्शन करती है।

– **जंग बहादुर सिंह**, जमशेदपुर

### कनाडा में बदलाव

**कनाडा** की सत्ता में हुए बदलाव को केवल राजनीतिक परिवर्तन मानना उसके व्यापक प्रभावों की अवहेलना करना होगा। मार्क कार्नी का आगमन न केवल एक नए नेतृत्व का प्रतीक है, बल्कि एक ऐसे युग का संकेत भी है जहां वैश्विक संबंध पुन: परिभाषित होंगे। कार्नी का वैश्विक दृष्टिकोण और प्रशासनिक अनुभव उन्हें वर्तमान चुनौतिों से उबरने का अवसर प्रदान करते हैं। यदि वे वास्तव में एक दूरदर्शी नेतृत्वकर्ता सिद्ध होते हैं तो भारत के साथ एक नयी शुरुआत संभव है, जहाँ द्विपक्षीय व्यापार, निवेश, तकनीकी सहयोग और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में नई ऊर्जा प्रवाहित हो सकती है। भारत अब वैश्विक संतुलन की धुरी बन चुका है। सवाल है क्या कार्नी सिर्फ मंच पर मुस्कुराते चेहरे बने रहेंगे या वास्तव में ऐसा नेता बनेंगे जो कटु संवादों को सार्थक साझेदारी में बदल सकें। विडंबना है कि जिस देश की राजनीति में सहिष्णुता का पाठ सबसे पहले पढ़ाया गया था वही देश भारत जैसे मित्र राष्ट्र के साथ संवाद की जगह उपेक्षा की भाषा बोलता रहा। देखना होगा कि कार्नी के नेतृत्व में भारत-कनाडा संबंध क्या रूप धारण करते हैं। हालांकि, उनके पास समय कम है, पर वे चुनाव में अपनी पार्टी की स्थिति सुधारने का प्रयास अवश्य कर सकते हैं।

– **अवनीश गुप्ता**, आजमगढ़

### सीओ का बयान

**मीडिया** का एक हिस्सा अपनी मर्जी से किसी बयान को विवादित बना डालता है। यदि कोई बयान किसी वर्ग विशेष की मजहबी कट्टरता के विरुद्ध होता है तो उसे विवादित घोषित कर दिया जाता है। इसी सन्दर्भ में सम्भल के सीओ अनुज चौधरी ने होली और रमज़ान में जुमा की नमाज को लेकर एक सुझाव भर दिया था कि जिन लोगों को रंगों या होली से आपत्ति हो वे लोग होली के दिन बाहर न निकलें। उन्होंने यह भी कहा कि हिन्दुओं के इस पर्व में शामिल होने वाले मुस्लिम हिन्दू-मुस्लिम भाईचारे को मजबूत करेंगे। सीओ ने कटु सत्य कहा कि होली वर्ष में एक बार आती है और शुक्रवार 52 आते हैं, इसलिए यदि मुस्लिम एक जुमे की नमाज़ यदि थोड़ी देर से पढ़ लें तो यह श्रेयस्कर होगा। इस सुझाव से अधिकतर उलेमा सहमत हुए और अपने-अपने शहरों के मुस्लिम भाइयों से जुमे की नमाज़ को 2 से ढाई बजे के बीच न पढ़ने का आग्रह किया है। इस सकारात्मक क़दम की प्रशंसा की जानी चाहिए। खुशी की बात है कि प्रकारान्तर से योगी आदित्यनाथ ने इस बयान का समर्थन कर सही बात करने वाले अधिकारियों का हौसला बढ़ाया है।

– **नरेन्द्र टोंक**, मेरठ

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# विधायक दिपेश साहू की उपस्थिति में नगर पालिका अध्यक्ष ने पदभार ग्रहण किया

पायनियर संवाददाता ◂ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने मंत्रोपचार के साथ पूजन करके विधिवत कार्यभार ग्रहण किया। उन्होंने कहा कि नगर के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध हूं। बिन भेदभाव के सभी वार्डो में विकास कार्य किया जाएगा। विपक्ष को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि नवनिर्वाचित परिषद को पानी की समस्या, गंदगी अव्यवस्था सौगात में मिली है। 5 वर्षा में सौंदर्यीकरण के नाम पर अव्यवस्थित विकास हुआ है। हम प्लान बनाकर सुव्यवस्थित तरीक़े से विकास कार्य कराएँगे सर्व प्रथम मीठे पानी की व्यवस्था किया जा रहा है। जिन वार्डो में मिठा पेयजल के पाईप लाइन के विस्तार की आवश्यकता है, उसके लिए विधायक दीपेश साहू के द्वारा राशि स्वीकृत कराई गई है। विकास कार्यो के लिए राशि की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी केंद्र और राज्य सरकार के सहयोग से बेमेतरा शहर को स्वच्छ सुंदर बनाने के लिए हम सभी जनप्रतिनिधि मिलकर कार्य करेंगे। हमे शिकवा शिकायत में नहीं पड़ना है। हमारी सक्रियता के माध्यम से विकास कार्य करके जनता की समस्याओं का निराकरण करना है और सुव्यवस्थित तरीक़े से विकास कार्य करना हमारी प्राथमिकता होगी। कार्यभार ग्रहण करने पर विधायक दीपेश साहू, जिला भाजपा अध्यक्ष अजय साहू, मंडल अध्यक्ष मोंटी साहू नगर पालिका उपाध्यक्ष अशोक शर्मा, भाजपा नेता हर्षवर्धन तिवारी, समाजसेवी राजेश शर्मा, बंटी चाचा, नीलू राजपूत, राकेश मोहन शर्मा, मनोज मिश्रा, पार्षद पंचू साहू, नीतू कोठारी, गौरव साहू, विकास तंबोली, आकिब मलकानी सजनी यादव, निखिल साहू, चांदनी रोशन दत्ता, रवि मुलवानी, राजकुमार खांडे, लक्की साहू, सिमरन ताम्रकार, खिलेश्वरी पाटिल, संदीप यादव, धर्मेन्द्र साहू, अमरीका निर्मलकर, विनय तंबोली, विक्की चौबे सहित शहर के गणमान्य लोगों ने बधाई प्रेषित किया।

# जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी ने की कलेक्टर व एसपी से सौजन्य भेंट

पायनियर संवाददाता ◂ बेमेतरा
www.dailypioneer.com




बेमेतरा की नवनिर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी ने पदभार ग्रहण करने के पश्चात बेमेतरा कलेक्टर रणवीर शर्मा और पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू से सौजन्य भेंट की। इस महत्वपूर्ण बैठक में जिले के गांवों की मूलभूत समस्याओं, कानून-व्यवस्था और विकास कार्यो को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। इस अवसर पर कल्पना योगेश तिवारी ने कहा कि उनकी प्राथमिकता बेमेतरा जिले के हर गांव तक प्रदेश और केंद्र सरकार की योजनाओं को प्रभावी ढंग से पहुँचाना और ग्रामीण क्षेत्रों का समग्र विकास करना है। उन्होंने कलेक्टर एवं एसपी से गांवों की समस्याओं के समाधान और विकास कार्यो को गति देने के लिए सहयोग की अपील की। उन्होंने बेमेतरा में सुदृढ़ कानून व्यवस्था बनाए रखने पर भी चर्चा की और इस दिशा में पुलिस प्रशासन के सहयोग की अपेक्षा जताई। उन्होंने कहा कि बेमेतरा को सुशासन और सुरक्षित जिला बनाने के लिए हर आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। इस दौरान कलेक्टर रणवीर शर्मा और एसपी रामकृष्ण साहू ने जिला प्रशासन की ओर से हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि जिला पंचायत और प्रशासन मिलकर बेमेतरा को आदर्श जिला बनाने के लिए निरंतर कार्य करेंगे। साथ ही, उन्होंने भरोसा दिलाया कि यदि किसी भी स्तर पर कोई समस्या आती है तो वे हर संभव मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी ने कलेक्टर एवं एसपी का आभार व्यक्त किया और प्रशासनिक सहयोग से बेमेतरा के विकास को नई ऊंचाइयों तक ले जाने की प्रतिबद्धता जताई।

# मिडिल स्कूल कोपेडबरी में आठवीं के बच्चों को दी गई विदाई



पायनियर संवाददाता ◂ थान खमरिया
www.dailypioneer.com

समीपस्थ ग्राम कोपेडबरी के शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय में कक्षा छठवीं, सातवीं के विद्यार्थियों ने कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों को विदाई दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शाला प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष राजू सिंह राजपूत ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि अच्छे अंकों से उत्तीर्ण होकर अपना, परिवार, नगर तथा शाला का नाम रोशन करें, कक्षा आठवीं की छात्रा कु. भावना राजपूत व बिशेश्वरी साहू ने अपने शिक्षण अवधि के कुछ यादगार पलों को साझा किए। विद्यालय के शिक्षक जोगेश्वर साहू ने कहा कि गुरु-शिष्य के बीच लंबे समय से जो आत्मीयता बनी हुई है उसे विद्यालय छोड़ने के बाद भी संजोकर रखे, अपना नैतिक पक्ष मजबूत रखें, अच्छी शिक्षा के साथ अपने संस्कार पक्ष को प्रभावी बनाए। किसी भी क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने के लिए कठिन परिश्रम व आत्म विश्वास से भरा होना आवश्यक है तभी हम सफलता की मंजिल तय कर पाते हैं विद्यालय की प्रधानपाठिका नीना कोठरी ने कहा कि अपने माता-पिता के सपनों को साकार करें सकारात्मक सोच रखकर पढ़ाई करें सभी शिक्षक विदाई समारोह से संबंधित अपना विचार रखे समारोह में उपस्थित शिक्षक जोगेश्वर साहू, किशोर कुमार सिन्हा, शिक्षिका शशि बाला ठाकुर व बड़ी संख्या में समिति सदस्य व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# जिला न्यायालय परिसर में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

पायनियर संवाददाता ◂ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर बृजेन्द्र कुमार शास्त्री, प्रधान न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा के मार्गदर्शन में व सचिव, निधि शर्मा के उपस्थिति जिला न्यायालय परिसर में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि न्यायाधीश नीलिमा सिंह बघेल, कुटुम्ब न्यायालय, व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, अनिता कोशिमा रावटे, अधिवक्ता सलमा शरिफ थी। कार्यक्रम में समस्त न्यायाधीशगण, महिला अधिवक्तागण, न्यायालयीन कर्मचारीगण एवं पैरालीगल वालेंटियर्स की उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रगान से किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथिगण एवं उपस्थित समस्त नारीशक्ति का स्वागत पुष्पगुच्छ, बैज एवं डायरी भेंट कर किया गया। उक्त विशेष दिवस के अवसर पर जिला विधिक प्राधिकरण बेमेतरा द्वारा महिलाओं के विरूद्ध अपराध एवं साइबर काईम विषय से संबंधित पाम्पलेट का विमोचन किया गया। मुख्य अतिथि माननीय बृजेन्द्र कुमार शास्त्री, प्रधान न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा द्वारा स्वागत भाषण में कहां गया कि नारी शक्ति का प्रतीक है। नारी से ही सृष्टि की संरचना होती है किसी पुरुष की उत्पत्ति भी नारी के बिना असंभव है। नारी का सम्मान करने का कोई विशेष दिन नही होता, नारी 365 दिन पूजनीय होती है। विशिष्ट अतिथि नीलिमा सिंह बघेल, कुटुम्ब न्यायालय द्वारा अपने संबोधन में कहां गया कि जब एक महिला आत्मनिर्भर बनती है, तो वह ना केवल अपना जीवन बदलती है, बल्कि पूरे समाज को एक नई दिशा देने का कार्य करती है। यही कारण है कि विश्व भर में नारी सशक्तिकरण को बढ़ावा दिया जा रहा है, ताकि महिला अपनी पहचान खुद बना सकें और समाज में किसी भी क्षेत्र में पिछे ना रहें। आज के दौर में महिलाएँ हर क्षेत्र में अपना लोहा मनवा रही है, चाहें विज्ञान हो, राजनीति हो, खेल हो, व्यापार हों या शासकीय सेवा हो। इस दिवस को यादगार बनाने एवं नारीशक्ति को प्रोत्साहित करने के लिए शासकीय शुल्क पर लर्निंग ड्राईविंग लाईसेंस कैम्प का आयोजन भी किया गया। जिसमें जनमानस द्वारा बढ़-चढ़ कर लाभ लिया गया। कार्यक्रम का संचालन निधि शर्मा, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बेमेतरा के द्वारा किया गया।

# परीक्षेत्रीय साहू समाज ट्यूबलर शेड का मिलन समारोह का आयोजन







पायनियर संवाददाता ◂ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

परीक्षेत्रीय साहू समाज ट्यूबलर शेड का साहू पारिवारिक मिलन समारोह का आयोजन स्थानीय माँ कर्मा सामुदायिक भवन भारतीय स्टेट बैंक के पास में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि युवराज साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ दल्लीराजहरा थे। अध्यक्षता पूर्णिमा साहू अध्यक्ष परीक्षेत्रीय साहू समाज ट्यूबलर शेड ने किया, विशेष अतिथि रेखू राम साहू, सत्या साहू, दामिनी साहू घना राम साहू, उपाध्याक्ष संगीता साहू, रेखा साहू, उषा साहू थे। कार्यक्रम के प्रथम पाली में समाज की आराध्य देवी संत शिरोमणी माता कर्मा की पूजा अर्चना के बाद कार्यक्रम प्रारंभ किया गया, परिक्षेत्र के सभी लोगों के लिए खेलकूद का आयोजन किया गया। कुर्सी दौड़ प्रथम पल्लवी साहू द्वितीय, आर्या साहू, बाल पासिंग प्रथम पूर्णिमा, द्वितीय शीला महिला वर्ग में शोहरत प्रथम, दूसरा शिवबती थे। दूसरी पाली में पुरस्कार वितरण समारोह हुआ। स्वागत भाषण पूर्णिमा साहू ने दी। मुख्य अतिथि तहसील साहू संघ अध्यक्ष युवराज साहू ने परिक्षेत्र के कमेटी के द्वारा पारिवारिक मिलन समारोह का आयोजन पर बधाई दिया। उन्होंने कहा कि समाज में एकता और अखंडता बनाए रखने के लिए पारिवारिक मिलन समारोह का आयोजन होना अति आवश्यक है। इससे एक दूसरे को जानने एवं समझने का सुनहरा अवसर मिलता है। हम सबको आपसी सामंजस्य बनाकर काम करना है। रोटी कपड़ा मकान स्वास्थ्य और शिक्षा के उद्देश्य को लेकर हम सबको कार्य करना है। समाज में ऐसा कोई परिवार नहीं होना चाहिए जो इन सबसे वंचित हो। यदि मदद की जरूरत पड़े तो समाज सहयोग के लिए आगे आना है, दामिनी साहू ने महिलाओं से अपील की आप सभी लोग अपने घरेलू कार्य से थोड़ा सा समय निकालकर समाज को भी दें, जिससे समाज के रीति रिवाज को जानने एवं समझने का मौका मिलता है, बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार भी दें। इस अवसर पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष नगर पालिका परिषद दल्लीराजहरा तोरण लाल साहू का सम्मान किया गया। समाज एवं नगर के विकास के लिए हमेशा तत्पर रहूँगा। मंच संचालन संतोष साहू ने किया, आभार व्यक्त परिक्षेत्रीय उपाध्यक्ष लिलेश्वरी साहू ने की। नृत्य की प्रस्तुती विनिता, मोनिका, रीतिका, तानिका सोनिया, चंदन ने दिया, उत्कृष्ट अंक पाने वालों का सम्मान विनिता, देवेंश, रितिका ओम, पूजा, रविकान्त, खुशी, तानिया का सम्मान किया गया। सभी वृद्धजन का श्रीफल से सम्मान किया गया। ओम साहू ने मानव एवं प्रकति से संबंधित मानचित्र बनाकर शिक्षा का संदेश दिया। आयोजन में अध्यक्ष रेवती साहू, सचिव खेमीन साहू, प्रचार सचिव भोजेश्वरी साहू, रोमन साहू, गोकुल साहू, जीवन साहू, मकसूदन साहू, उमाकांत साहू, बृजभाषा साहू सहित समाज के लोग उपस्थित थे।

# नगर पंचायत भिंभौरी मे उपाध्यक्ष पद में बीजेपी का परचम लहराया

पायनियर संवाददाता ◂ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



नवगठित नगर पंचायत भिंभौरी मे प्रथम बार उपाध्यक्ष पद निर्वाचित हुआ अध्यक्ष एवं पार्षदों द्वारा मंगलवार को नगर पंचायत कार्यालय में मतदान करने पहुंचे कार्यक्रम की शुरुआत 12:00 बजे प्रारंभ हुआ जिसमें मुख्य रूप से नवनिर्वाचित अध्यक्ष संदीप परगनिहा पार्षद गण नगर पंचायत के सभा कक्ष में बैठक व्यवस्था की गई थी, जिसमें अनुविभागीय अधिकारी बेरला डॉक्टर दीप्ति वर्मा पीठासीन अधिकारी के द्वारा मतदान प्रक्रिया संपन्न कराया गया जिसमें भाजपा एवं कांग्रेस की प्रत्याशी ने अपना नामांकन दाखिल किया जिसमें 16 मतदाता थे 11 मतदान प्राप्त कर पुष्पा साहू नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष चुनी गई एवं कांग्रेस से प्रकाश यादव को 5 मतदान प्राप्त कर हार का सामना करना पड़ा, जिसमें मुख्य रूप पुष्पा साहू को डॉक्टर दीप्ति वर्मा पीठासीन अधिकारी के द्वारा नगर पंचायत उपाध्यक्ष के पद का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया मतदान प्रक्रिया में भाग लेने वाले अधिकारी कर्मचारी सीएमओ श्रीनिवास द्विवेदी तहसीलदार जयंत पटले आरआई राम भांडेकर उप अभियंता लक्ष्मी कोठारी पटवारी डीपी घृतलहरे संकल्प शर्मा चंद्रशेखर सिन्हा हीरा साहू रजऊ साहू कुमार वर्मा उपस्थित रहे, सर्वप्रथम नवनिर्वाचित अध्यक्ष संदीप कुमार परगनिहा अध्यक्ष मतदान किया एवं पार्षदों ने एक-एक करके बारी-बारी से श्याम वर्मा, जितेंद्र धीवर, प्रकाश यादव, श्याम कुमार वर्मा, सीता सिन्हा, बीना साहू, बुद्धदेव लेवल, राही साहू, पुष्पा साहू, सरोज साहू, गोविंद प्रसाद साहू, दिनेश कुमार पाटिल, अरुण कुमार वर्मा, मोहित राम साहू, नरेंद्र धीवर, मतदान किए और विधायक दीपेश साहू ने नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष के साथ प्रमाण पत्र लेने पहुंचे तत्पश्चात नगर पंचायत उपाध्यक्ष और पार्षदों को हार्दिक शुभकामनाएं देने पहुंचे साथ में पूर्व विधायक अवधेश चंदेल मंडल अध्यक्ष सूर्यकांत नायक नगर के गणमान्य नागरिक बच्चे बुजुर्ग बधाई देने उपस्थित रहे।

# शिविर मे 45 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया




पायनियर संवाददाता ◂ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बेमेतरा के स्थानीय गांधी भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया था। जिसमें कुल 45 रक्तदाताओं ने अपना रक्तदान किया। यह आयोजन वस्त्रदान समिति, छ.ग. सरयूपारीय ब्राह्मण समाज, बेमेतरा एवं युवा योद्धा, बेमेतरा के संयुक्त तत्वाधान में था।वस्त्रदान समिति के प्रदेश संयोजक डॉ. अविनाश तिवारी ने मंच संचालन करते हुए रक्तदान के महत्व, लाभ एवं रक्तदान करने हेतु जागरुकता तथा रेडक्रास के उद्देश्यों अपने व्याख्यान दिये तथा साथ ही, रेडक्रास के संस्थापक हेनरी ड्यूरेंट के जीवन पर प्रकाश डाला। ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष अजय शर्मा ने सामाजिक अधोसंरचना, सामाजिक कार्यों में बढ़ोतरी के लिए जोर दिया ताकि, अधिकाधिक लोग लाभान्वित हों। महिला ब्राह्मण समाज की अध्यक्षा ती ममता तिवारी ने आह्वान किया कि, महिला अपनी भागीदारी बढ़ायें एवं उनके सामाजिक उत्थान हेतु समयानुसार, सामर्थ्यनुसार कार्य करें ताकि, मुख्यधारा से जोड़ा जा सके। नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष विजय सिन्हा ने कहा कि, चिकित्सा क्षेत्र में ऐसे कार्यक्रम होते रहना चाहिए ताकि, किसी भी मरीज को रक्त के अभाव में परेशानी नहीं हो। परिषद अध्यक्ष ने वस्त्रदान समिति, छग के कार्यों की सराहना करते हुये कहा कि, असहायों की सहायता, नारायण सेवा के बराबर है। वस्त्रदान समिति हेतु उन्होंने और भी यथासंभव सहयोग का आश्वासन दिया। युवा योद्धा के संरक्षक डॉ. तारेन्द्र साहू ने भविष्य में भी समाजोन्मुख कार्य करने बात कही जिससे आने वाली पीढ़ी को जागरुक कर सकें। रेडक्रास के डॉ. सत्यनारायण पाण्डेय एवं देवेन्द्र दुबे ने कहा कि, सेवाभावी संस्थाओं को प्रत्येक चार माह में रक्तदान कार्यक्रम करने चाहिए। जिससे रक्त का अभाव नहीं हो। बीजेपी जिला अध्यक्ष अजय साहू ने कार्यक्रम को अनुकरणीय बताया एवं बधाई दिया। प्रदेश संरक्षक दिनेश साहू ने सम्पूर्ण कार्यक्रम का आभार व्यक्त किया। उक्त कार्यक्रम में रक्तदाताओं को सम्मानित कर, सुपाच्य स्वल्पाहार प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में शारदा तिवारी, सविता तिवारी, मंजू शर्मा, रश्मि फणेन्द्र मिश्रा, नीतू कोठारी, वर्षा गौतम, अंजना तिवारी, कुसुम सिन्हा, प्रदीप दुबे, पं.रामप्रताप शास्त्री, दिनेश शर्मा, धरम तिवारी, राहुल तिवारी, श्रीनिवास द्विवेदी, संकल्प शर्मा, किरण कुमार मिश्रा, भावेश शर्मा, सिद्धांत तिवारी, मनीष शर्मा, आदर्श शर्मा, भास्कर तिवारी, अतीत मिश्रा, राकेश शर्मा, मोंटी साहू, दिनेश साहू, राजा यादव, राजू साहू, ओमप्रकाश यदु, अजय कौशिक, धर्मेंद्र शर्मा, टीकाराम पटवा, वेदप्रकाश तिवारी, नितीश पाठक, संजय तिवारी, प्रतीक दुबे, वतन मिश्रा, अजय कौशिक, कार्तिक सोनी, राजेन्द्र साहू, लक्ष्मण देवांगन, परमेश्वर यादव, गोविन्द यादव, अशोक डांगी, ललित सिंग, तुलेश्वर चौहान एवं बहुत लोगों ने रक्तदान किया तथा सेवा कार्य किया।

# आम जनता को आसानी से स्वास्थ्य सुविधाओं का समुचित लाभ सुनिश्चित हो : कलेक्टर

## स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश



पायनियर संवाददाता ◂ बालोद
www.dailypioneer.com

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने कहा कि सभी नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा का लाभ सुनिश्चित कराना शासन-प्रशासन के सर्वोच्च प्राथमिकता में शामिल है। इसे ध्यान में रखते हुए जिले के प्रत्येक व्यक्तियों को आसानी से स्वास्थ्य सुविधाओं का समुचित लाभ सुनिश्चित कराना अत्यंत आवश्यक है। इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल मंगलवार को संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के स्वास्थ्य विभाग के आला अधिकारियों को उक्ताशय के निर्देश दिए हैं। बैठक में उन्होंने जिले में स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. महेश सूर्यवंशी, जिला अस्पताल बालोद के अधीक्षक, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सहित खण्ड चिकित्सा अधिकारी, विकासखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

### दवाईयों के वितरण व्यवस्था के संबंध में ली जानकारी

बैठक में इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने जिला अस्पताल बालोद सहित जिले के सभी सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के अलावा उप स्वास्थ्य केन्द्रों, स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न योजनाओं के प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के कार्यों की समीक्षा करते हुए इसके अंतर्गत गर्भवती एवं शिशुवती माताओं को निःशुल्क इलाज, भोजन व्यवस्था आदि के संबंध में जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने जन औषधि केन्द्रों के कार्यों की समीक्षा करते हुए जन औषधि केन्द्र में दवाईयों की समुचित उपलब्धता के साथ-साथ बीमार एवं जरूरतमंद लोगों के लिए दवाईयों के वितरण व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली।

### शत प्रतिशत लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश

उन्होंने जिला चिकित्सालय बालोद के अलावा जिले के सामुदायिक एवं उप स्वास्थ्य केन्द्रों में संस्थागत प्रसव की स्थिति के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को जिले में शत प्रतिशत संस्थागत प्रसव सुनिश्चित कराने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने जिले के शासकीय चिकित्सालयों में स्वीकृत पदों के विरूद्ध वर्तमान में कार्यरत चिकित्सकों एवं अन्य स्टाफ की संख्या के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने रिक्त पदों की पूर्ति हेतु किए जा रहे उपायों एवं वैकल्पिक व्यवस्था के संबंध में भी जानकारी ली। बैठक में इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत जिले के शत प्रतिशत लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाने के कार्य की प्रगति के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को इस कार्य को विशेष प्राथमिकता देते हुए निर्धारित समयावधि तक जिले के शत प्रतिशत लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने इस कार्य को पूरा करने हेतु स्वास्थ्य विभाग के मैदानी अमले के कर्मचारियों को आम जनता के घरों में भेज कर आयुष्मान कार्ड बनाने की कार्रवाई सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

### पोषण पुनर्वास केन्द्रों की स्थिति की समीक्षा की

बैठक में कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने जिले में मानसिक बीमारियों से जुझ रहे लोगों के समुचित इलाज हेतु किए जा रहे उपायों की भी समीक्षा की। उन्होंने इसकी रोकथाम हेतु मानसिक बीमारियों से जुझ रहे लोगों का समुचित जाँच आदि की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने जिले के अस्पतालों में संचालित पोषण पुनर्वास केन्द्रों की स्थिति की भी समीक्षा की। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को जिले के सभी पोषण पुनर्वास केन्द्रों में अति गंभीर कुपोषित बच्चों की अनिवार्य रूप से भर्ती एवं बेहतर इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

# नक्टीडीह के चन्द्रा कृषि सेवा केन्द्र में शासन द्वारा निर्धारित दर से अधिक में युरिया की ब्रिक्री करने का आरोप

## बम्हनीडीह क्षेत्र में युरिया खाद की कालाबाजारी थमने का नाम नहीं ले रही वहीं खबर प्रकाशित होने के बाद जागता है कृषि विभाग

पायनियर संवाददाता ◂ जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com

जिले के बम्हनीडीह क्षेत्र में इन दिनों युरिया खाद की कालाबाजारी चरम पर है और किसानों को शासन द्वारा निर्धारित दर से अधिक की राशि में युरिया खाद कृषि केन्द्र संचालक बेच रहे हैं ताजा मामला बम्हनीडीह विकास खण्ड के ग्राम नक्टीडीह के चन्द्रा कृषि सेवा केन्द्र से सामने जहां दुकान संचालक युरिया की कालाबाजारी करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहा है और शासन द्वारा निर्धारित दर से काफी अधिक रकम 500 में किसानों को बेच रहा है आप को बता दें की बम्हनीडीह विकास खण्ड में इन दिनों किटनाशक दुकान संचालक की मनमानी अपने चरम पर चल रही है और जिम्मेदार कृषि के अधिकारी इन पर लगाम लगाने में विफल है जिसके चलते युरिया खाद की कालाबाजारी बम्हनीडीह करनौद नक्टीडीह सहित आस पास के क्षेत्र में चल रही है।

**दुकान मकान दोनों जगह बना रखा है**



**गोदाम**–नक्टीडीह स्थिति चन्द्रा कृषि सेवा केन्द्र के संचालक दुकान और मकान में युरिया खाद का गोदाम बना रहा है और दोनों जगह से युरिया खाद को किसानों को पांच पांच सौ मे बेच कर किसानों ठग रहा है कुछ किसानों ने रेट अधिक होने की बात कही तो संचालक ने कहा की 500 में ही युरिया खाद मिलेगा लेना है तो नहीं तो यहां से चलो कहते हैं एक तरफ जहां सरकार किसानों को आत्मनिर्भर बनाने में लगी है तो वहीं किटनाशक दुकान संचालक किसानों के जेबों पर डाका डालने में लगे हुए हैं।

**बाराद्वार में बैठे हैं युरिया खाद के बड़े तस्कर**–शक्ति जिले के बाराद्वार में युरिया खाद की कालाबाजारी करने वाले बड़े तस्कर मौजूद हैं यहां से ही पुरे क्षेत्र में युरिया खाद की कालाबाजारी करने का काम चल रहा है किटनाशक दुकान संचालक ने बताया की बाराद्वार के एक सेठ से ही अधिक रेट में युरिया खाद लिये है इसी कारण किसानों को शासन द्वारा निर्धारित दर से अधिक में ब्रिक्री कर रहे हैं उपर से ही रेट ज्यादा आ रहा है।

> उपर से ही अधिक रेट आ रहा है और लादेन होने के कारण रेट अधिक लग रहा है।
> **-भरत लाल चन्द्रा संचालक**
>
> अगर निर्धारित दर से अधिक पर युरिया खाद बेचा जा रहा है तो वह गलत है जांच कर दुकान संचालक के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी।
> **-राम कुमार ध्रुव वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी बम्हनीडीह**

# कुदमुरा क्षेत्र के ग्रामीण कृषि विकास अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी

## कृषक पंजीयन शिविर में अनुपस्थित रहने व पंजीयन कार्य में प्रगति नहीं लाने पर दी गई है नोटिस

पायनियर संवाददाता ◂ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर रोहित व्यास ने बगीचा विकासखण्ड के कुदमुरा क्षेत्र के ग्रामीण कृषि विकास अधिकारी समीर भगत को किसानों का कृषक पंजीयन कार्य में प्रगति नहीं लाने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया है। भगत के किसान पंजीयन शिविर में अनुपस्थिति के कारण ग्रा.कृ.वि.अधि. क्षेत्र कुदमुरा एवं उसके आश्रित ग्रामों के किसान शासन के इस महत्वपूर्ण योजना के लाभ से वंचित हो रहे है। उनका यह कृत्य शासकीय कार्य के प्रति घोर लापरवाही एवं अनुशासनहीनता को दर्शाता है। जो कि सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम 03 के सर्वथा विपरीत है। जिस हेतु कारण बताओ नोटिस जारी कर उक्त संबंध में जवाब 03 दिवस के भीतर प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया है। जवाब प्रस्तुत नहीं करने अथवा संतोषप्रद जवाब नहीं होने की स्थिति में आपके विरूद्ध



नियमानुसार कार्यवाही किए जाने की बात कही गई है। वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, विकासखण्ड बगीचा द्वारा अवगत कराया गया है कि भारत सरकार द्वारा सभी किसानों का कृषक पंजीयन कराया जा रहा है तथा सभी ग्रा. कृ.वि.अधिकारियों की ड्यूटी अपने-अपने क्षेत्र में प्रतिदिन पंजीयन कार्य करने हेतु लगायी गयी है किन्तु कुदमुरा क्षेत्र के ग्रामीण कृषि विकास अधिकारी समीर भगत द्वारा आज दिनांक तक उक्त कार्य को नहीं किया जा रहा है और न ही आप अपने कार्यालय के संपर्क में है। उनके द्वारा अपने क्षेत्र का भ्रमण नहीं किया जा रहा है। 10 मार्च 2025 स्थिति में प्रगति शून्य है, 01.मार्च से 10 मार्च 2025 के मध्य केवल 01 दिन क्षेत्र में भ्रमण किए हैं। किन्तु उस दिन की प्रगति भी उनके द्वारा नहीं दी गई है।11 मार्च 2025 को ग्राम पंचायत रनपुर में किसान पंजीयन का शिविर लगाया गया है जिसे कृ.वि.अधि. मती कुशलीना मिंज ग्राम पंचायत पंडरीपानी, कुदमुरा का भ्रमण कर रनपुर शिविर में उपस्थित थे तथा कृ.वि.अधि. मती कुशलीना मिंज के द्वारा सूचना दी गई है की भगत भी कार्य में उपस्थित नहीं है। उप संचालक कृषि जशपुर के कुदमुरा क्षेत्र के ग्रामीण कृषि विकास अधिकारी समीर भगत को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। किन्तु उनके द्वारा आज दिनांक तक ना तो नोटिस का जवाब दिया गया और न ही कार्य में उपस्थित हुए। प्रतिदिन गूगल शीट के माध्यम से ग्रा.कृ.वि.अधिकारीवार रिपोर्ट प्रेषित की जा रही है, जिसमें भगत की प्रगति लगातार शून्य है। उनकी अनुपस्थिति के कारण ग्रा.कृ.वि.अधि. क्षेत्र-कुदमुरा एवं उसके आश्रित ग्रामों के किसान शासन के इस महत्वपूर्ण योजना के लाभ से वंचित हो रहे है।

# चिरमिरी में लगातार स्वास्थ्य सुविधाओं में उत्तरोत्तर वृद्धि चिरमिरी के 40 वार्डों में दौड़ रही है दो मोबाइल यूनिट बस

## मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना से लोगों को मिल रहा है लाभ

- मोबाईल मेडिकल यूनिट बस से लोगों को मिल रही घर पहुंच सेवा

पायनियर संवाददाता ◂ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com

जरूरतमंद व गरीब तबके के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने राज्य सरकार के द्वारा मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना की शुरुआत की गई है। इसके लिए नगर पालिक निगम चिरमिरी क्षेत्र के पूरे 40 वार्डों के लिए 02 मोबाईल मेडिकल यूनिट बस संचालित है। क्षेत्र के लोगों के द्वार तक पहुंचने वाली मोबाईल मेडिकल यूनिट वाली बसें स्वयं में एक अस्पताल है। जिसमें मेडिकल स्टाफ, मेडिकल उपकरण सहित मरीजों के लिए आवश्यक सुविधाएं



व निःशुल्क दवा उपलब्ध है। इसी क्रम में सोमवार को नगर पालिक निगम चिरमिरी के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 01 पोड़ी, एवं वार्ड क्रमांक 38 डोमनहिल फुटबॉल ग्राउण्ड के पीछे कैंप लगाया गया। पोड़ी में 30 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण व 10 मरीजों का लैब टेस्ट किया गया, वहीं सभी जांच कराने वाले मरीजों को निःशुल्क दवा का भी वितरण किया गया। आपको बता दे कि छत्तीसगढ़ सरकार स्वास्थ्य सुविधाओं में लगातार बढ़ोत्तरी कर रही है, जिसके लिए आमजनों को स्वास्थ्य की जांच हेतु घर पहुंच सेवा मोबाईल मेडिकल युनिट बस की शुरूआत की गई है। जिसमें 42 प्रकार के स्वास्थ्य की जांच की जाती है। जिसमें मुख्य रूप से सी.पी.सी. मशीन से जांच, एल.एफटी., थायराइड, विटामिन बी-12, विटामिन डी-03, यूरिक एसिड जैसे अन्य कई प्रकार के जांच कर लोगों का घर पहुंच स्वास्थ्य सुविधाएं सरकार के द्वारा दिया जा रहा है। इस दौरान डॉ. किरण किशोर, डॉ. सुमन पाण्डेय, ए.एन.एम. सुनिता कारफारमा, लैब टेक्नीशियन सुशील यादव, फार्मासिस्ट नैन्सी, सुभाष, रोशन सिंह, लैब टेक्नीशियन अलमा एक्का व अन्य स्टाफ मौजूद रहे।

# पुलिस ने की होली पर्व को लेकर लोगों से अपील, पुलिस ने जारी किए दिशा-निर्देश

पायनियर संवाददाता ◂ सक्ती
www.dailypioneer.com

पुलिस ने आगामी 13 मार्च को होलिका दहन एवं 14 मार्च को होने वाले रंगों के पर्व होली को लेकर पूरे थाना क्षेत्र की जनता से अपील की है कि वे होली पर्व शांति से मनाए तथा शक्ति पुलिस ने आम नागरिकों के लिए होली पर्व को लेकर सुरक्षात्मक दृष्टि से आवश्यक दिशा-निर्देश भी जारी किए हैं, तथा पुलिस ने अपील की है कि इन दिशा निर्देशों का सभी नागरिक सख्ती से पालन करें एवम सक्ती पुलिस ने होली त्यौहार की शुभकामनाओं भी दी है. पुलिस ने कहा है कि होली त्यौहार शांति से मनाने के लिए अभद्र पूर्ण व्यवहार ना करें। गाली गलौज अभद्रता पूर्वक गाने बजाने हेतु बंदिश है।हरे भरे पेड़ को ना काटे।




जबरन रंग गुलाल न लगाये। महिलाओं का सम्मान करते सादा व्यवहार करें अच्छे नागरिक का परिचय दें। बिजली खंभा के नीचें व तंग गली में होलिका दहन न करें।होलिका दहन के समय पांच व्यक्ति होलीका दहन करें। होलिका दहन में जबरन दरवाजा, खिड़की, जलाऊ लकड़ी ना डाले। पेंट या डामर तथा चिट गंदगी कीचड़ ना डालें। मुखौटा ना पहने, मुखौटा पूर्णतः प्रतिबंधित है तथा गैर कानूनी है। नशा पान ना करें व नशा करके वाहन ना चलाएं। मोबाइल से अभद्रपूर्वक गाली गुत्तार या अन्य प्रकार की गाली न करें।पानी का सदुपयोग करें। सांप्रदायिक भावनाओं का पालन करें मंदिर, मस्जिद, गुरूद्वारे, गिरजाघर पर प्रार्थना करने वालों पर जबरन रंग ना डाले। परीक्षाएं प्रारंभ है ध्वनि वाद्य यंत्रों पर कम आवाज का उपयोग करें। यात्रा करने वालों के ऊपर जबरन रंग गुलाल ना डालें। अफवाहों पर ध्यान ना दें तस्दीक कर ले पुलिस को सूचना दे। दोपहिया वाहनों पर तीन सवारी ना बैठाये तथा नशा करके वाहन ना चलाएं,होलिका दहन समय पर ही की जायें।लकड़ी पत्थर से रोड ब्लॉक न करें न ही रास्ते मे रखें। दुर्घटना हो सक्ती है।

# बकाया भुगतान करने होली के बाद आरडीए लगाएगा विशेष शिविर

- एकमुश्त राशि देने पर मिलेगी सरचार्ज में 50 से 30 प्रतिशत तक की छूट

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

रायपुर विकास प्राधिकरण के बकायादारों से वसूली के लिए अब होली के बाद 17 मार्च से योजना क्षेत्र में विशेष शिविर लगाए जाएंगे। आवास एवं पर्यावरण मंत्री ओ.पी. चौधरी के निर्देश पर प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी कुन्दन कुमार ने इस हेतु नोड़ल अधिकारी और सहायक नोडल अधिकारी की नियुक्ति कर दी। इसके अंतर्गत योजना के उप अभियंता, योजना के प्रभारी राजस्व लिपिक, कार्य सहायक सहित अन्य कर्मचारियों को संलग्न किया गया है। इस हेतु निर्धारित की तिथिओं में योजना स्थल पर प्रातः 9 बजे से दोपहर 3.00 बजे तक आवंटिति अपनी बकाया राशि चेक, ड्रॉफ्ट, बैकर्स चेक, डेबिट या क्रेडिट कार्ड, तथा आन लाईन राशि का भुगतान कर सकेगे। आंवटिति अपनी राशि रायपुर विकास प्राधिकरण कार्यालय में भी आकर जमा कर सकते हैं। प्राधिकरण प्रशासन ने इस संबंध में एक मोबाईल नंबर 72249-80800 भी जारी किया है जिस पर कॉल कर जानकारी ली जा सकती है। कार्यालय व्दारा जारी आदेश के अनुसार 17 मार्च को डॉ. खूबचंद बघेल ट्रांसपोर्ट नगर रावांभाठा, डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी आवास योजना हीरापुर में 18 मार्च, बोरियाखुर्द में 19 और 20 मार्च, रायपुरा में 21 मार्च और सरोना में 22 मार्च को शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में उपस्थित लोगों को बकाया राशि का जानकारी देते हुए बकाया राशि चेक, ड्रॉफ्ट, बैकर्स चेक, डेबिट या क्रेडिट कार्ड, तथा आन लाईन से ली जाएगी। प्राधिकरण ने 31 मार्च 2025 तक पुरानी और नई योजनाओं के आवासीय में 50 प्रतिशत और व्यवसायिक योजना में एकमुश्त राशि भुगतान में 30 प्रतिशत तक सरचार्ज राशि में छूट दी गई है। बकायादार एकमुश्त राशि का भुगतान कर इसका सीधा लाभ ले कर अपनी बचत कर सकेगें।

# न्यायालय के वारंट पर सालों से फरार आरोपी गिरफ्तार

## शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने का मामला

पायनियर संवाददाता ◂ बलरामपुर
www.dailypioneer.com

शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने वाला आरोपी को पुलिस ने पुणे महाराष्ट्र से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने उपरांत उसे जेल भेज दिया गया है। पीड़िता ने आप बीती संबंध के बारे में 5 अक्टूबर 2023 को पुलिस को बताया कि आनंद विश्वकर्मा पिता उदय विश्वकर्मा निवासी ग्राम धनोरा थाना बलरामपुर के द्वारा वर्ष 2018 से लेकर 2023 तक शादी का झांसा देते हुए कई बार शारीरिक संबंध बनाए गए तत्पश्चात उसने शादी करने से इनकार करते हुए अश्लील गाली गलौज देना एवं जान से मारने की धमकी देकर मारपीट करने लागा। पुलिस ने पीड़िता के रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 128/2023 धारा भा.द.वि. पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की विवेचना पर पीड़िता को अनुसूचित जनजाति की



सदस्य होना पाये जाने पर पृथक से अनुसूचित जाति/ जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम की धारा 3(2/-) जोड़ी गयी। तत्पश्चात फरार आरोपी के विरुद्ध अभियोग पत्र तैयार कर रामानुजगंज न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। जहां से गिरफ्तारी वारंट जारी हुई इसी दरमियान पुलिस को पता चला कि आरोपी पुणे महाराष्ट्र में रहकर अपना जीवन यापन कर रहा है। पुलिस की गठित टीम के द्वारा फरार आरोपी को पुणे महाराष्ट्र स्थित सॉफ्टवेयर कंपनी वेस्टिन से गिरफ्तार कर लाया गया और उसे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया जहां से उसे जेल दाखिल करा दिया गया है।

# स्ट्रांग वूमेन पावर क्लब ने आयोजित किया नारी शक्ति सम्मान एवं होली मिलन समारोह



पायनियर संवाददाता ◂ सक्ती
www.dailypioneer.com

स्ट्रांग वूमेन पावर क्लब की ओर से शिवम फार्म हाउस में नारी शक्ति सम्मान एवं होली मिलन का रंगारंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया, फिर मुख्य अतिथि महापौर मीनल चौबे को आमंत्रित किया गया था इसके अलावा मुख्य अतिथि के विधि अपराजिता की फाउंडर पायल नागरानी परस इंस्टीट्यूट से कविता पारस रुद्रांश ज्वेलर्स से गीता वर्मा प्रेमलता त्रिवेदी राधा रानी कविता थापा उपस्थित थी प्रोग्राम का आयोजन स्ट्रांग वूमेन पावर क्लब की पूरी टीम के द्वारा आयोजित किया गया था जिसमें ग्रुप की फाउंडर नीता थापा अध्यक्ष शकीला खान उपाध्यक्ष सविता राय कोषाध्यक्ष रूबी सी सचिव प्रज्ञा वैष्णव के द्वारा एक रंगारंग कार्यक्रम किया गया था नारी सम्मान सब नारी का सम्मान होना चाहिए परंतु कुछ क्षेत्रों में आगे प्रयास कर रही महिला का सम्मान किया गया जिसमें संगीता जो स्पेशल स्कूल की संचालिका है मीरा साहू पार्वती ठाकुर शालिनी शर्मा श्वेता शर्मा मेघा तिवारी रिमझिम शर्मा तिलका साहू सविता राय बबली शकीला खान रूबी सिंह प्रज्ञा वैष्णव अनाज खान कुमुदिनी ठाकुर अंजू दानी भूषण साहू शीतल मारकाम धानी साहू देव आशा साहू रूपा अर्चना झमित न्यायकरें नेहा मुनेश्वर आदि लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया कुछ लोगों ने ग्रुप में न्यू मेंबर भी ज्वाइन किया इस तरह एक बेहतरीन प्रोग्राम का आयोजन किया गया ग्रुप की फाउंडर संस्थापिका नीता थापा द्वारा इस संस्था को स्थापना करने का मुख्य उद्देश्य नारी को आगे बढ़ाना है वह हर फील्ड में आगे रहे सबका साथ सबका विकास हो यही कामना रखते हैं।

# ग्राम इंद्रपुर में 250 एकड़ शासकीय भूमि को बेचने वाला मुख्य आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◂ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com

तत्कालीन नायक तहसीलदार के रिपोर्ट पर शासकीय भूमि का फर्जी दस्तावेज बनवाकर बेचने के मामले में रामानुजगंज पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध क्रमांक 102/2015 के तहत आरोपी पर धारा भादवि के तहत मामला दर्ज किया गया था। किंतु विगत 10 वर्षों से कई थानेदार आए और चले गए लेकिन गिरफ्तारी नहीं की गई। गत दिनों पुलिस अधीक्षक वैभव बैंकर रमनलाल के द्वारा क्राइम मीटिंग में यह सख्त निर्देश दिए गए थे कि पुराने पड़े पेंडिंग मामलों में तत्काल गिरफ्तारी कर उसका निराकरण करें इसी क्रम में यह कार्रवाई की गई है। पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार 18 जुलाई 2015 को नायब तहसीलदार कुंजीलाल सिंह ने थाना रामानुजगंज में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी कि जनपद पंचायत रामचंद्रपुर के ग्राम इंद्रपुर में



250 एकड़ शासकीय भूमि को आरोपी व्यास मुनी यादव पिता लालजी यादव और उनके अन्य सहयोगियों ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर अपने नाम दर्ज कराया और बाद में कोल माइनिंग कंपनी प्राइवेट लिमिटेड को बेच दिया गया। मामले की जांच अपर आयुक्त राजस्व सरगुजा अंबिकापुर एवं अपर कलेक्टर रामानुजगंज द्वारा की गई, जिसमें धोखाधड़ी की पुष्टि हुई थी। सूचना के आधार पर रामानुजगंज पुलिस टीम ने गढ़वा जाकर आरोपी मोहम्मद याकुब पिता स्व.मोहम्मद अली 50 वर्ष निवासी बड़ी जामा मस्जिद गली ईरानि मोहल्ला ज़िला गढ़वा, झारखंड से गिरफ्तार कर लिया गया।

मुख्य आरोपी मोहम्मद याकूब से पूछताछ की गई तो उसने स्वीकार किया की व्यासमुनी यादव एवं अन्य आरोपियों के साथ मिलकर संगठित गिरोह बनाकर फर्जी दस्तावेज तैयार किए और शासकीय भूमि को अवैध रूप से कंपनी को बेच दिया। तत्पश्चात पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश किया जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया हैं।

## आयुष्मान कार्ड निर्माण कार्य के साप्ताहिक प्रोग्रेस की जानकारी ली

# किसान अपने खेतों के बचे हुए पैरा को ना करे आग के हवाले : कलेक्टर

पायनियर संवाददाता ◂ सक्ती
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अमृत विकास तोपनो ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक लेकर विभिन्न विभाग अंतर्गत चल रहे विभागीय कामकाज की समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर ने जिला अंतर्गत विभिन्न विभागों के विभागीय कार्यों तथा प्रगतिरत विभिन्न निर्माण कार्यों सहित अन्य आवश्यक कार्यों की विस्तार से समीक्षा की तथा आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने सभी एसडीएम सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को ग्रामीणों और किसानों को अपने खेतों के बचे पैरा को आग न जलाने के लिए जागरूक करने के निर्देश दिए। साथ ही बैठक में कलेक्टर द्वारा सभी विभागों में आमजनता से प्राप्त आवेदनों तथा समय सीमा के लंबित प्रकरणों का विस्तारपूर्वक समीक्षा करते हुवे तेजी से निराकरण करने के निर्देश दिए है,



समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने सहकारिता विभाग अंतर्गत सहकार से समृद्धि कार्यक्रम अंतर्गत ग्राम पंचायतों को सहकारी समिति से आच्छादित करने के कार्यों की साप्ताहिक प्रगति की जानकारी ली तथा कार्ययोजना अनुसार तेजी से कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर द्वारा छोटे कटेकोनी में आरआईडीएफ योजना अंतर्गत कार्यालय सह गोदाम निर्माण कार्य की अद्यतन स्थिति की जानकारी लेते हुवे तेजी से निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत जनपदवार प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत आवास निर्माण कार्यों की अद्यतन स्थिति, मनरेगा के कार्य, जीओ टैगिंग, डोर टू डोर कचरा संग्रहण आदि के बारे में जानकारी ली तथा सभी कार्यो को गुणवत्तापूर्ण और सुव्यवस्थित कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर द्वारा स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत आयुष्मान कार्ड निर्माण कार्य के साप्ताहिक प्रोग्रेस की जानकारी ली गई और शेष बचे आयुष्मान कार्ड निर्माण कार्य को तेजी से कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने सिकल सेल एनीमिया एलिमिनेशन मिशन,चिरायु योजना सहित स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत चल रहे अन्य कार्यों की विस्तारपूर्वक जानकारी लेते हुवे आवश्यक निर्देश दिए है। कलेक्टर द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत भवन विहीन आंगनबाड़ी केंद्रों की संख्यात्मक जानकारी, स्मार्ट आंगनबाड़ी केंद्र बनाए जाने की प्रक्रिया करने सहित विभाग अंतर्गत चल रहे अन्य कार्यों की जानकारी ली गई। कलेक्टर ने कृषि विभाग से प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, ई केवायसी, लैंड सीडिंग, आधार सीडिंग आदि के साप्ताहिक प्रगति की जानकारी लेते हुवे आवश्यक निर्देश दिए है,समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने सभी नगरीय निकायों में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) अंतर्गत स्वीकृत आवास, अप्रारंभ आवास, प्रगतिरत आवास, अपूर्ण आवास, पूर्ण आवास व प्राप्त लक्ष्य के विरुद्ध अब तक किए गए कार्यों की जानकारी विस्तारपूर्वक ली। इसके साथ ही कलेक्टर द्वारा बैठक में पेंशन प्रकरण, जल जीवन मिशन के कार्य आदि की भी जानकारी ली तथा आवश्यक निर्देश दिए। इसी प्रकार कलेक्टर द्वारा सहकारिता विभाग, लोक निर्माण विभाग, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, मत्स्य पालन विभाग, पशु चिकित्सा विभाग सहित अन्य विभागों के कार्यों की विस्तार से समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए। इसके साथ ही कलेक्टर द्वारा विभागवार समय सीमा के लंबित प्रकरणों, जनदर्शन, जनचौपाल आदि में प्राप्त शिकायतों का विस्तार से समीक्षा करते हुए सभी संबंधित अधिकारियो को त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए गए है। बैठक में जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी वासु जैन, अपर कलेक्टर बीरेंद्र लकड़ा, सक्ती एसडीएम अरुण कुमार सोम, मालखरौदा एसडीएम रूपेंद्र पटेल, डिप्टी कलेक्टर विश्वास कुमार, सहायक जिला कोषालय अधिकारी प्रदीप देवांगन, तहसीलदार विद्या भूषण साव, तहसीलदार सक्ती डॉ. रविशंकर राठौर, तहसीलदार मालखरौदा मनमोहन सिंह, तहसीलदार बाराद्वार गरिमा मनहर, अतिरिक्त तहसीलदार बाराद्वार सुशीला साहू, तहसीलदार भीष्म पटेल सहित सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# जिले में स्कूल शिक्षा विभाग जुटा केंद्रीकृत परीक्षा की तैयारियो में

पायनियर संवाददाता ◂ सक्ती
www.dailypioneer.com

लोक शिक्षण संचालनालय रायपुर के निर्देश पर इस वर्ष कक्षा 5वी एवं 8वी की जिला स्तरीय केन्द्रीकृत परीक्षा का आयोजन किया जाना है। परीक्षा पूर्व तैयारी हेतु जिला शिक्षा अधिकारी सक्ती एन के चंद्रा ने जिले के चारों विकासखंड के बीईओ, प्राचार्यों एवं शैक्षिक समन्वयकों की आवश्यक बैठक सेजेस सक्ती में ली गई। डीईओ चंद्रा ने परीक्षा आयोजन से संबंधी सभी पहलुओं को विस्तार से बताया एवं निर्देशित किया की परीक्षा की गोपनीता को बनाए रखते हुए डीपीआई रायपुर द्वारा जारी दिशा निर्देशों का समुचित पालन करते हुए परीक्षा संचालित की जाए। कक्षा पांचवी एवं आठवीं की परीक्षा हेतु सभी शासकीय विद्यालयों एवं सहमति देने वाले अशासकीय विद्यालयों को परीक्षा



केंद्र बनाया गया है, जिसमें संकुल प्राचार्यों को मुख्य केंद्राध्यक्ष नियुक्त किया गया है। संकुल प्राचार्य अपने अधीनस्थ विद्यालयों में सहायक केंद्राध्यक्ष की नियुक्ति कर परीक्षा का संचालन करेंगे। बैठक में मालखरौदा बीईओ एम एल प्रधान, डभरा बीईओ एस एल वारे, जैजैपुर बीईओ व्ही के सिदार, सक्ती एबीईओ नीलिमा बड़गे, राज कुमार पटेल, शिक्षा गुणवत्ता अभियान प्रभारी जिला सक्ती के डी गबेल, सुरेश कुमार जायसवाल सहित जिले के सभी शैक्षिक समन्वयक उपस्थित थे।

# 23 मार्च को राष्ट्र व्यापी महा परीक्षा को लेकर जिला स्तरीय बैठक



पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर कार्यालय के दृष्टि सभा कक्ष में उल्लास साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत 23 मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्र व्यापी महा परीक्षा के जिले मे आयोजन के सम्बन्ध मे जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण की कार्यकारिणी समिति एवं जिला तथा विकासखंड स्तरीय अधिकारियों की उन्मुखीकरण बैठक का आयोजन किया गया। उक्त बैठक मे अतिरिक्त जिलाधीश अनिल बाजपेयी, जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. कमल कपूर बंजारे, नोडल प्राचार्य शासकीय, अशासकीय महाविद्यालय वीणा त्रिपाठी, जिला मिशन समन्वयक नरेंद्र वर्मा, जिला साक्षरता केंद्र प्रभारी उषा किरण पांडेय, जिला नोडल अधिकारी सुनील कुमार झा, सहायक जिला परियोजना समन्वयक भूपेंद्र साहू, कार्यकारिणी के सदस्य गण, जिला रिसोर्स पर्सन बी.एल. साहू, विकासखंडों के विकासखंड शिक्षा अधिकारी, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक एवं तकनीकी रिसोर्स पर्सन उपस्थित थे। उक्त बैठक मे एडीएएम अनिल बाजपेयी ने सभी उपस्थित जनों से इस महा परीक्षा को उत्सव की तरह आयोजित करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करने निर्देशित किया साथ ही राष्ट्रीय महत्व के इस राष्ट्रव्यापी महा परीक्षा को पूरी गंभीरता से सम्पन्न कराने में अपना संपूर्ण योगदान देने का आह्वान किया। जिला शिक्षा अधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को अपने सौंपे गए दायित्व को विशेष रुचि लेकर पूर्ण करने तथा इस महा परीक्षा में समस्त चयनित शिक्षार्थियों को को शामिल कराने अपना संपूर्ण प्रयास करने का निर्देश दिया। सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि अपने विकासखंड में सभी संकुल समन्वयक एवं ग्राम प्रभारियों की बैठक आयोजित कर स्वयं सेवी शिक्षकों के माध्यम से शिक्षार्थियों को राष्ट्र व्यापी महा परीक्षा में सम्मिलित कराने की एवं परीक्षा की सम्पूर्ण तैयारी सुनिश्चित करें। परीक्षा के सम्बन्ध मे जिला नोडल अधिकारी सुनील झा ने सभी को विशेष जानकारी देते हुए बताया इस परीक्षा के आयोजन हेतु जिले मे कुल 521 केंद्र बनाये गये हैं जिसमें कुल 6567 शिक्षार्थी परीक्षा देंगे, परीक्षा में सम्मिलित होने उन्हें आमंत्रण पत्र प्रेषित किया जाएगा, अपने घर के नजदीकी विद्यालय में उनका परीक्षा केंद्र होगा। सफल आयोजन के लिए संकुल स्तर पर प्राचार्यों को नोडल अधिकारी एवं संकुल समन्वयकों को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है, सभी ग्राम के प्रधान पाठक केंद्राध्यक्ष, पर्यवेक्षक एवं मूल्यांकन कर्ता के दायित्व को निभाएंगे। बैठक के अंत मे सभी उपस्थित लोगों को उल्लास नव साक्षरता शपथ दिलाई गई।

# नगर पालिका अध्यक्ष तोरण साहू ने मूलभूत सुविधाओं को लेकर पार्षदों की ली बैठक



पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

नगर पालिका दल्लीराजहरा अध्यक्ष तोरण साहू मूलभूत सुविधा को सुदृढ़ करने एवं उन पर त्वरित कार्यवाही कर आम नागरिकों की समस्याओं का तत्काल निराकरण करने एवं स्वच्छता व पेयजल की समस्याओं के निराकरण समय पर करने लिए सभी नव निर्वाचित पार्षदों के साथ बैठक ली एवं सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारियों को निर्देशित किया। महत्वपूर्ण रूप से आने वाले समय गर्मी को देखते हुए वार्डो में पानी का समस्या न हो इसके लिए पहले ही बोर मोटर पंप को सही करने का निर्देश दिया अतिरिक्त मोटर पंप की व्यवस्था कर रखा जाए जिससे मोटर पंप खराब होने पर उसका त्वरित निराकरण किया जा सके साथ ही सफाई व्यवस्था को लेकर कचरा, गाड़ी में डालने मार्केट में शाम को जो गाड़ी कचरा इकठ्ठा करने जाती थी जो काफी समय से बंद हो गई है जिसे अध्यक्ष ने वापस शुरू करने को कहा रोज शाम को मार्केट में कचरा गाड़ी जाएगी मार्केट के सभी व्यापारियों से भी अनुरोध किया कि कचरा गाड़ी में ही डालें सड़क में न फेंके। मुख्य मार्ग में तथा गलियों में स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था ठीक किया जाए इसके लिए भी स्ट्रीट लाइटों को स्पेयर में रखा जाए। मीटिंग में नगर पालिका उपाध्यक्ष, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, पार्षद गण एवं सभी विभागों के प्रभारी उपस्थित थे।

# राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा से जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल एवं उपाध्यक्ष पवन साहू ने की मुलाकात



**लवन।** नव निर्विरोध जिला पंचायत अध्यक्ष बलौदाबाजार आकांक्षा जायसवाल एवं नव निर्विरोध जिला पंचायत उपाध्यक्ष बलौदाबाजार पवन साहू बलौदाबाजार विधायक व राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा से उनके रायपुर स्थित कार्यलय में सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर राजस्व मंत्री ने अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष को बधाई शुभकामनाएं देकर उज्वल भविष्य की कामना की।

# 5 दिवसीय संत समागम समापन



पायनियर संवाददाता ◄ लवन
www.dailypioneer.com

तहसील लवन के अंतिम छोर त्रिवेणी संगम में बसा ग्राम पंचायत चंगोरी पुरी धाम में 5 दिवसीय सन्त समागम मेला का भव्य आयोजन का मंगलवार को समापन हुआ। इस मेला में दूर दराज से पर्यटक, दर्शनार्थियों सहित ग्रामीणों की उपस्थिति रहा।यंहा कबीर दास जी का आश्रम है जहां उनके अनुयायियों की काफी भीड़ मेला में उपस्थित होकर पुनीत कार्य के भागी बने इसके अलावा केवट समाज का भव्य भवन भी बना हुआ है जहां समाज के अनेक श्रद्धालुओं रुक कर मेला में शामिल होकर त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाकर पुण्य की प्राप्ति किये। इस अवसर पर महिला पत्रकार उषा साहू, खिलेश्वरी साहू भी मेले भ्रमण करने पहुंचे रहे।

# कलेक्टर ने जिले के नए सहकारी समितियों का गठन सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने कहा कि शासन द्वारा जारी किए गए दिशा-निर्देशों के आधार पर निर्धारित मापदण्ड के अनुसार सभी के सहमति से जिले के नए सहकारी समितियों का गठन सुनिश्चित की जाए। चन्द्रवाल संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित जिला विकास सहकारी समिति की बैठक में उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं सहित संबंधित विभाग के अधिकारियों को उक्त आशय के निर्देश दिए हैं। बैठक में उन्होंने जिले में प्रस्तावित नवीन मत्स्य सहकारी समिति, दुग्ध सहकारी समिति, वनोपज सहकारी समिति के अलावा ग्राम पंचायतों में पैक्स समिति एवं बहुआयामी सहकारी समितियों के गठन के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। बैठक में चन्द्रवाल ने संबंधित विभागों के अधिकारियों से सहकारी समितियों में लेन-देन एवं लोन की व्यवस्था के अलावा सहकारी समितियों की गठन की प्रक्रिया एवं उसके गठन के लिए निर्धारित मापदण्ड आदि के संबंध में भी जानकारी ली। बैठक में उप संचालक सहकारी संस्थाएं राजेन्द्र राठिया सहित उप संचालक कृषि एवं पशु चिकित्सा सेवाएं के अलावा जिला खाद्य अधिकारी और अन्य विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे।

# होली महोत्सव रसरंग-हास्य कवि सम्मेलन आज



पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

परंपरानुसार लगातार 20वें वर्ष वन्देमातरम परिवार द्वारा संस्था के संरक्षक विधायक अजय चंद्राकर के विशेष सहयोग से कुरूद मे होली के पूर्व संध्या 13 मार्च को हास्य कवि सम्मेलन रसरंग होली महोत्सव का कार्यक्रम रखा गया है जिसमे कविगण पद्मश्री सुरेन्द्र दुबे रायपुर, सुदीप भोला दिल्ली, प्रख्यात मिश्रा लखनऊ, होली महोत्सव कुरूद मे उपस्थित रहेंगे। इसी तारतम्य में 11 मार्च को मंगल भवन कुरूद मे वन्देमातरम परिवार द्वारा बैठक आहुत किया गया, जिसमे अध्यक्ष भानु चन्द्राकर ने पदाधिकारियों, सदस्यों के साथ बैठक कर कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार किये। आमंत्रण और मंच सज्जा से लेकर सभी कार्यों के लिए प्रभारी नियुक्त किया गया। अतिथियों एवं दर्शकों को समय पूर्व बैठाने के लिए सदस्यों की टोली बनाया गया। उक्त कार्यक्रम स्वामी विवेकानंद स्टेडियम कारगिल चौक कुरुद में 13 मार्च गुरूवार शाम 7 बजे से देर रात्रि तक आयोजित की जायेगी जिसमें उपस्थिति की अपील आयोजक वन्देमातरम परिवार समिति कुरुद द्वारा की गई है।

# चुनकट्टा में किया गया सरपंच व पंचो का नागरिक अभिनंदन



पायनियर संवाददाता ◄ उतई
www.dailypioneer.com

शासकीय प्राथमिक शाला चुनकट्टा में प्रधान पाठक शिक्षक एवं एसएमसी सदस्यों द्वारा नवनिर्वाचित सरपंच, उपसरपंच और पंचगणों का साल, श्रीफल और पुष्प गुच्छ के माध्यम से स्वागत किया गया। जिसमें सरपंच रोशनी सोनू राय एवं उपसरपंच अजय सिंह राजपूत ने शाला के विकास में हर संभव सहायता करने की बात कही और शिक्षकों को नवाचार के लिए प्रोत्साहित किया। जनप्रतिनिधियों ने शिक्षकों और रसोइयों को साड़ी देकर सम्मानित किया एवं बच्चों को मिठाई वितरित किया। प्रधान पाठक धनेश्वरी बंजारे ने स्कूल की बेहतर विकास और बच्चों को शाला से जोड़कर रखने के लिए जनप्रतिनिधियों का धन्यवाद और कृतज्ञता जाहिर की। इस अवसर पर एसएमसी अध्यक्ष नरसिंह साहू, समाज सेवक सोनू राय, विधायक प्रतिनिधि राधेलाल सोनवानी, मिथलेश बंजारे, छत्रपाल सिंह राजपूत, रजनी ठाकुर, रूपेश ठाकुर, हेमा जोशी, सुरुज बाई बंजारे, राजेंद्र बंजारे, माया जोशी, नीतू कोसले, अरुण जांगड़े, दसमत बंजारे, रीना मानिकपुरी, आशा सिंह राजपूत, आरती कोसले, सरस्वती वर्मा, कविता देवांगन, राधिका साहू, सुधरा सोनवानी आदि उपस्थित थे।

# दुखनी भूमेश चौहान ने जीत के बाद किया घर-घर जनसंपर्क, क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त किया



पायनियर संवाददाता ◄ भंवरपुर
www.dailypioneer.com

बसना जनपद पंचायत सदस्य दुखनी भूमेश चौहान ने अपने क्षेत्र में जनपद पंचायत चुनाव में शानदार जीत हासिल करने के बाद अपनी जीत का आभार व्यक्त करने के लिए गांव-गांव जाकर घर-घर जनसंपर्क किया। इस दौरान उन्होंने अपने क्षेत्रवासियों को धन्यवाद दिया और कहा कि यह जीत उनके भरोसे और समर्थन का परिणाम है। उन्होंने अपने क्षेत्र के विकास के लिए हमेशा तत्पर रहने का वादा किया और क्षेत्र की समस्याओं को हल करने के लिए हर संभव प्रयास करने की बात कही। दुखनी भूमेश चौहान ने क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे भविष्य में भी उनका साथ दें ताकि क्षेत्र का समग्र विकास संभव हो सके। जनसंपर्क के दौरान उन्होंने लोगों की समस्याओं को सुना और उन्हें शीघ्र समाधान दिलाने का आश्वासन भी दिया। उनकी इस जनसंपर्क यात्रा से क्षेत्रवासियों में खुशी और संतोष का माहौल देखने को मिला।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर मरदा कलस्टर में विभिन्न कार्यक्रमों का किया गया आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ लवन
www.dailypioneer.com



अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मरदा कलस्टर में पीआरपी नागेश्वरी चतुर्वेदी के अगुवाई में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस एवं होली मिलन समारोह रखी गई। जिसमें नवनिर्वाचित मोहन बंजारे (सरपंच सारखोर), शांति कोषले (जनपद सदस्य सारखोर) शांता साहू (जनपद सदस्य सीरियाडीह), ऊषा साहू (जनपद सदस्य तूरमा) की मुख्यातिथि में कार्यक्रम आयोजित किया गया था। जिसमें उत्कृष्ट कार्य कर रहे दीदी, और लखपति दीदी का सम्मान पत्र के साथ सम्मान किया गया। साथ ही साथ मरदा कलस्टर की पी आर पी नागेश्वरी चतुर्वेदी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में दीदियों का हौसला बढ़ाते हुए गुब्बारा फोड़, कुर्सी दौड़, प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था, जिसमें कुर्सी दौड़ में प्रथम स्थान अनुसुइया सेन, वही दूसरा राउंड में मरदा कलस्टर के पी आर पी विजेता बनी। जिसे अतिथियों द्वारा सहसम्मान प्रसवीपत्र देकर सम्मान किया। हमारे संवाददाता धनकुमार कौशिक से बातचीत करते हुए नवनिर्वाचित मोहन बंजारे ने बताया कि मेरा जीत मेरा नहीं मेरे समस्त ग्रामवासी की जीत है, मेरा हमेशा कोशिश रहेगा कि मै अपने गांव और गरीबों के के विश्वास में हमेशा खरा उतरूगा आज मुझे मरदा कलस्टर के पीआरपी नागेश्वरी चतुर्वेदी ने सहसम्मान बुलाकर जो मुझे जो सम्मान दिया ओ बहुत ही सराहनीय कदम है।हमेशा से ही पीआरपी नागेश्वरी चतुर्वेदी द्वारा अपने कार्य छेत्र में जवाबदारी पूर्वक काम किया है और काम करते आ रहे हैं। वही ग्राम पंचायत सरखोर के नवनिर्वाचित जनपद सदस्य शांति कोषले ने कहा कि जो मुझे जनादेस मिली है ओ जनता की जीत है मैं अपने कर्तव्य निष्ठा के साथ हमेशा काम करूंगी। वही शांता साहू जनपद सदस्य ग्राम पंचायत सीरियाडीह ने कहा कि मै पिछले 5 सालों से समूह में जुड़ा हुई हूं मुझे कभी ऐसा नई लगा कि पीआरपी नागेश्वरी चतुर्वेदी अपने कार्य छेत्र में कोई कमी की है हमेशा से अपने कार्य के प्रति जागरूक रही हैं। साथ ही साथ ग्राम पंचायत तूरमा के नवनिर्वाचित जनपद सदस्य ऊषा साहू ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की कार्यक्रम एवं होली मिलन समारोह मरदा कलस्टर के पी आर पी नागेश्वरी चतुर्वेदी द्वारा रखी गई है ओ बहुत ही अच्छा कार्यक्रम थी, हमेशा से ही मै देखती आ रही हूं अपने कार्य छेत्र में जवाबदारी पूर्वक काम को अंजाम देते आ रही है, मैं इसलिए बोल रही हु क्योंकि मै भी समूह में जुड़ा हुआ हु, हमारे मरदा कलस्टर के समस्त पदाधिकारी समस्त वीवो पदाधिकारी समस्त कैडर एक परिवार की तरह रहते ओर चलते आ रहे हैं और हमेशा चलेंगे। और ऊषा साहू ने कहा कि जो मुझे मेरे क्षेत्रवासी जनादेश दी है मै उसे अपने कर्तव्य निष्ठा के साथ निभाऊंगा, हर दुख सुख में साथ रहूंगी, जो अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस एवं होली मिलन समारोह मरदा कलस्टर द्वारा मनाई गई और हम प्रतिनिधियों को सम्मान दी गई उसके लिए हम सभी नागेश्वरी चतुर्वेदी और उनके समस्त टीम को बहुत बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं देते है, और भविष्य में जो भी हम लोगो से बन पड़ेगी सहयोग करते रहेंगे। मरदा कलस्टर की अध्यक्ष प्रीति खेलवार ने सभी अतिथियों को कलस्टर के कमियों के बारे में बताया जो नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने बात सुनी और जो भी बन पड़ता है कार्य को करने के लिए सभी अतिथियों ने आश्वाशन दिया और सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे इस छोटे से कार्यक्रम में पधारे समस्त अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कार्यक्रम कि समापन किया गया।

# होली महोत्सव 2025 को लेकर प्रशासन द्वारा हुई शांति समिति की बैठक



पायनियर संवाददाता ◄ कुरूद
www.dailypioneer.com

कुरूद नगर में होली महोत्सव 2025 को लेकर प्रशासन द्वारा शांति समिति की बैठक पुलिस थाना परिसर में संपन्न हुई, बैठक में नगर प्रशासन एवं गणमान्य नागरिकों ने कुरूद की सुरक्षा, शांति और सद्भाव क़ायम रखने के लिए सबसे अपील किया, होली के रंग अपनों के संग कुरूद में मनाने के उद्देश्य से नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष, पूर्व नेता प्रतिपक्ष, नगर पंचायत के उपाध्यक्ष सहित परिषद के समस्त साथीगण सम्मिलित हुए साथ ही गणमान्य नागरिकगण, व्यापारियों, ग्रामीणजन, मिडिया के सदस्यगण भी विभिन्न सुझावों के माध्यम से नगर में होली के त्योहार आपसी प्रेम और सौहार्द से मानाने का निर्णय लिया गया, प्रशासन की ओर से एसडीओपी रागनी मिश्रा, तहसीलदार दूर्गा साहू, पुलिस प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारीगण सम्मिलित होकर शांति समितिशांति समिति की बैठक में नगर व आसपास के क्षेत्र में नशे के बढ़ते कारोबार व अपराधियों के बुलंद हौसलों को लेकर जोरदार बहस हुई तथा अपराधियों को संरक्षण देने पर आरोप भी लगाए गए। बहस के दौरान जनप्रतिनिधि व नगर के गणमान्य जनों ने अपराध की मुख्य जड़ नशे को ही ठहराया तथा कहा कि नगर में गली-गली में नशे का हर सामान मौजूद है जिससे कुरूद के युवा व बच्चे इसकी गिरफ्त में आ चुके हैं उपस्थित सभी जनों ने ऐसे अपराधियों व अपराध में संलिप्त लोगों के खिलाफ पुलिस प्रशासन से सख्त से सख्त कार्यवाही करने की अपील की। एसडीओपी कुरूद रागिनी मिश्रा ने उपस्थित जनों को आश्वस्त किया कि वह इस मामले को बेहद ही संवेदनशील तरीके से ले रही हैं तथा अपराधियों को बक्सा नहीं जाएगा व सख्त से सख्त कार्रवाई की जा रही है व की जाएगी। नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति भानु चंद्राकर ने कहा कि नगर में कानून व्यवस्था को सुधारने व नशे के कारोबार को नियंत्रित करने हेतु महिला कमांडो द्वारा प्रतिदिन रात्रि में गस्त किया जा रहा है इस हेतु उन्होंने समस्त नगर वासियों से महिला कमांडो के उत्साहवर्धन व समर्थन करने की अपील की।

# अवैध शराब बिक्री, दो आरोपियों को किया गया गिरफ्तार



पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

धमतरी पुलिस थाना कुरूद को मुखबिर से सूचना मिली की दो व्यक्ति एक काले रंग के होंडा साईन मो.सा. में एक नीले रंग की राजश्री बैग के अंदर अवैध रूप से शराब रखकर नारी रोड की ओर जा रहे है। सूचना पर हमराह स्टॉफ के अमृत राईस मिल के सामने नारी रोड कुरूद के पास जाकर घेराबंदी कर एक काले रंग के होंडा साईन मो.सा. क्र. सीजी 07 बीएफ 2259 में दो व्यक्ति को पकडकर उनका नाम पता पूछने पर चालक ने अपना नाम भीषम साहू उम्र 21 वर्ष एवं नरेश साहू उम्र 20 वर्ष दोनों भरदा का रहने वाले बताये। मो0सा0 के बीच में रखे नीले रंग के राजश्री बैग के अंदर तलाशी लेने पर थैला के अंदर 90 पौवा देशी प्लेन शराब सीलबंद देशी प्लेन शराब प्रत्येक में 180-180 एमएल भरी हुई कुल 16.200 बल्क लीटर कीमती 8,100 रूपये एवं होंडा साईन मो.सा. क्र. सीजी 07 बीएफ 2259 काले रंग की कीमती 20,000 रूपये कुल 28,100 रूपये को समक्ष गवाहों के जप्त कर आरोपीगण के विरूद्ध थाना कुरुद में अप. क्र.72/25 धारा 34-2 आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपीगण भीषम साहू एवं नरेश साहू दोनों निवासी भरदा थाना कुरूद को विधिवत् गिरफ्तार न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। उक्त कार्यवाही में थाना कुरुद से सउनि सुरेश नंद, आर डेनेश्वर टंडन, गहेश्वर साहू का विशेष योगदान रहा।

# जनपद सदस्य प्रकाश सिन्हा का गाजे-बाजे के साथ भव्य स्वागत

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com





जनपद पंचायत बसना के क्षेत्र क्रमांक 21 में पहली बार जनपद सदस्य बने और निर्वाचित होने के बाद प्रथम अंकोरी आगमन पर जनपद सदस्य प्रकाश सिन्हा का क्षेत्रवासियों, आम नागरिकों ने भव्य स्वागत किया। विजयी होने के पश्चात सर्वप्रथम प्रकाश ने ग्राम देवता ठाकुर देव व श्री जगन्नाथ महाप्रभु के दर्शन कर पूजा अर्चना कर क्षेत्रवासियों के खुशहाली की कामना की। ग्रामवासियों ने सिन्हा का जगह-जगह हार फूल माला और गाजे-बाजे पर के साथ आतिशबाजी से स्वागत किया। वहीं मिठाइयां खिलाकर शाल श्रीफल के साथ अंगवस्त्र से आत्मीय स्वागत सम्मान किया गया। क्षेत्रवासियों के आत्मीय अभिनंदन पर जनपद सदस्य प्रकाश सिन्हा ने क्षेत्र के देवतुल मतदाताओं का आभार व्यक्त किया। सिन्हा ने आपसी मतभेद गिले शिकवे को भूला कर क्षेत्र के सर्वांगीण विकास करने की बात कही। कार्यक्रम में उपस्थित जनपद क्षेत्र के समस्त सरपंच, उप सरपंच, पंच को साथ लेकर कदम से कदम मिलाकर अंकोरी जनपद क्षेत्र को एक आदर्श जनपद बनाना पहली प्राथमिकता होगी। सिन्हा ने नव निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा विकास तभी होगा जब हम सब मिलकर एक जुट होकर काम करेंगे। मैं आशा ही नहीं विश्वास दिलाता हूं कि वह दिन दूर नहीं होगा जब बसना जनपद क्षेत्र किसी मॉडल के रूप में विकसित होते दिख रहा होगा। बसना विधायक का भी सपना है बसना विधानसभा को मॉडल के रूप में विकसित करना, इसी सपने को साकार करने की बात कही। पूर्व सैनिक एवं ग्राम के प्रमुख वेणुधर साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि मेरी उम्र 84 वर्ष हो गई है। लेकिन आज तक किसी ने इस गांव में इतना मान सम्मान, स्वागत नहीं किया जितना प्रकाश ने किया। ग्राम और जनपद के विकास के लिए प्रकाश सिन्हा को बहुत-बहुत बधाई और आशीर्वाद देता हूं। आदिवासी समाज के फुलझर अंचल के प्रमुख बरतराम नागेश ने कहा कि प्रत्येक गांव का सर्वांगीण विकास प्रकाश के हाथों में है। पूरा विश्वाश है प्रकाश क्षेत्र के प्रगति और किसानों के हित में सदैव कार्य करने की बात कहीं। नवनिर्वाचित पार्षद शीत गुप्ता ने भी भी सिन्हा को बधाई देते हुए बताया कि वे प्रकाश के साथ 10 वर्षो से क्षेत्र की सेवा कर रहे है। नीलांचल सेवा समिति के माध्यम से 24 घंटे कोई निस्वार्थ भाव से सेवा कार्य में जुटने वाले भाई प्रकाश सिन्हा है। क्षेत्र ने अच्छे जनसेवक को चूना है जिसके लिए समस्त ग्रामवासियों का आभार व्यक्त किया। उक्त कार्यक्रम में पूर्व सैनिक वेणुधर साहू, आदिवासी समाज प्रमुख बरतराम नागेश, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि खोलबाहरा निराला, जनपद उपाध्यक्ष मोहित पटेल, पूर्व जनपद सदस्य अरुण नायक, बरोली जनपद सदस्य प्रेमबाई नरेश साव, गढफुलझर जनपद सदस्य सुशीला मलिक, खेमडा जनपद सदस्य विलासिनी वृंदावन प्रधान, चनाट जनपद सदस्य प्रतिनिधि लोकेश नायक, बड़ेसाजापाली जनपद सदस्य मीरा ऋषिकेश पटेल, ग्राम पंचायत अंकोरी सरपंच मिश्रा दीप, पलसापाली सरपंच प्रतिनिधि वीरू यादव, कायतपाली सरपंच गीतांजली यादव, देवरी सरपंच सुरेश कोसरिया, कायतपाली उपसरपंच जानकी डड़सेना, गढ़फुलझहर सरपंच प्रतिनिधि हरजिंदर सिंह, बसना नगर के पार्षद राकेश डड़सेना, शीत गुप्ता, पत्रकार साथी सेवक दास दीवान, ऋषिकेशन दास, अनिक दानी, अभय घृतलहरें, अरुण साहू, डॉ. ओमेश डड़सेना समेत परिवार जन, कीर्तन दल, भागवत पार्टी, महिला समूह सहायता, खिलाड़ी सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद थे।

### मिलन समारोह में आधिकारियों को दी नसीहत

सिन्हा ने कार्यक्रम के दौरान कहा विष्णु भगवान के सुदर्शन चक्र से कोई नहीं बच सकता ठीक वैसे ही हमारे विष्णु देव सरकार से कोई भी भ्रष्टाचारी नहीं बच सकता, वैसे बसना जनपद क्षेत्र में प्रकाश की तेज किरणे से कोई नहीं बच पाएगा। प्रकाश ने शपथ लेते ही अधिकारी कर्मचारियों से ईमानदारी से काम करने को कहा है। काम को टालने और कार्यालय के चक्कर लगवाने वाले अधिकारी कर्मचारी को नसीहत दी है। साथ ही चापलूसी, रिश्वतखोरी कोई करेगा तो अंकोरी क्षेत्र की युवा टीम सबक सिखाने में कोई कसर नहीं छोड़ने की बात कही।

### मिठाई और फल से किया तुलादान

नवनिर्वाचित जनपद सदस्य प्रकाश सिन्हा का शुभचिंतकों एवं क्षेत्र के युवाओं ने प्रकाश सिन्हा को मिठाई एवं फलों से तौला कर तुलादान किया गया। इस दौरान ग्रामीणों में जबर्दस्त उत्साह का माहौल नजर आया। तुलादान से प्राप्त मिठाई फल को उपस्थित लोगों में वितरण किया गया। साथ ही क्षेत्रवासियों ने भव्य स्वागत कर आशीर्वाद प्रदाय किया।

# बसना जनपद पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं जनपद सदस्यों ने ली शपथ, विधायक डॉ. सम्पत अग्रवाल ने दी बधाई



पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

बसना के जनपद परिसर में जनपद पंचायत के नव निर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। इस अवसर पर डिलेश्वरी मिलाप राम निराला ने जनपद अध्यक्ष पद की शपथ ली, जबकि उपाध्यक्ष पद के लिए मोहित कुमार रामसागर पटेल ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ग्रहण की। इनके साथ ही जनपद सदस्यों ने भी अपने-अपने पदों की शपथ ली। समारोह में बसना विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल शामिल हुए तथा उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए जनपद पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं समस्त जनपद सदस्यों को शपथग्रहण करने की बधाई दी तथा जनपद पंचायत की भूमिका और विकास कार्यो को लेकर अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर जनपद क्षेत्र के विकास को लेकर विभिन्न योजनाओं पर चर्चा भी हुई। समारोह के दौरान नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष ने जनपद क्षेत्र के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्धता जताई और पारदर्शी प्रशासन देने का आश्वासन दिया। शपथ ग्रहण कार्यक्रम के सफल आयोजन में संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में विशेष रूप से विधानसभा संयोजक डॉ.एनके अग्रवाल, पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष सुमित अग्रवाल, विधायक कार्यालय प्रभारी एवं जनपद सदस्य प्रकाश सिन्हा, कामेश बंजारा, एसडीएम मनोज खाण्डे, तहसीलदार ममता ठाकुर, सीईओ पीयूष ठाकुर, खोलबाहरा निराला, आकाश सिन्हा, जनपद सदस्यगण, जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही।

# जिला पंचायत अध्यक्ष एवं सदस्यों के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए विधायक ललित चंद्राकर



पायनियर संवाददाता ➤ उतई
www.dailypioneer.com

जिला पंचायत सभागार दुर्ग में आयोजित नवनिर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं जिला पंचायत सदस्य के शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर शामिल हुए। इस अवसर पर सभी नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को उनके नवीन दायित्व हेतु शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने सभी नवनिर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष और जिला पंचायत सदस्य को बधाई देते हुए उनसे जनकल्याण के लिए काम करने आवाहन किया। जनता के विश्वास और आशीर्वाद से नवचयनित प्रतिनिधियों का यह नया सफर अपने अपने कार्य क्षेत्र के विकास और जनकल्याण के प्रति समर्पित रहेगा। सभी के साथ मिलकर समाज हित के कार्यों को गति देने और जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का संकल्प लिया। और निश्चित रूप से जिला पंचायत दुर्ग को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगी और क्षेत्र की प्रगति में एक नया आयाम जोड़ने का कार्य करेगी। मुझे पूर्ण विश्वास है कि आप सभी अपने दायित्वों का कुशलतापूर्वक निर्वहन करते हुए जनहित और क्षेत्र के विकास के लिए सदैव समर्पित रहेंगे। इस अवसर पर नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्यों, जिला पंचायत दुर्ग के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# उड़ान दृष्टि एवं श्रवण बाधितार्थ विशेष आवासीय विद्यालय में सम्मिलित हुए बसना लोकप्रिय विधायक डॉ. सम्पत अग्रवाल





पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

बसना विधानसभा के लोकप्रिय जनप्रिय विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल सरायपाली स्थित उड़ान दृष्टि एवं श्रवण बाधितार्थ विशेष (आवासीय) विद्यालय में आयोजित होली मिलन समारोह में सम्मिलित होकर बच्चों के साथ रंगों के इस उत्सव को उत्साहपूर्वक मनाया। बच्चों के साथ फूलों की होली मनाने के बाद विधायक डॉ सम्पत अग्रवाल ने इस होली मिलन समारोह को अपने जीवन का अविस्मरणीय पल बताये उन्होंने कहा की यह उनके जीवन के यादगार पालो में से एक रहेगा। बच्चों के उत्साह, मुस्कान और उमंग ने होली के रंगों को और अधिक जीवंत बना दिया। सभी बच्चों को होली की बधाई देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामना विधायक डॉ सम्पत अग्रवाल ने की एवं सदैव सकारात्मक सोच एवं सकारात्मक ऊर्जा की ओर आगे बढ़ाने को प्रेरित किया। इस अवसर पर संचालिका ऊषा साहू, उपाध्यक्ष हेमंत साहू, बसना पार्षद शीत गुप्ता, हरीश पक्षीराज, गुलशन साव, भागीरथी दास, विजय साहू, सतीश साहू, विवेक महापात्र, रजिंदर कौर, मनमीत कौर, कोमल कौर, बालक बालिकाओं सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# छत्तीसगढ़ सिने एंड टेलीविज़न प्रोड्यूसर एसोसिएशन का होली मिलन आज

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ी सिनेमा के फिल्मकारों के साथ होली मिलन का कार्यक्रम गुरूवार को इलेवन स्टार ग्राउंड कटोरा तालाब में दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक आयोजित किया गया है। आयोजकों के अनुसार छत्तीसगढ़ी सिनेमा के किसी भी विधा के साथ जुड़े सदस्यों को आमंत्रित किया गया है आयोजन में दोपहर 12 बजे से शुरू होने वाले कार्यक्रम में लोग गुलाल के रंगों से सराबोर होकर, फाग के गीतों और होली की मस्ती के साथ लजीज व्यंजनों के जायका लेते हुए रंगारंग आयोजन को पूरे उत्साहपूर्वक होली मनाते हुए नजार आयेंगे। आयोजकों ने छत्तीसगढ़ी फिल्म के सभी विधाओ के सदस्यों से अपील की है कि निर्धारित समय मे उपस्थित हो कर इस रंगारंग कार्यक्रम की शोभा बढ़ाए। आयोजकों ने सभी आगंतुकों के लिए लाईव बैंड के साथ गाने बजाने नाचने के साथ दोपहर के भोजन की भरपूर व्यवस्था रखी गई है।

# निगम जोन 3 स्वास्थ्य विभाग ने पंडरी में वनश्री इंटरप्राइजेस का आकस्मिक निरीक्षण लगभग 200 किलोग्राम प्रतिबंधित पॉलीथिन जब्त किया

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com





नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर नगर निगम स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर तृप्ति पाणीग्रही के नेतृत्व में जोन 3 जोन कमिश्नर विवेकानंद दुबे के निर्देश पर छत्तीसगढ़ राज्य पर्यावरण संरक्षण मण्डल क्षेत्रीय कार्यालय के वैज्ञानिक मानिक चंदेल, उप अभियंता एस.के. चौधरी, निगम जोन 3 के जोन स्वास्थ्य अधिकारी पूरन ताण्डी सहित जोन के अन्य सम्बंधित अधिकारियों और कर्मचारियों की उपस्थिति में पुलिस प्रशासन बल के सहयोग से राजधानी शहर रायपुर के पंडरी बाजार क्षेत्र में समाज हित में पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से दुकानों में प्रतिबंधित पॉलीथिन की आकस्मिक जाँच और स्थल निरीक्षण किया। आकस्मिक निरीक्षण के दौरान पंडरी बाजार क्षेत्र में वनश्री इंटरप्राइजेस दुकान से लगभग 200 किलोग्राम (लगभग एक टाटा 407 वाहन को भरकर) प्रतिबंधित पॉलीथिन को जप्त कर नगर निगम स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देश पर जोन 3 के जोन स्वास्थ्य अधिकारी पूरन ताण्डी ने सम्बंधित दुकान संचालक को भविष्य के लिए कड़ी चेतावनी दी है। अभियान आगे भी सतत जारी रहेगा।

# मेड इन इंडिया, मेड फॉर इंडिया पर ध्यान केंद्रित करते हुए, हायर ने नई एसी उत्पादन और इंजेक्शन मोल्डिंग इकाइयों के साथ ग्रेटर नोएडा प्लांट का विस्तार किया

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



लगातार 16 वर्षो से नंबर 1 वैश्विक प्रमुख उपकरण ब्रांड हायर अप्लायंसेज़ इंडिया ने अभूतपूर्व क्षमताओं के साथ अपने एसी विनिर्माण का विस्तार किया है और ग्रेटर नोएडा के अपने प्लांट में एक नई इंजेक्शन मोल्डिंग सुविधा का उद्घाटन किया है। भारत में अग्रणी घरेलू उपकरण निर्माताओं में से एक, यह विकास मेड इन इंडिया, मेड फॉर इंडिया पहल को मज़बूत करने की दिशा में एक और कदम है। इस शिलान्यास समारोह का नेतृत्व उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह और हायर अप्लायंसेज़ इंडिया के अध्यक्ष एनएस सतीश ने किया। इस अवसर पर आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स के प्रमुख सचिव अनुराग यादव और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ रवि कुमार एनजी भी मौजूद थे। यह उपलब्धि 'मेड इन इंडिया, मेड फॉर इंडिया' के प्रति हायर की प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है, स्थानीय विनिर्माण को मज़बूत करती है, नवाचार को बढ़ावा देती है और देश के आर्थिक विकास को गति देती है। हायर ने इन नई सुविधाओं में महत्वपूर्ण निवेश करने की प्रतिबद्धता जताई है। 2024-2028 के बीच हायर 1,000 करोड़ रुपये से अधिक का अतिरिक्त निवेश करेगा, जिससे 3,500 लोगों के लिए अतिरिक्त रोज़गार पैदा होगा और इससे उत्तर प्रदेश की आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा। ये निवेश भारत में अपने विनिर्माण का विस्तार करने की हायर की रणनीति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। आगामी एसी फैक्ट्री की वार्षिक उत्पादन क्षमता 2.5 मिलियन यूनिट होगी, जो मौजूदा 1.5 मिलियन यूनिट से बढ़कर कुल 4 मिलियन यूनिट हो जाएगी।

# महिमा हॉस्पिटल में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस



**उतई।** महिमा हॉस्पिटल उतई में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ कुसुम यादव द्वारा किया। कार्यक्रम में डॉ मोनी दीपाशाह स्त्री रोग विशेषज्ञ, डॉ. भुनेश्वरी देवांगन चर्म रोग विशेषज्ञ, डॉ. लता देवांगन रेडियोलॉजिस्ट, डॉ. संभवी फिजियोथैरेपिस्ट, स्टाफ नर्स चंपेश्वरी साहू, महेश्वरी साहू, वर्षा वर्मा, किरण धनकर, कमलेश्वरी यादव, दिव्या साहू, प्रियंका, सपना यादव, नेहा नारंग, चंचल साहू, शिवानी मंडल, मंजू, कम्लेश्वरी यादव, पायल साहू, रेणुका चंद्राकर, बेन कुमारी यादव, वर्षा जंघेल, नेहा चौधरी, प्रिया धनकर, नीता देवांगन, सत्यायादव रमा वर्मा, चमेली साहू आदि उपस्थित थे।

## असामाजिक तत्वों पर होंगी पुलिस की नजर

# होली उत्सव में मुखौटा, ऑयल व डीजे बैन अवैध शराब की गूंज, पेट्रोलिंग बढ़ाने पर जोर

पायनियर संवाददाता ➤ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



नगर में होलित्सव को लेकर शांति समिति की बैठक आहूत की गई। बैठक में असामाजिक तत्वों पर नजर रखने पेट्रोलिंग बढ़ाने पर जोर दिया गया। वहीं अवैध शराब पर जनप्रतिनिधियों के शिकायत को तवज्जो नही मिलने व वार्डवार अवैध शराब बिक्री होने सहित शराबखोरी को लेकर तीखी चर्चा भी हुई। वहीं परीक्षा के मद्देनजर डीजे बैन रखने पर सहमति बनाई गई। स्थानीय नगर पंचायत सभागार में एसडीएम की अध्यक्षता में आहुत बैठक में वार्डो में चौक चौराहों पर होलिका दहन स्थल पर पुलिसकर्मी की तैनाती, उत्सव दिवस चौक चैराहों पर तैनाती, शराबखोरी पर लगाम, शराब के नशे में वाहन चलाने पर कार्रवाई की सहमति बनाई गई। शराब दुकानो को 3 दिनों तक बंद रखने हेतु प्रस्ताव कलेक्टर को भेजने की मांग जनप्रतिनिधियों सहित गणमान्यजनों ने की है। इस दरम्यान पेयजल आपूर्ति को लेकर नगर पंचायत अध्यक्ष ने अफसरों एवं पत्रकारों से गहन चर्चा की। उक्त अवसर नपंअध्यक्ष अंजू त्रिपाठी, एसडीएम श्रीकान्त कोराम, एसडीओपी दिलीप सिसोदिया, तहसीलदार पीएल नाग, टीआई अवनीश श्रीवास व सीएमओ विनम्र जेमा, मंडल भाजपा अध्यक्ष दीना पटेल, पार्षद निर्मला मालेकर, सद्दाम खत्री, रफीक खत्री सहित पत्रकारगण एवं पार्षदगण शामिल हुए।

# होली पर जुमे की नमाज के समय में बदलाव, छ्ग वक्फ बोर्ड का बड़ा फैसला

**रायपुर।** उत्तर प्रदेश में होली और जुम्मे की नमाज को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने मस्जिदों में नमाज का समय दोपहर 2 से 3 बजे तक निर्धारित किया है। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड ने भी बड़ा निर्णय लेते हुए शुक्रवार को मस्जिदों में जुमे की नमाज के समय में बदलाव किया है। अब शुक्रवार को मस्जिदों में नमाज 2 से 3 बजे के बीच अदा की जाएगी। छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सलीम राज ने कहा कि मस्जिदों में जुमे की नमाज अब दोपहर 12 बजे के बजाय 2 से 3 बजे तक होगी। उन्होंने कहा, आपसी भाईचारा और सौहार्द्र बना रहे, इसलिए यह निर्णय लिया गया है। इसके लिए वक्फ बोर्ड का आदेश सभी मुतवल्लियों को भेज दिया गया है। वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सलीम राज ने चेतावनी दी कि आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा, अगर कोई मौलाना या मुतवल्ली जुमे की नमाज के बाद बिना मंजूरी के भाषण देता है, तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वक्फ बोर्ड का तर्क है कि कुछ मौलवियों के भाषण सामाजिक होते हैं, लेकिन कुछ विषय भड़काऊ भी हो सकते हैं, जिनका लोगों पर गलत प्रभाव पड़ता है।

# जनपद अध्यक्ष व उपाध्यक्ष ने किया कार्यभार ग्रहण



पायनियर संवाददाता ➤ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

जनपद पंचायत में नवनिर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यों का प्रथम सम्मिलन तथा कार्यभार ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान समारोह में नवनिर्वाचितों के परिचयात्मक बैठक के बाद वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों व नेताओं के द्वारा अध्यक्ष रंजीता पडौटी एवं उपाध्यक्ष मनीष साहू को इनके कक्ष में कार्यभार दिलाया। उक्त अवसर पर जिपंअध्यक्ष किरण वैष्णव, पुर्व जिपंअध्यक्ष दिनेश गाँधी, जिपंउपाध्यक्ष किरण साहू, भाजपा जिलाध्यक्ष कोमल राजपूत, नपंअध्यक्ष अंजू त्रिपाठी, उपाध्यक्ष रोहित गुप्ता व कपिल पडौटी के अलावा जनपद सदस्यगण रवि साहू, कुमान नेताम, रेशम साहू, सरिता साहू, अनिता पंचारी, रेशमा साहू, जया साहू, उमेश साहू, टूम्मन साहू तथा समस्त सदस्यगण एवं सीईओ रोशनी भगत टोप्पो सहित सरपंचगण उपस्थित थे।

# पहली बार जिला पंचायत में निर्विरोध चुनाव संपन्न अध्यक्ष सालिक साय और उपाध्यक्ष बने शौर्य जूदेव

## देर रात मंथन के बाद नाम पर बनी सहमति, भाजपा का कब्जा

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



जिला पंचायत जशपुर में पहली बार भारतीय जनता पार्टी ने अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद पर निर्विरोध कब्जा किया। अध्यक्ष के पद पर सालिक साय और उपाध्यक्ष पर शौर्य प्रताप सिंह जूदेव को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। पूरे निर्वाचन प्रक्रिया में कांग्रेस प्रतीकात्मक विरोध करने का प्रयास भी नहीं कर सकी। इससे पहले जिला पंचायत के अध्यक्ष पद को लेकर भाजपा में देर रात तक मंथन का दौर जारी रहा। काफी कशमकश के बाद सालिक साय के नाम पर जिला भाजपा ने मुहर लगाई। त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव में जिला पंचायत के 14 सदस्यों के लिए चुनाव संपन्न हुआ था। इसके परिणाम में भारतीय जनता पार्टी समर्थित सदस्यों ने 11 सीटो पर कब्जा जमा कर पूर्ण बहुमत प्राप्त कर लिया था। इससे जिला पंचायत के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद पर भाजपा का कब्जा होना तय माना जा रहा था। बुधवार की सुबह 11 बजे जिला पंचायत के सभागार में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद पर निर्वाचन की प्रक्रिया शुरू हुई। अध्यक्ष के लिए सालिक साय के नामांकन में प्रस्तावक के रूप में डीडीसी गेंदबिहारी ने और समर्थक के रूप में शांति भगत ने हस्ताक्षर किए,वहीं उपाध्यक्ष के लिए शौर्य प्रताप के नामाकंन में वेद प्रकाश भगत प्रस्तावक और अनिता सिंह ने समर्थक की भूमिका निभाई। निर्धारित समय तक कोई नामाकंन प्राप्त ना होने पर सालिक साय और शौर्य प्रताप सिंह जूदेव का निर्वाचित घोषित किया गया।

# जिला पंचायत मेका प्रथम सम्मेलन सम्पन्न

पायनियर संवाददाता ➤ बलरामपुर
www.dailypioneer.com



तृतीय कार्यकाल का प्रथम सम्मेलन जिला पंचायत अध्यक्ष हिरामुनी निकुंज की अध्यक्षता में आयोजित की गई जहा नवनिर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सभी सदस्यों ने कार्यभार ग्रहण कर जिले में नए कार्यकाल की आधिकारिक रूप से शुरुआत की। बैठक में जिला पंचायत उपाध्यक्ष धीरज सिंह देव एवं सदस्य गणों में सिद्धनाथ पैकरा, मुन्शी राम, रामप्रताप सिंह,बद्री यादव, रविप्रताप मरावी, अनुसुइया वर्मा, अनीता मरकाम, गीता पैकरा, अनार सिंह, संजीता, बेला कुशवाहा एवं साधना यादव उपस्थित रहे। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी नयनतारा सिंह तोमर ने सभी नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। बैठक में उप संचालक पंचायत स्टेला खलखो, लेखाधिकारी आराधना तिर्की सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहे। बैठक के दौरान पंचायत के आगामी विकास कार्यों और नीतियों पर चर्चा की गई,

# कलेक्टोरेट एवं जिला पंचायत में सजा रंग-बिरंगे हर्बल गुलाल का स्टॉल

- स्व सहायता समूहों की महिलाएं गुलाब, गेंदा, पलाश, पालक, चुकंदर से बना रहीं हर्बल गुलाल
- स्व सहायता समूहों की महिलाएं गुलाब, गेंदा, पलाश, पालक, चुकंदर से बना रहीं हर्बल गुलाल



पायनियर संवाददाता ➤ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) से जुड़ी स्व सहायता समूह की महिलाओं के द्वारा हर्बल गुलाल तैयार कर उसे कलेक्टोरेट व जिला पंचायत सहित ग्राम पंचायतो व जनपद पंचायतो में स्टॉल में लगाया जा रहा है। कलेक्टर ने कलेक्टोरेट कार्यालय परिसर में लगाये गये स्टॉल में स्व-सहायता समूहों की महिलाओं से हर्बल गुलाल खरीदी कर नागरिकों से अपील की है कि स्व-सहायता समूहों के द्वारा तैयार हर्बल गुलाल खरीदकर महिला समूहों का मनोबल बढ़ाएं। इसी प्रकार जनपद पंचायत अकलतरा में लगाये गये स्टॉल में जिला पंचायत अध्यक्ष सत्यलता आनंद मिरी ने स्व सहायता समूहों द्वारा तैयार किये गये हर्बल गुलाल खरीदा। इसके साथ विभिन्न जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारियों एवं आम नागरिकों ने भी गुलाल खरीदकर समूहों का उत्साह बढ़ाया। जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी गोकुल रावटे ने बताया कि जिले में स्व सहायता समूहों द्वारा हर्बल गुलाल तैयार किया जा रहा। यह गुलाल समूह की महिलाओं द्वारा गुलाब, गेंदा, चांदनी, रातरानी के फूल, टेशू के फूल सहित त्वचा को नुकसान नहीं पहुंचाने वाली पत्तियों सहित पालक, लाल भाजी का उपयोग करते हुए तैयार की जा रही है। जिसे स्व सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा ग्राम पंचायत के हाट बाजार से लेकर कलेक्टोरेट, जिला पंचायत, जनपद पंचायत में स्टॉल लगाकर हर्बल गुलाल की बिक्री की जा रही है। जिससे वे रसायनिक रंगों से होने वाली हानि से भी बचा रही हैं और स्वरोजगार को मजबूती बनाते हुए आगे बढ़ रही हैं। समूह की महिलाओं द्वारा लगाये गये स्टॉल पर पहुंचने वाले नागरिकों का कहना है कि इस बार की होली हर्बल गुलाल से खेलेंगे।

**गुलाब और चुकंदर से लाल, तो पालक से हरा गुलाल-** स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा हर्बल गुलाल का स्टाल लगाया गया। स्व सहायता समूह की महिलाओं ने बताया कि गुलाबी, हरा, नीला, आसमानी, संतरा सहित कई रंग के

# विश्व हिन्दू परिषद के जिला अध्यक्ष नियुक्त

**रामानुजगंज।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल का तीन दिवसीय प्रांतीय बैठक सिंधु भवन राजनांदगांव में आयोजित किया गया था जिसमे केंद्रीय मंत्री अजय बारीक सेवा विभाग एवं प्रांत मंत्री विभूति भूषण पांडे के अध्यक्षता में



सम्पन्न हुआ जिसमे पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश की टोली उपस्थित रही,प्रांत बैठक में बलरामपुर जिले के शैलेंद्र गुप्ता को विश्व हिंदू परिषद जिला बलरामपुर-रामानुजगंज के लिए जिला अध्यक्ष की ज़िम्मेदारी दी गई । साथ ही अभिषेक मिश्रा को विभाग सत्संग प्रमुख दुर्गा वाहिनी विभाग संयोजिका शकुंतला सिंह को बनाया गया गुप्ता ने प्रांत संगठन को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए छेत्र में संगठन कार्यविस्तार पर जोर देते हुए सेवा - सुरक्षा - संस्कार के भाव से समाज और सनातन हित पर कार्य करने का संकल्प लिया।

# सन्ना तहसील के 12 वीएलई को कारण बताओ नोटिस किया गया जारी

**जशपुरनगर।** अपर कलेक्टर प्रदीप कुमार साहू ने जिला जशपुर के सन्ना तहसील अंतर्गत 12 ग्रामों के वीएलई को कृषक पंजीयन कार्य में रूचि नहीं लेने एवं कृषक पंजीयन के कार्य में संतोषजनक प्रगति नहीं होने की वजह से कारण बताओं नोटिस जारी कर 02 दिवस के भीतर जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। जिनमें सन्ना तहसील के ग्राम लोरो के किविल साय, ग्राम मरंगी के अनिल यादव, ग्राम लरंगा के शिवनारायण यादव, ग्राम पंडरापाठ के उमेश साहू, ग्राम महुआ के मुकेश यादव, ग्राम महनई के उदय यादव, ग्राम कोपा के रामनारायण यादव, ग्राम कवई के अलताफ हुसैन, ग्राम खखरा के राजेश यादव, ग्राम डुमरकोना की लीलावती यादव, ग्राम बेड़ेकोना के गोलेन साय और ग्राम बहोरा, भादू के कृष्ण राम शामिल है।

# नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत ने हरी झंडी दिखाकर छत्तीसगढ़ सिख संगठन की निशुल्क यात्रा को किया रवाना

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ सिख संगठन द्वारा आयोजित हजूर साहिब नांदेड़ एवं गुरुद्वारा नानक झीरा बिदर की निशुल्क धार्मिक यात्रा 12 मार्च को रायपुर के स्टेशन रोड स्थित गुरुद्वारा से रवाना हुई। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने हरी झंडी दिखाकर यात्रा का शुभारंभ किया। जिला अध्यक्ष मोनू सलूजा ने बताया इस वर्ष यात्रा अपने 24वें वर्ष में प्रवेश कर चुकी है, जिसमें छत्तीसगढ़ के सिख, सिंधी एवं हिंदू श्रद्धालु शामिल हैं। लगभग 1200 संगत इस यात्रा का हिस्सा बनी है, जिसके लिए 13 बसें एवं 4 ट्रक की व्यवस्था की गई है। यात्रा का कार्यक्रम 12 मार्च रायपुर से रवाना होकर राजनांदगांव गुरुद्वारा में रात्रि विश्राम एवं लंगर का आयोजन 13 मार्च यात्रा यवतमाल होते हुए नांदेड़ पहुंचेंगे 14 मार्च नांदेड़ साहिब के ऐतिहासिक गुरुद्वारों के दर्शन, जिनमें गुरुद्वारा माता साहिब कौर, शिकार घाट, नानकसर, रतनगढ़, हिरा घाट, माल टेकरी एवं लंगर साहिब प्रमुख हैं 15 मार्च सचखंड हजूर साहिब में होला महल्ला का आयोजन होगा, जिसके बाद यात्रा बिदर रवाना होगी 16 मार्च संगत गुरुद्वारा नानक झीरा बिदर में आयोजित कीर्तन दरबार में शामिल होगी। इसी स्थल पर गुरु नानक देव जी ने टीले से पत्थर हटाकर मीठे जल का प्रवाह किया था 17 मार्चः यात्रा पुनः नांदेड़ लौटेगी और उसी दिन शाम 4:00 बजे रायपुर के लिए रवाना होगी 18 मार्च यात्रा सुबह रायपुर पहुंचेगी। इस यात्रा के प्रमुख सेवादार इस धार्मिक यात्रा का सफल संचालन करने वाले प्रमुख सेवादारों में जत्थेदार प्रदेश अध्यक्ष दलजीत सिंह चावला, हरपाल सिंह भामरा, गुरुचरन सिंह टैंक, गुरमुख सिंह होरा,अमरजीत सिंह चावला, राजेश चौबे,जस्सी सिंह,लवली अरोरा, तेजेंद्र सिंह सलूजा, गुरुभेज सिंह, सागर सिंह, आशु राजपाल,मुरली खेमलानी, राजविंदर सिंह खालसा, रोहित ,यसवंत सिंह,अरुण छावड़ा सहित भारी संख्या से समाज के प्रमुख और अन्य लोग शामिल हुए।

# राष्ट्रीय सदस्य निरूपम चकमा ने अनुसूचित जनजाति लोगों को शासन की सभी योजनाओं का लाभ देने के दिए निर्देश

## जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com




नई दिल्ली के राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य निरूपम चकमा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। उन्होंने जिले आदिवासी परिवारों और विशेष पिछड़ी जनजाति परिवारों की दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी ली और केन्द्र शासन और राज्य शासन के सभी योजनाओं का लाभ देने के निर्देश दिए हैं। इस अवसर पर कलेक्टर रोहित व्यास, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के निदेशक पी कल्याण रेड्डी, विशेष प्रतिवेदक राधाकांत त्रिपाठी, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के वरिष्ठ अन्वेषक आकाश त्रिपाठी, अन्वेषक सार्थक बंदूनी निज सहायक सुत्री परना चकमा अनुसूचित जनजाति आयोग के सचिव भुवाल सिंह, अनुसंधान सहायक ईश्वर साहू और जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे। राष्ट्रीय सदस्य निरूपम चकमा ने कलेक्टर से जिले की सामान्य जानकारी, आदिम जाति कल्याण विभाग, विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा एवं बिरहोर विकास प्राधिकरण, जिला कौशल विकास प्राधिकरण, कृषि विभाग, जल संसाधन विभाग, पशु चिकित्सालय, समाज कल्याण, क्रेडा विभाग, रेशम विभाग, मछली पालन विभाग, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, खेल गतिविधियों, रोजगार के पर्याप्त अवसर, महिलाओं और बच्चों को कुपोषण से दूर करने के सार्थक प्रयास सहित विभिन्न योजनाओं की विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जशपुर जिले में खेल की बहुत संभावना है और खेल मैदान को व्यवस्थित करने की आवश्यकता है। उन्होंने रौतिया समाज के सामाजिक आर्थिक और भौगोलिक पृष्ठ भूमि की भी जानकारी ली। कलेक्टर रोहित व्यास ने बताया कि जशपुर जिले में रौतिया समाज के लगभग 1 लाख 45 हजार 313 जनसंख्या है जिले में आदिम जाति विकास विभाग के अंतर्गत आश्रम छात्रावास की संख्या 202 है। प्रयास आवासीय विद्यालय, एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय संचालित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिले में विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा एवं बिरहोर जनजाति सदस्यों के लोग निवास करते हैं। पहाड़ी कोरवा के कुल 4 हजार 110 परिवार और बिरहोर जनजाति के 161 परिवार निवास करते हैं। जिले अनुसूचित जनजाति परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना, आधार कार्ड, जन-धन बैंक खाता, आयुष्मान कार्ड, सिकल सेल बिमारी की जांच व्यक्तिगत वन अधिकार पत्र, राशन कार्ड,पीएम किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड आदि योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है।


**CHHATTISGARH STATE POWER DISTRIBUTION CO. LTD.**

(A Government of Chhattisgarh Undertaking) (A successor company of CSEB) (CIN- U40108CT2003SGC015822) (GSTIN-22AADCC6047K1ZR)
OFFICE OF CHIEF ENGINEER (CIVIL-DISTRIBUTION)C-1 C-2, Power Companies campus, Dangania, Raipur (CG)- 492013
Phone No. : 0771-2574626 Website : www.cspdcl.co.in e-mail:cecivil.cspdcl@cspc.co.in

No. 04-03/ Civil-Distr/W/4573 Raipur, dtd.10-03-2025

**E-TENDER NOTICE**

Online bids are invited through CSPDCL e-bidding system (SAP SRM) from the eligible individuals contractors/firms on Percentage Rate above/below/ at par of CG PWD SOR building, Road & Bridge works (w.e.f. 01-01-2015) and Electrical & Mechanical works (w.e.f. 01-06-2020) with up-to-date all amendments and base rate for NSOR items for the following works :-

| S. N. | Tender Specification No. | RFX No. | Description | NIT value (Rs.) i/c GST | EMD (Rs.) | Cost Of tender fee (Rs.) i/c GST | Completion period (i/c Rainy season) | Due date & time for Submission of Bids | Due date of Technical opening & Time | Contractor's eligibility |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | CEC/D/ W/24-25 /64 | 81000 42003 | Construction of A-I type control room building and civil work (renovation/ upgradation of existing 33/11 KV S/s yard with levelling, metaling, stone masonary retaining wall, yard fencing and box culvert) at Bhanpuri under O&M Division Urla Raipur (C.G.) | 43.12 Lacs | Rs.43200/- | Rs.5000/- | 09(Nine) months | 20.03.25 Up to 13:00 Hrs. | 20.03.25 13:15 Hrs. onwards | A-III and above as per eligibility Criteria |
| 2 | CEC/D/ W/24-25 /65 | 81000 42006 | Repair and maintenance work of DC office, Control Room and strengthening of approach road at 33/11 KV S/s Arjunda under O&M Division, Durg. | 5.59 Lacs | Rs. 5600/- | Rs.2000/- | 03 (Three) months | 09.04.25 Up to 13:00 Hrs. | 09.04.25 13:15 Hrs. onwards | A-II and above as per eligibility Criteria |
| 3 | CEC/D/ W/24-25 /66 | 81000 42008 | Extension of toilet of Distribution Office and maintenance work for Distribution office and control room situated at 33/11 KV S/s Utai under O&M Dn Patan. | 5.23 Lacs | Rs. 5300/- | Rs.2000/- | 03 (Three) months | 09.04.25 Up to 13:00 Hrs. | 09.04.25 13:15 Hrs. onwards | A-II and above as per eligibility Criteria |
| 4 | CEC/D/ W/24-25 /67 | 81000 42009 | Construction of approach road at 33/11 KV S/s Dallirajhara under O&M Division Balod | 7.66 Lacs | Rs. 7700/- | Rs.2000/- | 03 (Three) months | 09.04.25 Up to 13:00 Hrs. | 09.04.25 13:15 Hrs. onwards | A-II and above as per eligibility Criteria |
| 5 | CEC/D/ W/24-25 /68 | 81000 42010 | Civil repair and maintenance work at D-type quarters (D-20 to D-27) situated at Gudhiyari Raipur. | 7.54 Lacs | Rs. 7600/- | Rs.2000/- | 03 (Three) months | 11.04.25 Up to 13:00 Hrs. | 11.04.25 13:15 Hrs. onwards | A-II and above as per eligibility Criteria |
| 6 | CEC/D/ W/24-25 /69 | 81000 42011 | Addition, Alternation & Extension of RDSS office shed for proper accommodation of office staff at Gudhiyari Raipur. | 32.80 Lacs | Rs. 32800/- | Rs.5000/- | 06 (Six) months | 11.04.25 Up to 13:00 Hrs. | 11.04.25 13:15 Hrs. onwards | A-III and above as per eligibility Criteria |
| 7 | CEC/D/ W/24-25 /70 | 81000 42012 | Construction of 1.50M high boundary wall with compound gate at company's premises Mana under O&M Division Atal Nagar Raipur. | 12.68 Lacs | Rs. 12700/- | Rs.2000/- | 03 (Three) months | 11.04.25 Up to 13:00 Hrs. | 11.04.25 13:15 Hrs. onwards | A-II and above as per eligibility Criteria |
| 8 | CEC/D/ W/24-25 /71 | 81000 42013 | Construction of CC road at 33/11 KV S/s Pailimeta under O&M Dn. Khairagarh CSPDCL | 7.94 Lacs | Rs. 8000/- | Rs.2000/- | 03 (Three) months | 15.04.25 Up to 13:00 Hrs. | 15.04.25 13:15 Hrs. onwards | A-II and above as per eligibility Criteria |
| 9 | CEC/D/ W/24-25 /72 | 81000 42014 | Construction of 1.50 M (225m long) High Boundary wall at Amlipara DC under O&M Dn. Khairagarh | 8.79 Lacs | Rs. 8800/- | Rs.2000/- | 03 (Three) months | 15.04.25 Up to 13:00 Hrs. | 15.04.25 13:15 Hrs. onwards | A-II and above as per eligibility Criteria |
| 10 | CEC/D/ W/24-25 /73 | 81000 42015 | Repair and maintenance of chain link mesh fencing for NC (11 to 12) & ND (1,2,3,4,5,6,7,8) quarter at 132 KV S/s Colony | 5.62 Lacs | Rs. 5700/- | Rs.2000/- | 03 (Three) months | 15.04.25 Up to 13:00 Hrs. | 15.04.25 13:15 Hrs. onwards | A-II and above as per eligibility Criteria |
| 11 | CEC/D/ W/24-25 /74 | 81000 42016 | Renovation of control room and DC office building at 33/11 KV S/s Bakawand under O&M Division Jagdalpur | 8.03 Lacs | Rs. 8100/- | Rs.2000/- | 03 (Three) months | 15.04.25 Up to 13:00 Hrs. | 15.04.25 13:15 Hrs. onwards | A-II and above as per eligibility Criteria |
| 12 | CEC/D/ W/24-25 /75 | 81000 42017 | Construction of cement concrete road (151m long) at 33/11 KV S/s Pharasgaon under O&M Dn. Kondagaon | 7.12 Lacs | Rs. 7200/- | Rs.2000/- | 03 (Three) months | 15.04.25 Up to 13:00 Hrs. | 15.04.25 13:15 Hrs. onwards | A-II and above as per eligibility Criteria |
| 13 | CEC/D/ W/24-25 /76 | 81000 42018 | Necessary repair and maintenance work of control room, yard and CC Road at 33/11 KV S/s Kutru under (O&M) Division Bijapur | 5.72 Lacs | Rs. 5800/- | Rs.2000/- | 03 (Three) months | 16.04.25 Up to 13:00 Hrs. | 16.04.25 13:15 Hrs. onwards | A-II and above as per eligibility Criteria |
| 14 | CEC/D/ W/24-25 /77 | 81000 42021 | Renovation of control room and DC office building at 33/11 KV S/s Bhanpuri under O&M Division Jagdalpur | 7.94 Lacs | Rs. 8000/- | Rs.2000/- | 03 (Three) months | 16.04.25 Up to 13:00 Hrs. | 16.04.25 13:15 Hrs. onwards | A-II and above as per eligibility Criteria |
| 15 | CEC/D/ W/24-25 /78 | 81000 42022 | Necessary repair and maintenance work of distribution Centre and control room at 33/11 KV S/s Bijapur under O&M Division Bijapur | 7.65 Lacs | Rs. 7700/- | Rs.2000/- | 03 (Three) months | 16.04.25 Up to 13:00 Hrs. | 16.04.25 13:15 Hrs. onwards | A-II and above as per eligibility Criteria |
| 16 | CEC/D/ W/24-25 /79 | 81000 42023 | Repair and maintenance work of EE(O&M) division office and control room at 33/11 KV S/s Narayanpur under O&M Division, Narayanpur | 7.48 Lacs | Rs. 7500/- | Rs.2000/- | 03 (Three) months | 16.04.25 Up to 13:00 Hrs. | 16.04.25 13:15 Hrs. onwards | A-II and above as per eligibility Criteria |
| 17 | CEC/D/ W/24-25 /80 | 81000 42025 | Construction of AE Sub Division Office building at Ambikapur Rural (Keshavpur) under O&M Dn. Ambikapur | 25.26 Lacs | Rs. 25300/- | Rs.5000/- | 09 (Nine) months | 16.04.25 Up to 13:00 Hrs. | 16.04.25 13:15 Hrs. onwards | A-III and above as per eligibility Criteria |

नोट – कुल सरल कमांक 01 से 17 तक प्रकाशन हेतु।
1. उक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाइट www. Cspdcl.co.in से भी डाउनलोड की जा सकती है।2. शुद्धिपत्र/निरस्तीकरण/समयवृद्धि की जानकारी कंपनी के ऊपर उल्लेखित वेबसाईट एवं कार्यालय के सूचनापटल पर देखी जा सकती है।

मुख्य अभियंता (सिविल–डिस्ट्रीब्यूशन)
छ.स्टे.पॉ.डिस्ट्री.कं.लिमि.,रायपुर

SAVE ELECTRICITY
Samvad-43208/3

## मुख्यमंत्री ने किया 'बस्तर पंडुम 2025' का लोगो अनावरण

# बस्तर में शांति स्थापित करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा बस्तर पंडुम : मुख्यमंत्री विष्णु देव साय

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com




बस्तर के लोग जीवन का हर पल उत्सव की तरह जीते हैं और अपनी खुशी की अभिव्यक्ति के लिए उनके पास समृद्ध सांस्कृतिक विरासत है। बस्तर में शांति स्थापना के लिए हम तेजी से अपने कदम बढ़ा रहे हैं और बस्तर पंडुम के माध्यम से बस्तर के लोकजीवन और लोकसंस्कृति को सहेजने के साथ ही उनकी उत्सवधर्मिता में हम सहभागी बनेंगे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने विधानसभा परिसर स्थित समिति कक्ष में मांदर की थाप पर नाचते कलाकारों की मौजूदगी में बस्तर पंडुम 2025 के लोगो का अनावरण किया और यह बातें कही। उन्होंने बस्तर पंडुम के सफल आयोजन के लिए अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह आयोजन सांस्कृतिक विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाने के साथ ही बस्तर के प्रतिभाशाली कलाकारों को सशक्त मंच प्रदान करेगा। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने बस्तर पंडुम के बुकलेट का विमोचन किया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि हमारी सरकार बनने के बाद बस्तर का विकास और वहां के लोगों को मुख्य धारा से जोड़ना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता में शामिल रहा है। बस्तर को माओवाद से मुक्त करने की दिशा में हमने तेजी से अपने कदम बढ़ाए हैं। उन्होंने कहा कि बस्तर ओलंपिक और हाल ही में आयोजित अबूझमाड़ पीस हॉफ मैराथन में भी बस्तर वासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया है। यह दर्शाता है कि बस्तर वासियों का विश्वास लगातार शासन के प्रति बढ़ा है और वे क्षेत्र में शांति और अमन-चैन चाहते हैं। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि हमने बजट में नक्सली हिंसा से ग्रसित रहे पुवर्ती गांव में भी अस्पताल खोलने का बड़ा निर्णय लिया है। नियद नेल्ला नार योजना के माध्यम से हम बस्तर वासियों के मूलभूत जरूरत को तेजी से पूरा कर रहें हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि बस्तर के लोग अपनी सादगी के लिए जाने जाते हैं और हर मौके को अपने खास अंदाज में सेलिब्रेट करते हैं । बस्तर पंडुम के माध्यम से बस्तर के असल जीवन को और करीब से देखा जा सकेगा। उन्होंने कहा कि बस्तर पंडुम में नृत्य, गीत, लोककला, लोकसंस्कृति, नाट्य, शिल्प, रीति-रिवाज, परंपरा और व्यंजन सहित विभिन्न 7 विधाओं में प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी। सीएम साय ने कहा कि बस्तर में खुशहाली हो, लोग भयमुक्त होकर अपने अंदाज में जिये और उन्हें शासन की सभी सुविधाओं का लाभ मिले। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री अरूण साव, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, वन मंत्री केदार कश्यप, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, विधायक किरण देव, विधायक लता उसेंडी, विधायक विनायक गोयल, संस्कृति विभाग के सचिव अन्बलगन पी. और संचालक संस्कृति विवेक आचार्य मौजूद रहे।

### बस्तर की पहचान को दर्शा रहा है बस्तर पंडुम का लोगो

बस्तर पंडुम के लोगो में बस्तर के लोकजीवन को जीवंत रूप में प्रदर्शित किया गया है और यह उनकी सांस्कृतिक पहचान से गहरे से जुड़ा हुआ है। बस्तर के विरासत को बहुत ही कलात्मक ढंग से दिखाने का प्रयास इसमें किया गया है। बस्तर पंडुम गोंडी का शब्द है जिसका अर्थ है बस्तर का उत्सव। प्रतीक चिन्ह में बस्तर की जीवनरेखा इंद्रावती नदी, चित्रकूट जलप्रपात, छत्तीसगढ़ का राजकीय पशु वनभैंसा, राजकीय पक्षी पहाड़ी मैना, बायसन हॉर्न मुकुट, तुरही, ढोल, सल्फी और ताड़ी के पेड़ को शामिल गया है। इस प्रतीक चिन्ह के माध्यम से सरल, सहज और उम्मीदों से भरे अद्वितीय बस्तर को आसानी से जाना और समझा जा सकता है।

# होली के अवसर पर अम्बेडकर अस्पताल में 24 घंटे जारी रहेगी आपात चिकित्सा सेवा

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com




स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल के दिशा-निर्देश पर होली के त्योहार को ध्यान में रखते हुए अम्बेडकर अस्पताल की चिकित्सा व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने की व्यवस्था की गई है। अस्पताल अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर ने डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ, पैरामेडिकल स्टाफ और अन्य संबंधित विभागों को अलर्ट मोड में रहने के लिए निर्देशित किया है। होली के दौरान किसी भी प्रकार की दुर्घटना या आपातकालीन चिकित्सा स्थिति के संभावित मामलों को देखते हुए आपात चिकित्सा सेवाओं को चौबीसों घंटे चालू रखने के निर्देश दिए गए हैं। होली के दिन 14 मार्च को शासकीय अवकाश होने के कारण ओपीडी (बाह्य रोगी विभाग) बंद रहेगा, लेकिन इमरजेंसी सेवाएं पूर्ववत 24 घंटे उपलब्ध रहेंगी। आपातकालीन वार्डों में जीवन रक्षक दवाओं और आवश्यक संसाधनों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। मेडिकल स्टाफ को अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि जरूरत पड़ने पर तत्काल सहायता दी जा सके। सभी डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ को इमरजेंसी ड्यूटी के लिए तैयार रहने का निर्देश दिया गया है। मरीजों को समय पर इलाज मिल सके, इसके लिए ट्रॉमा और इमरजेंसी यूनिट को विशेष रूप से सशक्त किया गया है। अस्पताल परिसर में किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोकने के लिए सुरक्षा गार्ड और बंदूकधारी गार्ड तैनात किए गए हैं। सिक्योरिटी सुपरवाइजर को विशेष सतर्कता बरतने और सुरक्षा स्टाफ को चौकसी बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। आपात स्थिति में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्थानीय पुलिस से समन्वय किया गया है। गंभीर मरीजों को आवश्यकतानुसार चिकित्सा सुविधा प्रदान करने के लिए डीकेएस अस्पताल स्थित सुपर स्पेश्यलिटी विभाग में भेजने की प्रक्रिया को तेज और सुगम बनाने के लिए अम्बेडकर अस्पताल से डीकेएस अस्पताल तक एम्बुलेंस सेवा 24 घंटे सक्रिय रहेगी। अस्पताल प्रशासन ने सभी नागरिकों से आग्रह किया है कि होली का त्योहार सावधानीपूर्वक मनाएं और किसी भी आकस्मिक चिकित्सा स्थिति में घबराए बिना अस्पताल की आपातकालीन सेवाओं का लाभ उठाएं।

# कार सवार युवकों से करोड़ों की नगदी बरामद

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



रायपुर पुलिस ने आमानाका थाना क्षेत्र में चेकिंग के दौरान एक कार से साढ़े चार करोड़ रुपये नकद बरामद किए हैं। कार सवार दोनों युवकों से पूछताछ जारी है, लेकिन उन्होंने अब तक कैश के स्रोत की जानकारी नहीं दी है। पुलिस ने दोनों को हिरासत में लेकर रकम जब्त कर ली है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने चेकिंग पॉइंट बनाकर कार को रोका। तलाशी लेने पर कार में छिपाकर रखा ढाई करोड़ रुपये नगद बरामद हुआ। प्रारंभिक पूछताछ में युवकों ने बताया कि यह रकम रायपुर से मुंबई ले जाई जा रही थी। उन्होंने कैश को कार में विशेष डेक बनाकर छिपा रखा था। पुलिस को संदेह है कि यह हवाला की रकम हो सकती है। होली त्यौहार को देखते हुए रायपुर पुलिस ने शहरभर में सघन चेकिंग अभियान चलाया है। इसी दौरान इस कार को रोका गया और भारी मात्रा में नकदी बरामद की गई। आजाद चौक सब डिवीजन के सीएसपी, आईपीएस अमन झा ने बताया कि पूछताछ में आरोपियों ने कैश के बारे में कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी है। पुलिस ने नगदी जब्त कर जांच शुरू कर दी है और आगे की कार्रवाई जारी है।

## नगर पालिक निगम बीरगांव के रांवाभाटा में कचरा से बायो गैस प्लांट लगाने का निर्णय : नंदलाल देवांगन



पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

बीरगांव नगर पालिक निगम के महापौर नंदलाल देवांगन ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि रायपुर नगर पालिक निगम द्वारा भारत पेट्रोलियम कंपनी के सहयोग से नगर पालिक निगम बीरगांव के रांवाभाटा में कचरा से बायो गैस प्लांट लगाने का निर्णय लिया गया है। रायपुर नगर पालिक निगम के इस निर्णय से आमजनता में अत्यंत आक्रोश व्याप्त है। स्थानीय जनप्रतिनिधि भी इस निर्णय के खिलाफ है। उन्होने आगे कहा कि बीरगांव में पहले से ही 24 घंटे कल-कारखानों एवं भारी वाहनों से निकला काला धुंआ इस तरह से फैला हुआ है कि स्वस्थ वायु में सांस लेना दूभर हो गया है ।



**रायपुर।** भारतीय रेलवे मजदूर संघ के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय महामंत्री संतोष कुमार पटेल एवं नवनिर्वाचित राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य तिरुमलेश का स्वागत रायपुर रेलवे स्टेशन में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मजदूर संघ के मंडल सचिव टाटा बाबु राव एवं समस्त बीआरएमएस के कार्यकर्ताओं एवं जिला बीएमएस के जिला महामंत्री परमेश्वर कन्नौजे एवं टीम द्वारा किया गया।

# बालको के 'उन्नति उत्सव' कार्यक्रम में उत्कृष्ट योगदान के लिए महिलाओं का सम्मान






पायनियर संवाददाता ➤ बालकोनगर
www.dailypioneer.com



वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने विश्व महिला दिवस-2025 के अवसर पर 'उन्नति परियोजना' के अंतर्गत 'उन्नति उत्सव' का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कोरबा की महापौर संजू देवी राजपूत तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में बालको लेडिज क्लब की अध्यक्ष मनीषा कुमार उपस्थित थी। उत्सव में 1,200 से अधिक स्व सहायता समूह की प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों एवं मुख्य अतिथि की उपस्थिति में उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए 16 लोगों को सम्मानित किया गया। इन सभी ने अपने योगदान से राष्ट्रीय और स्थानीय स्तर पर विशिष्ट पहचान बनाई है। उत्सव में जिला प्रशासन के सहयोग तथा बालको की सामुदायिक विकास परियोजनाओं के तहत 10 खाद्य और 2 आभूषण स्टॉल लगाए गए। इस मंच ने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को अपने व्यवसाय का विस्तार करने का अवसर प्रदान किया। मेहंदी लगाने एवं चाक की मदद से मिट्टी के बर्तन बनाने का स्टॉल, आंगतुकों के लिए मुख्य आकर्षण का केंद्र था। पारंपरिक शिल्प कला के प्रदर्शन के साथ महिलाओं एवं बच्चों के लिए इंटरैक्टिव खेल, सांप-सीढ़ी, तीरदांजी और रस्साकशी आदि शामिल था। इसमें उत्कृष्ट भागीदारी के लिए पुरस्कार भी दिए गए हैं। कोरबा की महापौर सभी महिलाओं से मिली और स्टॉलों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में महिलाओं ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दीं। वेदांता स्किल स्कूल की लड़कियों द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की थीम, 'तेजी से कार्रवाई करें' के अतंर्गत फ्लैश मॉब किया जो लैंगिक समानता और सशक्तिकरण के सम्मोहक संदेश पर आधारित था। छत्तीसगढ़ के कर्मा नृत्य तथा राजस्थानी नृत्य ने समावेशिता और सांस्कृतिक विविधता का संदेश देते हुए सभी का मनोरंजन किया।

उन्नति उत्सव कार्यक्रम यह सुनिश्चित करता है कि महिलाओं को वित्तीय स्वतंत्रता, आत्मनिर्भरता एवं अभिव्यक्ति का अवसर मिले। यह आयोजन समावेशी, आत्मनिर्भर और प्रगतिशील समाज के निर्माण के लिए बालको की अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है। पुरस्कृत महिलाओं ने महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में बालको के योगदान को उत्कृष्ट बताया। महिलाओं ने यह भी बताया कि बालको की मदद से उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव हुए हैं। खुद आत्मनिर्भर होकर वे परिवार की मदद करने में सक्षम हुई हैं। अनेक सामाजिक मिथकों और कुरीतियों को समाप्त करने में उनकी सक्रिय भागीदारी है। बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने उन्नति उत्सव की प्रशंसा करते हुए कहा कि हम सभी अपने समाज को सकारात्मक रूप से बदलने के लिए एकजुट हैं। महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए उन्हें अनेक अवसर बालको की परियोजना उन्नति के जरिए उपलब्ध कराए गए हैं। उन्होंने महिलाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वे स्वयं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाएं। इससे उन्हें समाज में अपनी स्वतंत्र पहचान स्थापित करने में मदद मिलेगी। सीईओ राजेश कुमार ने कहा कि महिलाएं अपने परिवार, समाज और देश को बुलंदियों पर ले जाने में अपना योगदान दें। बालको प्रबंधन महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए कटिबद्ध है। मुख्य अतिथि संजू देवी राजपूत ने सीएसआर में बालको के उल्लेखनीय प्रयास की सराहना करते हुए उन्नति परियोजना की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि यह पहल स्थायी आजीविका और सशक्तीकरण को बढ़ावा देने में सक्रिय भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा हमें स्व सहायता समूह की महिलाओं को सरकारी योजनाओं से जोड़ने के लिए जागरूक करना चाहिए। उन्नति पर विश्वास जताते हुए उन्होंने कहा कि महिलाओं की रचनात्मक भागीदारी से यह परियोजना नई ऊंचाइयों को छूएगी। उन्नति उत्सव में वेदांता स्किल स्कूल, मोर जल मोर माटी, नयी किरण, आरोग्य, उन्नति, प्रोजेक्ट कनेक्ट एवं नंद घर परियोजनाओं के स्टॉल भी शामिल थे। जहां पर बालको के सामुदायिक विकास की विस्तृत जानकारी दी जा रही थी। उत्सव में निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं दवाईयां भी दी गई। प्रोजेक्ट उन्नति का उद्देश्य महिलाओं को स्व सहायता समूह में शामिल करने और उन्हें सशक्त बनाने तथा उद्यमिता और स्थायी आजीविका के निर्माण के लिए उनकी क्षमताओं और कौशल को निखारने पर केंद्रित है। 534 से अधिक एसएचजी, जिनमें 5,800 से अधिक महिलाएं शामिल हैं, जो परियोजना के विभिन्न प्रशिक्षण से लाभान्वित हो रही हैं। माइक्रो एंटरप्राइज द्वारा फूड ट्रक 'उन्नति कैफे ऑन व्हील्स' और उना टी शॉप 'चाय बिहान' का कलेक्ट्रेट में संचालित किया जा रहा है। इन परियोजना के जरिए महिलाओं को अनेक गतिविधियों से जोड़ा गया है जो उन्हें आजीविका प्राप्त करने और आत्मनिर्भर बनने में सहायक बना। परियोजना का संचालन स्वयंसेवी संगठन जीपीआर स्ट्रैटेजीज एंड सोल्यूशंस के सहयोग से किया जा रहा है।




सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403